राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 343 लखनऊ,
सोमवार 04 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बाढ़ पीड़ितों की मसीहा बनी सरकार, 47 हजार से अधिक को दी राहत : स्वतंत्र देव 03

ब्लॉक परिसर से काटे गए हरे-भरे चौदह पेड़, केस दर्ज 04

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,01,500/ |
| 22 कैरेट | = | 93,050/ |
| 18 कैरेट | = | 76,140/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,13,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**समुद्री मछली के उत्पादन में गुजरात देश में दूसरे स्थान पर**

**गांधीनगर।** मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने तथा मछुआरों की आजीविका में सुधार के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने देश भर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू की है। इसके अंतर्गत मत्स्योद्योग के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को केंद्र में रखा गया है। गुजरात में वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक विभिन्न घटक परियोजनाओं के लिए भारत सरकार की ओर से कुल 897.54 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। वर्ष 2025-26 के लिए पीएमएमएसवाई के अंतर्गत गुजरात को 50 करोड़ की ग्रांट आवंटित की गई है। इससे भी राज्य में मत्स्य पालन की गतिविधियों को गति मिल रही है। प्रधानमंत्री देश में ब्लू इकोनॉमी विकसित करने पर जोर दे रहे हैं।

**ओडिशा-झारखंड सीमा पर नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक उड़ाया**

**भुवनेश्वर।** रविवार को एक विध्वंसक घटना में संदिग्ध नक्सलियों ने ओडिशा-झारखंड सीमा पर रेलवे ट्रैक को विस्फोट कर उड़ा दिया। माओवादियों द्वारा मनाए जा रहे 'शहीद सप्ताह' (28 जुलाई से 3 अगस्त) के अंतिम दिन यह घटना हुई । यह घटना झारखंड के करमपाड़ा और ओडिशा के रेंजेडा स्टेशन के बीच सरंडा वन क्षेत्र में हुई, जिससे इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही ठप हो गई। यह विस्फोट बिमलगढ़ रेलवे सेक्शन के अंतर्गत तड़के हुआ, जिससे रेलवे ट्रैक को भारी नुकसान पहुंचा। हालांकि, घटना के समय ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं थी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

**आर्मी ऑफिसर ने स्पाइसजेट कर्मचारियों को पीटा, टूटी हड्डी**

**श्रीनगर।** श्रीनगर हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां दिल्ली जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने एयरलाइन के चार कर्मचारियों पर बेरहमी से हमला कर दिया। इस हमले में कर्मचारियों को गंभीर चोटें आईं, जिनमें रीढ़ की हड्डी के टूटने और जबड़े में फ्रैक्चर जैसी गहरी चोटें शामिल हैं। स्पाइसजेट प्रवक्ता ने बताया कि यात्री ने कर्मचारियों पर लात-घूंसे से हमला किया। हमले की वजह से एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री ने उस पर बेहोश अवस्था में भी हमला जारी रखा।

**यूपी : ड्रोन उड़ाया तो लगेगा गैंगस्टर एक्ट और एनएसए**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में ड्रोन के जरिये दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम योगी के कार्यालय ने दो टूक चेतावनी दी है। ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून एनएसए भी लगाया जाएगा। कार्यालय की तरफसे जारी बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के ड्रोन चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव और डीजीपी को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# यूपी में तराई, पूर्वांचल समेत विभिन्न इलाकों में जमकर बरसे मेघा

**▸ तराई व आगरा मंडल के 15 जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में रविवार को तराई, पूर्वांचल समेत विभिन्न इलाकों में अच्छी बारिश देखने को मिली। तराई के कई जिलों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है।

लखीमपुर खीरी और भदोही में सर्वाधिक 120 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं चित्रकूट और प्रतापगढ़ में 110 मिमी, अलीगढ़ में 100 मिमी, वाराणसी, बलिया, प्रयागराज, मिर्जापुर में 90 मिमी बारिश हुई। रविवार की देर शाम गोंडा, बहराइच, सीतापुर, बाराबंकी में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। सोमवार के लिए प्रदेश के तराई और आगरा मंडल के 15 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 31 अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है और 64 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन अभी भी प्रदेश के तराई इलाकों की ओर है। सोमवार को तराई व आगरा क्षेत्र में भारी बारिश के आसार हैं।

**राजधानी में हुई इस सीजन की सबसे अच्छी बारिश**

राजधानी में रविवार को इस सीजन की सबसे अच्छी बारिश हुई। बीते शनिवार को हुई अच्छी बरसात के बाद रविवार को दिन भर चली मूसलाधार बारिश ने पूरे शहर को तर-ब-तर कर दिया। इसके असर से एक दिन में पारा 4.8 डिग्री लुढ़क गया। इतना ही नहीं दिन और रात के पारे में महज 1.3 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। लखनऊ के मलिहाबाद में सर्वाधिक 52.5 मिमी और अमौसी एअरपोर्ट पर 17.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। राजधानी में कुल औसत बारिश 34.7 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को भी लखनऊ में अच्छी बारिश के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बूंदाबांदी का यह सिलसिला सोमवार और मंगलवार को भी जारी रह सकता है। मंगलवार से बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। रविवार को अधिकतम तापमान 4.8 डिग्री की गिरवट के साथ 28.5 डिग्री सेल्सियस तो वहीं रात का तापमान 0.1 डिग्री की मामूली बढ़त के साथ 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**यहां है भारी बारिश का येलो अलर्ट**

संतकबीरनगर, बस्ती, महाराजगंज, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, जालौन व आसपास के इलाकों में।

**केरल के तटों पर पानी भरने की चेतावनी, पर्यटकों को समुद्र में न जाने की सलाह**

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र ने केरल के तटीय इलाकों में ऊंची लहरों के कारण पानी का स्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुये चेतावनी जारी की है। स्थानीय भाषा में इसे कल्लक्कडल के नाम से भी जाना जाता है जो शक्तिशाली समुद्री उफानों के कारण तटीय बाढ़ की घटना को संदर्भित करता है। यह अक्सर दूर के तूफानों से उत्पन्न होती है। समुद्र में दूर-दूर तक तेज हवाओं या तूफानों के कारण उत्पन्न ये लहरें लंबी दूरी तय करती हैं और तट पर पहुंचकर भारी बाढ़ और क्षति का कारण बन सकती हैं।

# नहर में कार गिरने से 11 की मौत

## पृथ्वी नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने निकले थे 15 लोग, चार लोग घायल, एक बच्ची लापता

**पीएम ने मृतक परिजनों को दो-दो लाख रुपए व घायलों को 50-50 हजार रुपये व सीएम योगी ने पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता का किया ऐलान**

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** गोंडा के थाना मोतीगंज के सीहागांव निवासी पहलाद के घर के परिवार आज सुबह अपने घर से पृथ्वी नाथ मंदिर में बोलेरो पर सवार होकर तकरीबन 15 लोग जलाभिषेक करने जा रहे थे, कि पारसराय के रेंहरा गांव के पास बोलोरो यूपी 32 क्यूडी 6834 अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई जिससे गाड़ी में सवार 15 लोग डूब गए ग्रामीणों के द्वारा गाड़ी का कांच तोड़कर किसी तरह से उसमें से चार लोगों को जिंदा बचा लिया गया तथा 11 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मोतीगंज के अंतर्गत ग्राम सभा सीहागांव के 1- बीना पत्नी प्रहलाद कसौधन 40 वर्ष ,2-काजल पुत्री प्रहलाद कसौधन उम्र 22 वर्ष, 3-महक उर्फ रिंकी पुत्री प्रहलाद 17 वर्ष 4-रामकरण गुप्ता पुत्र रामदेव 36 वर्ष 5-अनुसुईया पत्नी रामकरण 34 वर्ष 6-सौम्या पुत्री रामकरण 9 वर्ष,7-शुभ पुत्र रामकरण गुप्ता उम्र 7 वर्ष 8-दुर्गेश नंदिनी पत्नी राम रूप 35 वर्ष 9-अमित पुत्र राम रूप 14 वर्ष10-संजू पत्नी राम ललन वर्मा उम्र 26 11-अंजू उर्फ़ गुड़िया पुत्री राजित राम वर्मा उम्र 20 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई तथा चार घायलों में पिंकी पुत्री प्रहलाद कसौधन उम्र 19 वर्ष सत्यम पुत्र प्रहलाद कसौधन उम्र 14 वर्ष राम ललन पुत्र जग प्रसाद वर्मा उम्र 22 वर्ष चालक सीताशरण पुत्र परशुराम उम्र 32 वर्ष उक्त घायलों को जिला अस्पताल गोंडा में इलाज चल रहा है सूत्रों से पता चला है कि रचना पुत्री राम रूप उम्र लगभग 10 वर्ष अभी भी गायब है जिसकी तलाश जारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। घटना को संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने गहरा दुख व्यक्त किया। इस अपार दुख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की दिवंगत आत्माओं को श्री चरणों में स्थान देने की। इस दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के परिवार जनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर उनके समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है।



**मौके पर पहुंचे डीएम व एसपी, जताया शोक**

घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी एनडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की। जिलाधिकारी निरंजन ने घटना पर अपना दुख प्रकट करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। हादसे की सही वजह जानने के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ चल रही है।

**11 बोगस फर्म को जीएसटी का नोटिस, चल रही जांच**

**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ में राज्य वस्तु एवं सेवा कर यानि जीएसटी विभाग ने फर्जी फर्मों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने 11 बोगस फर्मों को नोटिस जारी किया है, जो लंबे समय से फर्जी पते पर टैक्स चोरी कर रही थीं। लखनऊ मुख्यालय के निर्देश पर जीएसटी अधिकारी फर्जी फर्मों की जांच में जुट गए हैं। अलीगढ़ में भी बड़े पैमाने पर जांच चल रही है। दो बोगस फर्मों को पकड़ा गया है, जिन्होंने फर्जी पते का इस्तेमाल करके 50 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी की है। इससे पहले विभाग ने ऐसे गिरोह का भी पर्दाफाश किया था, जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के पैन और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर फर्जी फर्म चला रहा था। इन फर्मों के जरिए एक करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन पकड़ा गया था, आयकर विभाग ने भी नोटिस जारी किया था। जीएसटी विशेष अनुसंधान शाखा की संयुक्त आयुक्त रश्मि सिंह के मुताबिक बोगस फर्मों को नोटिस भेजे गए हैं।

**पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मु से की मुलाकात**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब संसद का मानसून सत्र चल रहा है।

**चुनाव आयोग ने दो वोटर आईडी रखने के लिए तेजस्वी को जारी किया नोटिस**

**पटना।** बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव को दो अलग-अलग मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। आयोग का दावा है कि दो में से एक एपिक नंबर अस्तित्वहीन है।आयोग ने तेजस्वी से इस पर स्पष्टीकरण मांगा है। तेजस्वी यादव ने दावा किया था है कि बिहार की मतदाता सूची के प्रारूप में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी के अनुसार उन्होंने जो एपिक नंबर शेयर किया, वो रिकॉर्डस में नहीं है। चुनाव आयोग ने इस पर संज्ञान लेते हुए तेजस्वी यादव को नोटिस जारी किया और एपिक नंबर का विवरण मांगा है, ताकि इसकी जांच की जा सके। चुनाव आयोग ने नोटिस में कहा है कि आपकी ओर आपका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं होने की बात बताई गई। लेकिन जांच में पाया गया कि आपका नाम मतदान केन्द्र संख्या 204 के क्रम संख्या 416 पर अंकित है, जिसका एपिक नंबर है।

**रेल मंत्री ने भावनगर-अयोध्या ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

एजेंसी



**गांधीनगर।** गुजरात के भावनगर रेलवे स्टेशन से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को भावनगर से अयोध्या के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मांडविया, केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन बंबनिया सहित कई विधायकगण और स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश के पवित्र तीर्थधाम अयोध्या के लिए भावनगर से सीधी ट्रेन सेवा के शुभारंभ से हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने इस ट्रेन को गुजरात के रेलवे विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। रेल मंत्री ने कहा कि गुजरात के भावनगर और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों की मांग को पूरा करते हुए भारतीय रेलवे ने भावनगर और अयोध्या के बीच एक नई ट्रेन सेवा शुरू की है। यह नई ट्रेन सेवा यात्रियों, पर्यटकों तथा व्यवसाय और रोजगार के लिए यात्रा करने वालों के लिए अत्यंत सुविधाजनक होगी। इससे लोगों को विभिन्न स्थानों से जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन को गति मिलेगी, रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्रों का समग्र विकास होगा। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने उत्तर भारत के धार्मिक स्थलों से भावनगर की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। वहीं, निमुबेन बंबनिया ने भी इस ट्रेन को अपने संसदीय क्षेत्र और सौराष्ट्र के लिए एक आशीर्वाद बताया। यह ट्रेन संख्या 19201 भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट (साप्ताहिक) एक्सप्रेस की नियमित सेवा 11 अगस्त 2025 से शुरू होगी। यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार को दोपहर 13-50 बजे भावनगर टर्मिनस से रवाना होगी और अगले दिन शाम 18.30 बजे अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंचेगी।

**301 शहरों में हुई नीट-पीजी परीक्षा, दो लाख से ज्यादा अभ्यर्थी हुए शामिल**

**▸ संवेदनशील केंद्रों पर नकल रोकने के लिए 300 साइबर कमांडो थे तैनात**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रविवार को देशभर में 2,42,000 से अधिक उम्मीदवारों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) में हिस्सा लिया। यह परीक्षा स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की गई थी।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह परीक्षा एक ही पाली में 301 शहरों के 1,052 केंद्रों पर संपन्न हुई। उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर यह भारत की सबसे बड़ी एकल-पाली कंप्यूटर आधारित परीक्षा है। परीक्षा में किसी भी अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए एनबीईएमएस ने 2,200 से अधिक मेडिकल कॉलेजों और मान्यता प्राप्त अस्पतालों के संकाय सदस्यों को नियुक्त किया। साथ ही, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों से पत्राचार कर परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था, साइबर सुरक्षा और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। जिला प्रशासन और पुलिस से भी सहयोग लिया गया। साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए एनबीईएमएस ने गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) का सहयोग लिया। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए करीब 300 साइबर कमांडो तैनात किए गए।

**ग्रेनाइट खदान में चट्टानों के गिरने से छह की मौत**

**बापटला।** जिले की एक ग्रेनाइट खदान में रविवार सुबह अचानक चट्टानों के गिरने से छह मजदूरों की दबकर मौत हो गई। इस हादसे में दस मजदूर घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद चार शव बरामद किए जा चुके हैं लेकिन दो शव पत्थरों के नीचे फंसे हैं। जिन्हें निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने घायलों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। बताया गया कि बल्लीकुरवा गांव के निकट सत्यकृष्ण ग्रेनाइट खदान में 16 मज़दूर काम कर रहे थे। तभी अचानक एक खदान ढहने से वहां काम कर रहे कई मजदूर पत्थरों के नीचे दब गए। घटना की खबर मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। चट्टानों के नीचे दबकर छह मजदूरों की मौत हो गई।

**स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपा ने किया बजट का बंदरबांट : अखिलेश यादव**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार को चरम पर बताते हुए कहा है कि इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर बजट का जमकर बंदरबांट किया है।

उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ समेत भाजपा सरकार द्वारा घोषित स्मार्ट शहरों में जगह-जगह गड्ढे में जलभराव होने से लोगों का जनजीवन खतरे में है। नालों में गिर कर लोगों की मौंते हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 20 हजार करोड़ खर्च करने के बाद प्रयागवासियों को जलभराव की समस्या झेलना पड़ रहा है। सपा प्रमुख ने कहा कि स्मार्ट सिटी की संकल्पना पर पानी फेरने वाले भाजपाई अपनी नाव लेकर कहां गायब हो गये है? प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ की विस्फोटक स्थिति है। प्रयागराज से लेकर वाराणसी तक हजारों लोगों के घरों में पानी भरा है। बाढ़ से निपटने और बचाव तथा राहत के लिए सरकार की पहले से कोई तैयारी नहीं है।

**संबोधन** | **सीएम योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक में कहा**

# राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का आंदोलन है हर घर तिरंगा अभियान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक रविवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय संयोजक व सहसंयोजक, विधायक, एमएलसी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला संयोजक व सहसंयोजक, प्रदेश आईटी संयोजक, प्रदेश मीडिया प्रभारी व सहप्रभारी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का आयोजन नहीं, बल्कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का जनआंदोलन है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लगातार चौथी बार शुरू हुआ है और इसने राष्ट्र चेतना को सशक्त अभिव्यक्ति दी है। हर घर तिरंगा अभियान और हर हाथ में स्वदेशी उत्पाद का मंत्र, आत्मनिर्भर भारत की भावना को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान से जुड़कर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, उसके साथ सेल्फी लें, लोगों को इससे जोड़ें और ओडीओपी जैसे स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहन दें। यह भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करके ब्लैकमेल करने वालों को करारा उत्तर देने का सबसे सशक्त तरीका है। कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मालेगांव मामले में जैसे ही सत्य सामने आया, कांग्रेस की साजिशें बेनकाब हो गईं। जिन्होंने भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर देश की आस्था को कलंकित किया, उनका चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुष्प्रचार कर विपक्ष देशविरोधी ताकतों की ढाल बनने का कार्य कर रहा है।

**पुलिस विभाग में चयनित कर्मियों को सौंपा नियुक्ति पत्र**



लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 1494 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ। कार्यक्रम में सीएम के साथ प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना समेत के लोग मौजूद रहे। डीजीपी राजीव कृष्णा ने सीएम को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। 60244 सिपाहियों की भर्ती के बाद उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पुलिस के आधुनिकीकरण के प्रक्रिया के तहत दूरसंचार विंग में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा कराया था। इसके आधार पर सहायक परिचालकों और कर्मशाला कर्मचारियों का चयन किया गया है। जिन लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, उनमें 1314 सहायक परिचालक और 120 कर्मशाला कर्मचारी शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### हत्या प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**मितौली खीरी।** थाना मितौली क्षेत्र के ग्राम भीढारा में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में हत्या के प्रयास में नामजद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार एवं जसपाल सिंह की टीम ने ग्राम भीढारा निवासी गामा उर्फ गंगाराम पुत्र स्व. नेतराम, केदारी लाल पुत्र गामा उर्फ गंगाराम, तथा राकेश उर्फ गोलू पुत्र गामा को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों ने जमीनी विवाद के चलते जयपाल सिंह पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद घायल जयपाल सिंह को तत्काल मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देख उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वर्तमान में जयपाल सिंह की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### तमंचा, चाकू, शराब और वारंटी... पुलिस के हत्थे चढ़े पांच अपराधी

**मैगलगंज (खीरी)।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और अपराधियों पर लगाम कसने के क्रम में मैगलगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई कर सख्त संदेश दिया है। हालिया कार्रवाई में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचे, और दूसरे को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त चार लोगों को रंगे हाथों दबोच लिया गया, वहीं एक वांछित वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय के कार्यभार संभालने के बाद से क्षेत्र में लगातार अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण देखा जा रहा है। वे एक के बाद एक अपराध की कड़ियों को तोड़ते हुए अपराधियों के हौसले पस्त कर रहे हैं। क्षेत्रीय जनता भी उनके नेतृत्व में पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट और सुरक्षित महसूस कर रही है। प्रभारी निरीक्षक की सख्ती से जनता का पुलिस पर भरोसा और भी मज़बूत हुआ है, जिससे कानून-व्यवस्था को नया संबल मिला है।

### ब्यूटी पार्लर में दो पक्षों में विवाद मारपीट, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** नगर के अलीगंज रोड स्थित एक ब्यूटी पार्लर में रविवार को महिला ग्राहक और पार्लर संचालिका के बीच विवाद हो गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए गोला कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और एक पक्ष का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया है। रविवार सुबह एक महिला पार्लर में सौंदर्य सेवा लेने पहुंची थी। महिला का आरोप है कि पार्लर के अंदर आपत्तिजनक गतिविधियां चल रही थीं जिसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जातिसूचक शब्द कहे गए और चैन छीन ली गई। इसके अलावा, आरोप है कि पार्लर संचालिका ने अपनी पहचान छुपाकर लोगों को भ्रमित किया और धार्मिक भावना को भी ठेस पहुंचाई। वहीं, पार्लर संचालिका की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है कि संबंधित महिला द्वारा पूर्व में कराए गए कार्यों की राशि नहीं दी गई थी, इसके बावजूद पुनः सेवा की मांग की जा रही थी। संचालिका के अनुसार, जब उसने बकाया राशि मांगी तो विवाद हुआ, गाली-गलौज और हाथापाई की स्थिति बन गई। इस दौरान उसे चोटें भी आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए। जांच प्रारंभ कर दी है। संबंधित नानक चौकी प्रभारी योगेश कुमार के अनुसार, पार्लर संचालिका की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई थी जिसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है।

### पूर्व में हुये विवाद मामले में दूसरे पक्ष ने अभद्रता कर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** पूर्व में हुए विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने गांव के ही दूसरे व्यक्ति के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी शैलेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका पूर्व में गांव के ही संतोष कुमार के साथ विवाद हुआ था। इसी को लेकर वह उससे रंजिश मान बैठे और अक्सर उसके साथ विवाद करते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शनिवार की शाम वह गांव में जा रहा था। तभी संतोष ने रास्ते में रोककर अभद्रता शुरू कर दी। मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

### पड़ोसियों से विवाद करने पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** पड़ोसियों के साथ विवाद कर रहे व्यक्ति के खिलाफकोतवाली पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी नबाब सिंह शराब के नशे में पड़ोसी उमाकांत व अन्य लोगों के साथ गाली, गलौज व झगड़ा कर रहे थे। मना करने पर मारपीट पर आमादा थे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है।

### ठढ़ेश्वरी मंदिर से आल निकाली जायेगी कांवड़ यात्रा

**जालौन (उरई)।** सावन के चौथे सोमवार को तृतीय ठढ़ेश्वरी कांवर यात्रा चार अगस्त को निकाली जायेगी। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। दो वर्ष पूर्व से शुरू हुई ठढ़ेश्वरी कांवर यात्रा के आयोजक महेश ककईया ने बताया कि पिछली वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के चौथे सोमवार को ठढ़ेश्वरी कांवर यात्रा चार अगस्त दिन सोमवार को सुबह आठ बजे उरई मार्ग पर स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पैट्रोल पम्प से शुरू होगी। कांवर यात्रा मंदिर से देवनगर चौराहे से कोतवाली के सामने से काली माता मंदिर, कांजी हाउस से नगर पालिका के सामने से होते हुए महाकालेश्वर मंदिर चुर्खी बाल पहुंचेगी तथा जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा।

---

**चतुर्थ सोमवार पर छोटी काशी में प्रशासन अलर्ट**

# कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने व्यवस्थाओं की संभाली कमान

- डीएम, एसपी व एसडीएम भी मौके पर सक्रिय, नगर पालिका की लापरवाही उजागर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



श्रावण मास के चतुर्थ और अंतिम सोमवार पर छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकर्णनाथ श्रद्धा और आस्था के रंग में डूबा है। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित आमद को देखते हुए प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड में आ चुका है। इसी क्रम में लखनऊ मंडल की कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब स्वयं गोला पहुंचीं और संपूर्ण मेला क्षेत्र का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की कमान संभाली। कमिश्नर रोशन जैकब ने निरीक्षण के दौरान साफ शब्दों में कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वच्छता, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा इंतजामों में किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर पालिका को विशेष रूप से निर्देशित किया कि जलभराव, नाली सफाई और कूड़ा निस्तारण जैसे मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा और उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी लगातार मेला क्षेत्र में उपस्थित रहकर भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधन और सहायता केंद्रों की स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एसपी श्री शर्मा ने कहा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर संवेदनशील बिंदु पर फोर्स तैनात है। एसडीएम त्रिपाठी ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इस बात का विशेष ध्यान रहेगा। जहां वरिष्ठ अधिकारी सक्रियता के साथ मैदान में डटे हैं, वहीं नगर पालिका की निष्क्रियता लगातार आलोचना का कारण बन रही है। मेला क्षेत्र के कई हिस्सों में जलभराव और गंदगी के हालात जस के तस हैं। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

### महिला थाने में सुलह से सजे घर, चार जोड़े समझौते के बाद साथ लौटे

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा सिंह द्वारा पारिवारिक विवादों के निपटारे के लिए प्रभावी पहल की गई। काउंसलर कय्यूम ज़रवानी सहित काउंसलिंग टीम के सहयोग से कुल 07 मामलों में सुलह का प्रयास किया गया, जिनमें से 04 जोड़े आपसी सहमति से समझौते के बाद साथ विदा हुए। इन मामलों में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा एवं साझे निवास से जुड़ी समस्याएं प्रमुख थीं। तीन मामलों में पति-पत्नी के बीच गहरा मनमुटाव होने के कारण दोनों पक्षों की सहमति से उन्हें विचार हेतु समय दिया गया है। सुलह प्रक्रिया में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला आरक्षी सीता एवं महिला आरक्षी बबली पवार ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इस समन्वित प्रयास से कई परिवारों को टूटने से बचाया गया है।

### सीमा पर वन्यजीव तस्करी रोकने की मुहिम तेज, कार्यशाला का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर वन्यजीव तस्करी रोकने के उद्देश्य से भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट द्वारा लखीमपुर में एक महत्वपूर्ण बहु-एजेंसी कार्यशाला आयोजित की गई। अमेरिका के आईएनएल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में वन विभाग, न्यायपालिका और सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में तकनीकी सत्रों के दौरान अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 2022 में संशोधन, और प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. एच. राजा मोहन और एडीजे वीरेंद्र पांडे ने जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता और कानून की जानकारी को तस्करी रोकने का प्रमुख हथियार बताया। समापन सभी एजेंसियों के समन्वय और सशक्त कार्रवाई के संकल्प के साथ हुआ।

# सावन का अंतिम सोमवार, आज लगेगा भूतनाथ का मेला

- छोटी काशी में बोले बम की गूंज, उमड़ेगा आस्था का सैलाब
- जलभराव से जूझते श्रद्धालु, प्रशासन मुस्तैद लेकिन नगर पालिका की कार्यशैली सवालों के घेरे में

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सावन का महीना अपने अंतिम चरण पर है और उसके साथ ही भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा का महासागर एक बार फिर लहरें मारने को तैयार है। आज सावन का चौथा और अंतिम सोमवार है, और छोटी काशी कही जाने वाली गोला गोकर्णनाथ नगरी में एक बार फिर हर तरफ गूंजेंगे-बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारे। कांवड़ियों का जनसैलाब भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने को उमड़ पड़ा है।

शनिवार शाम से ही तैयारियों की हलचल शुरू हो गई थी। बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। रविवार रात से ही भोलेनाथ के भक्तों का सैलाब गोला गोकर्णनाथ की ओर बढ़ चला था। अनुमान है कि इस बार तीसरे सोमवार के मुकाबले और भी ज्यादा भीड़ उमड़ेगी-पिछले सोमवार को लगभग 5 लाख से अधिक कांवड़िए पहुंचे थे, और इस बार भूतनाथ मेले के कारण यह संख्या 6 लाख के पार जा सकती है। आज की इस विशाल धार्मिक श्रद्धा यात्रा को देखते हुए कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमचंद, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे क्षेत्र में चौकसी बनाए हुए हैं। हर प्रमुख चौराहे और मंदिर परिसर में पुलिस बल की तैनाती के साथ ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।

**श्रद्धा में अड़चन बना जलभराव, नगर पालिका की कार्यशैली पर उठे सवाल:** जहां एक ओर प्रशासन की मुस्तैदी सराहनीय है, वहीं गोला नगर पालिका की लापरवाही आस्था की इस विशाल यात्रा में बाधा बनकर उभर रही है। बीते कई वर्षों से जल निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है। वर्षा के कारण शिवमंदिर के आसपास और रास्तों में जलभराव हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी असुविधा हो रही है। गीले वस्त्रों में फिसलते हुए श्रद्धालु नगर पालिका की विफलता की मौन गवाही दे रही हैं।

### छोटी काशी का पौराणिक महत्व, श्रद्धालुओं की अटूट आस्था



गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन और पूजनीय है। मान्यता है कि यहां जल चढ़ाने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं और श्रद्धालु की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर के दूर-दराज़ गांवों से हजारों कांवड़िए नंगे पांव, सिर पर गंगाजल लिए हर-हर महादेव के स्वर में रमे हुए हैं। जल लाने के लिए श्रद्धालु विभिन्न घाटों से कांवड़ लेकर यहां पहुंचते हैं। शिवालय की सीढ़ियों पर कदम रखते ही उनके चेहरे पर संतोष और विश्वास की चमक दिखती है—मानो कह रहे हों कि आज महादेव ने हमारी सुन ली।

**भावनाओं से ओतप्रोत वातावरण, सुरक्षा और सेवा की है कसौटी:** श्रद्धा, सेवा और समर्पण का यह संगम एक परीक्षा भी है—प्रशासन के लिए, जनप्रतिनिधियों के लिए और विशेष रूप से नगर पालिका के लिए। जहां लाखों श्रद्धालु अटूट विश्वास लेकर पहुंचते हैं, वहीं जरूरी है कि व्यवस्था में भी अड़चन न आए।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने छात्रा को मारी टक्कर, मौके पर दर्दनाक मौत

**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र में लखीमपुर गोला मार्ग पर खजाँचीपुरवा गांव के पास सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस से सड़क किनारे खड़ी कक्षा पांच की छात्रा को टक्कर मार दी। टक्कर से बस के पहिया के नीचे दबने से छात्रा की मौत मौके पर हो गयी। पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाली बस को कब्जे में ले लिया है। खजांचीपुर्वा गांव निवासी लखपति वर्मा का मकान लखीमपुर गोला हाईवे मनिकापुर पुलिस पिकेट के पास है। वही पास में लखीमपुर गोला मार्ग पान पुड़िया की दुकान करते है। सड़क पर कांवड़ियों की भीड़ चल रही थी। लक्ष्मी देवी आयु 11 वर्ष अपने मकान के सामने खड़ी सड़क किनारे कांवड़ियों की भीड़ देख रही थी। इसी दौरान गोला की तरफ से आ रही बस ने जोरदार टक्कर मार दी। बस का पहिया सर को कुचलते हुए निकल गयी। जिससे छात्रा की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। पुलिस ने कोई बवाल न हो पाए इस कारण शव को बिना पंचायत नामा भरे लखीमपुर मोर्चरी भेजवा दिया था। मृतका के भाई करन वर्मा का आरोप है कि भीड़ भाड़ में जब तक कुछ हम लोग समझते तब तक यूपी 112 पुलिस आनन फानन में शव उठवा लिया। ग्रामीण देवेन्द्र वर्मा, आलोक वर्मा, उमाशंकर वर्मा, सूरज वर्मा, अमर सिंह वर्मा, रंजीत वर्मा का भी आरोप है कि कल सावन का आखरी सोमवार है। बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध होना चाहिए था जो नहीं किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया दुर्घटना कारित वाहन कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलते आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# सुक्खनपुरवा से बाबा लिलौटीनाथ धाम के लिए कांवड़ यात्रा रवाना

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सुक्खनपुरवा गांव से रविवार को बाबा लिलौटीनाथ धाम के लिए भव्य कांवड़ यात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ रवाना हुई। भगवा रंग में रंगे गांव का हर कोना ÷हर-हर महादेव÷ और ÷बोल बम÷ के जयकारों से गूंज उठा। महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में रंग-बिरंगी कांवड़ लिए, माथे पर चंदन, तन पर भगवा वस्त्र और मन में शिवभक्ति लिए पैदल यात्रा पर निकले। अमीर गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालु भक्ति में इस कदर लीन नजर आए कि पूरा वातावरण शिवमय हो गया। भक्ति गीतों की सुमधुर धुनों ने श्रद्धा का रंग और गहरा कर दिया। माता पार्वती, शुक्रदेव, शनिदेव और बाबा भोलेनाथ की भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं के साथ-साथ राहगीरों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। यात्रा में दिग्विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, सर्वेश यादव, कप्तान गिरी, जेपी वर्मा व अधिवक्ता राजू गिरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और यात्रा की सफलता व सकुशल वापसी की कामना की। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# प्रशासनिक बैठक में शामिल होने आए पत्रकार की साइकिल चोरी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



- साइकिल चोरी हुए एक माह पूर्ण, पुलिस कार्रवाई शून्य
- पत्रकार ने जताई साजिश की आशंका, धरना देने की चेतावनी

नगर के निवासी पत्रकार महेश पटवारी एक महीने से मानसिक पीड़ा और प्रशासनिक उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। घटना 2 जुलाई 2025 की है, जब सावन माह की तैयारियों को लेकर नगर में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। पत्रकार महेश पटवारी को भी इस बैठक में आमंत्रित किया गया था लेकिन बैठक के बाद जब वह बाहर निकले, तो देखा कि उनकी साइकिल घटनास्थल से गायब है। पत्रकार ने उसी दिन गोला गोकर्णनाथ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर अपनी समस्या से पुलिस को अवगत कराया था। अब पूरे एक माह बीत चुके हैं, किंतु अब तक न तो साइकिल बरामद हुई है, न ही मामले में कोई कार्रवाई शुरू की गई है। महेश पटवारी का कहना है कि यह केवल एक साधारण चोरी नहीं है, बल्कि एक पत्रकार की स्वतंत्रता, उसकी गति और उसके कार्य की बाधा है। उनका यह भी आरोप है कि हो सकता है यह सुनियोजित साजिश हो जिससे उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता को बाधित किया जा सके। उन्होंने कहा, ÷मैं अपनी साइकिल से तेजी से घटनास्थलों पर पहुंचकर खबरें संकलित करता था। आज एक महीना हो गया और पुलिस न तो साइकिल तलाश सकी, न ही किसी संदिग्ध से पूछताछ हुई। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या मेरी पत्रकारिता को रोकने की कोशिश हो रही है? आहत पत्रकार महेश पटवारी ने शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि आगामी दिनों में भी साइकिल बरामद नहीं की गई और कोई ठोस कार्यवाही प्रारंभ नहीं हुई, तो वे सदर चौराहे पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

फिलहाल गोला पुलिस की लंबी उदासीनता के बाद मामले से संबंधित उच्च अधिकारियों को सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी दे दी गई जिसके बाद जांच गोला क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है।

# शिव अवतारों का उद्देश्य केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करना



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर के ऐतिहासिक एवं श्रद्धा का केंद्र बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर प्रांगण में चल रही दस दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा शनिवार को अपने षष्ठम दिवस में प्रवेश कर गई। शिव तत्व, उनके अवतारों की गूढ़ता और अर्धनारीश्वर जैसे दार्शनिक अवधारणाओं पर आधारित यह दिवस श्रद्धालुओं के लिए न केवल धार्मिक अनुभव, बल्कि आत्मिक जागरण का माध्यम बन गया। कथावाचक आचार्य बृजलाल मिश्र जी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं आध्यात्मिक शैली में शिव तत्व के रहस्यों को श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि नैमिषारण्य में जब शौनक आदि ऋषियों ने सूतजी से भगवान शिव के अवतारों के विषय में जिज्ञासा प्रकट की, तो सूतजी ने शिव के आठ प्रमुख अवतारों का वर्णन किया, जो इस प्रकार हैं सद्योजात-ब्रह्मा के अहंकार का विनाश करने वाले, वामदेव-सौंदर्य व करुणा के प्रतीक, अघोर-भय और मृत्यु के पार का ज्ञान देने वाले, तत्पुरुष-ध्यान और समाधि के मार्गदर्शक, ईशान-ज्ञान और संगीत के ईश्वर, वीरभद्र-शिव का रौद्र रूप जो दक्ष यज्ञ विध्वंस हेतु प्रकट हुए, भैरव-मर्यादा और नियंत्रण का प्रतीक, हनुमान-शिवांश अवतार, भक्ति, सेवा और बल का स्वरूप। आचार्य ने बताया कि इन अवतारों का उद्देश्य केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करना रहा है। कथा के विशिष्ट खंड में अर्धनारीश्वर रूप का भावपूर्ण वर्णन हुआ। इस दिव्य आयोजन का संयोजन बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर सेवा समिति, उतरौला द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मयंक गिरि, त्रिपुरारी गिरि, अर्पित गुप्ता, मोनू गुप्ता समेत कई समर्पित सदस्य तन-मन-धन से सेवा में जुटे हैं।

# उतरौला की बेटी आस्था पाण्डेय का एचपीसीएल में अधिकारी पद पर चयन



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र के रमवापुर खुर्द गांव की बेटी आस्था पाण्डेय ने अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) में उनका चयन अधिकारी (Officer - Engineering) पद के लिए हुआ है। आस्था वर्तमान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कालीकट (NIT Calicut) की छात्रा हैं। आस्था ने HPCL द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के चौथे और अंतिम चरण (तकनीकी साक्षात्कार) में सफलता प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन की सूचना मिलते ही पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। आस्था के पिता चंद्र प्रकाश पाण्डेय, जो रमवापुर खुर्द गांव के निवासी हैं, ने बताया कि बचपन से ही आस्था पढ़ाई में मेधावी रही है जिसे उसने मेहनत और लगन से पूरा कर दिखाया। गांव की महिलाओं और युवाओं में भी इस खबर को लेकर खास उत्साह देखा गया। लोगों ने कहा कि आस्था ने यह सिद्ध कर दिया कि बेटियां अवसर मिले तो हर मुकाम हासिल कर सकती हैं। यह सिर्फ हमारे परिवार की नहीं, पूरे गांव की उपलब्धि है। मेरी बेटी ने यह साबित कर दिया कि बेटियों को अगर प्रोत्साहन और शिक्षा मिले तो वे आसमान छू सकती हैं।

# रासायनिक उर्वरकों से छुटकारा, नैनो तकनीक से समृद्धि की राह

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार को सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गन्ना विकास समिति बलरामपुर के पूर्व चेयरमैन आनंद सिंह, गन्ना परिषद संस्थान राजनपुर के पूर्व सहायक निदेशक एस.पी. शुक्ला इफको लखनऊ से एस.के वर्मा (उप- महा प्रबंधक ) इफको एम-सी से श्री हर्षित रंजन, क्षेत्राधिकारी इफको बलरामपुर गौरव शर्मा सहित कार्यक्रम में लगभग 50 लोगों ने भाग लिया। एस.के वर्मा सर ने अपने संबोधन में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी सागरिका एवं अन्य उत्पाद के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा बताया कि दानेदार यूरिया के प्रयोग से मानव स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण तरह-तरह की बीमारी हो रही है अगर जल, मृदा एवं वातावरण को सुरक्षित रखना है तो दानेदार यूरिया दानेदार डीएपी का उपयोग कम कर उसके स्थान पर नैनो यूरिया नैनो डीएपी का प्रयोग करें जिससे किसानों में लागत कम होगी तथा उपज अधिक होगी। इफको एम-सी से हर्षित रंजन ने फसलों में लगने वाले कीड़े मकोड़े की रोकथाम हेतु खरपतवारनाशी, कीटनाशक के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुख्य अतिथि आनंद सिंह ने अपने संबोधन नैनो यूरिया नैनो डीएपी एवं इफको के अन्य उत्पाद उपयोग करवाने की सलाह दी। गौरव शर्मा क्षेत्राधिकारी ने इफको जल विलेय उर्वरको के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जनपद में सभी सहकारी समितियों एवं खुदरा उर्वरक केंद्रों पर है पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- कृषक बंधुओं की उर्वरक संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के लिए जनपद स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

खरीफ फसल सीज़न में कृषकों को सुलभ , पर्याप्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाने के शासन के दिशा निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्तर पर सघन निगरानी करते हुए कृषकों को पर्याप्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद की सभी सहकारी समितियों एवं खुदरा उर्वरक केंद्रों पर यूरिया एवं अन्य उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में सभी 66 खुदरा उर्वरक दुकानों पर 1356.483 मै0 टन यूरिया स्टॉक उपलब्ध हैं। सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को प्रातः 09 बजे से प्रतिष्ठान खोलकर विभाग द्वारा आवंटित अधिकारी / कर्मचारियों की सहायता से कृषकों को निर्धारित मूल्य पर सुलभ रूप से उर्वरक उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद की सभी 53 सहकारी समितियों पर 600.210 मै0 टन0 यूरिया स्टॉक की उपलब्धता हैं। कृषक भाइयों की उर्वरक संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत एवं समस्या के निस्तारण के लिए विकासखंड स्तर एवं जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। विकास खंड स्तर पर विकासखंड पचपेड़वा में नं. - 9984436980, 8787090163, 9984533864 विकासखंड गैसड़ी में नं. - 97954771690, 7800575757, 9919989898, विकासखंड हरैया सतघरवा में न0 - 9670616272, 80099394815, विकासखंड रेहरा बाजार में नं. - 9451929794, 7704041316, विकासखंड गैंडास बुजुर्ग नं. - 9565056183 ,943920865, विकासखंड श्रीदत्तगंज में नं. - 9140598194, 7317781282, विकासखंड तुलसीपुर न0 - 9451346965, 7985782527, विकासखंड उतरौला में नं. - 9792244668, 7233885400, विकासखंड बलरामपुर में नं. - 8989850076, 9839361875 पर उर्वरक संबंधी शिकायत एवं समस्या को दर्ज कराया जा सकता है। जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम प्रभारी उप निदेशक के मोबाइल नंबर - 9984797784, सहायक प्रभारी कृषि जिला कृषि अधिकारी के नंबर - 9412302357 पर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

# एसजीपीजीआई में प्रदेश की पहली पूर्ण स्वचालित लैब शुरू

**रिपोर्ट के लिए इंतजार होगा खत्म**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में प्रदेश की पहली पूर्ण स्वचालित लैब स्थापित की गयी है। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो.आर.के.धीमान ने रविवार को स्वचालित लैब का उद्घाटन किया।

एसजीपीजीआई में इसे तेज और अधिक सटीक रोगी देखभाल की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। स्वचालित लैब से, खासकर उन मरीज़ों के लिए जिन्हें तत्काल देखभाल की आवश्यकता है, रिपोर्ट मिल जायेगी। इस नई उच्च-तकनीकी प्रणाली के साथ, एसजीपीजीआई देश भर के उन गिने-चुने अस्पतालों में शुमार हो गया है जहां इतनी उन्नत प्रयोगशालाएं संचालित हैं। नई उन्नत प्रयोगशाला टोटल लैब ऑटोमेशन की ओर से संचालित है, यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है जिसे प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में वैश्विक अग्रणी, बेकमैन कूल्टर ने विकसित किया है। यह स्मार्ट सेटअप प्रति घंटे 4,000 से ज़्यादा परीक्षण कर सकता है, जिसमें नियमित रक्त परीक्षणों से लेकर अत्यधिक विशिष्ट निदान तक, सब कुछ शामिल हैं। पहले लैब तकनीशियनों को नमूने खुद तैयार करने, उन्हें छांटने और परीक्षण करने पड़ते थे। यह एक समय लेने वाली प्रक्रिया थी, जिसमें त्रुटियां हो सकती थी। अब यह अधिकांश काम रोबोट और मशीनों द्वारा किया जाता है, जिससे अधिक सटीकता के साथ शीघ्र परिणाम सुनिश्चित होते हैं।



**अपग्रेडेशन का उद्देश्य रोगी देखभाल में सुधार लाना : निदेशक**

एसजीपीजीआई के निदेशक पद्मश्री प्रो. आर.के. धीमन के अनुसार, इस अपग्रेडेशन का उद्देश्य रोगी देखभाल में सुधार लाना है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे रोगियों को सही समय पर सही निदान मिले। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज जैन ने बताया कि यह उत्तर प्रदेश की पहली और भारत की सबसे उन्नत प्रयोगशालाओं में से एक है। उन्होंने इस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए प्रयोगशाला के प्रभारी डॉ. राघवेंद्र की प्रशंसा की। प्रो. जैन ने कहा कि फ्यह सिर्फ़ लैब का अपग्रेडेशन नहीं है, बल्कि यह आधुनिक चिकित्सा पद्धति में हमारे बदलाव का प्रतीक है। हमारी लैब अब ज़्यादा तेज़, सुरक्षित व स्मार्ट है और हमारे मरीज़ ही सबसे बड़े विजेता हैं। यह नया लैब ऑटोमेशन उत्तर प्रदेश और उसके बाहर के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में संस्थान का महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन आठ को, सीएम योगी आदित्यनाथ होंगे शामिल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नौनिहालों और युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करने और आजादी के इतिहास की जानकारी देने के उद्देश्य सेराज्य सरकार विगत 8 वर्ष से लगातार आयोजन कर रही है।

इसी क्रम में अगस्त 2024 में शुरू हुआ काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह 8 अगस्त को शहीद स्मारक काकोरी पर होगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर संस्कृति विभाग लगातार भारत मां के रणबांकुरों, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जन्मदिवस व बलिदान दिवस पर अनेक कार्यक्रम करता आ रहा है। जिसमें सभी विभागों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, स्कूलों, एकेडमी, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग रहा। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत अगस्त 2024 से कार्यक्रम हो रहे हैं। शताब्दी समारोह का अब 8 अगस्त को समापन होना है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 9 अगस्त 2024 से शुरू हुए काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का 8 अगस्त 2025 (शुक्रवार) को समापन होगा। यह कार्यक्रम शहीद स्मारक काकोरी में होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान भी किया जाएगा। सैनिकों, अर्धसैनिक बलों, पुलिस कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों को आमंत्रित कर तिरंगा राखी बांधने के साथ ही राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत अनेक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। कार्यक्रम का सभी जनपदों में लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। इसमें काकोरी के कार्यक्रम भी प्रसारित होंगे। जनभागीदारी से पूरे प्रदेश में होंगे कार्यक्रमकाकोरी के साथ ही इस दिन पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर संस्कृति विभाग ने तैयारी भी कर ली है।

## खबरें एक नजर में

### ईदगाह में नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से हमवार होती है। खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर इन्सान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए अंजाम देना चाहिए। यह कार्य न सिर्फ मानवता की तामीर व तरक्की का कारण बल्कि इस नेक कार्य से व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार पैदा होता है। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया फरंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया, मेदान्ता हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फरंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मांसिक नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जरूरत मन्दों और गरीबों की सहायता व सहयोग करना इस्लाम की शिक्षा व हिदायत पर अमल करना है। समाज सेवा जैसे नेक काम के नमूने हमको रसूले पाक सल्ल0 की सीरत और साहाबा रजि0 के हालात में बहुत मिलते हैं। मौलाना ने कहा कि इस्लामिक सेन्टर के अर्न्तगत इस नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आरम्भ मौलाना अबू तैय्यब अहमद मियॉं फरंगी महली की सरपरस्ती में सन् 2000 में हुआ था। आज 189वॉं कैम्प था। यह हर महीने की पहली इतवार को लगता है।

### अंबेडकर तीर्थ-स्थल यात्रा योजना शुरू की जाए : रालोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'अंबेडकर तीर्थ-स्थल यात्रा योजना' प्रारम्भ करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि योजना अंतर्गत लोगों को नि:शुल्क बाबा साहब के जीवन से जुड़े पंचतीर्थ की यात्रा का आयोजन कराया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश से इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत देश को दिशा दिखाएगी।

### आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेला कल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई लखनऊ में 5 अगस्त को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं, जो विभिन्न पदों पर चयन के लिए युवाओं को अवसर प्रदान करेंगी। आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में वैकमेट इंडिया लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड, बी-एबिल फाउंडेशन डॉ पैथ लैब और श्रीराम लाइफइंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग ले रही हैं। आईटीआई अलीगंज के प्लेसमेंट अधिकारी एम. ए. खान ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में निर्धारित तिथि पर प्रात: समय से पहुँचें तथा अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रतिभाग करें। यह प्लेसमेंट ड्राइव युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### गोमती ग्रीन परिसर में विश्व गायत्री परिवार ने लगाए 300 पौधें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गोमती नगर विस्तार स्थित गोमती ग्रीन परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोमती नगर गायत्री शक्तिपीठ और अन्य क्षेत्रों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने समाज को प्रकृति के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान परिसर सुखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार और गायत्री मंत्र से गूंज उठा। यह कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ गोमती नगर के ट्रस्टी एवं उपजोन सह समन्वयक लखनऊ सुरेंद्र सिंह की पहल पर आयोजित किया गया। उन्होंने वन विभाग से 300 पौधे प्राप्त किए और स्थान चिह्नित कर पौधरोपण कराया। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी शिव शंकर मिश्र, आंदोलन समिति के प्रमुख विकास रंजन, रजत कुमार, संदीप योगी, अजय प्रताप सिंह उपस्थित थे। संगठन समिति के प्रमुख जेएन श्रीवास्तव, निष्ठा रस्तोगी, परिव्राजक विवेक कुमार और अन्य स्वयंसेवक भी मौजूद रहे। सभी ने अपने हाथों से पौधरोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र को प्रथम रैंक



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कक्षा-6 के प्रतिभाशाली छात्र अराधी गिरी ने राज्य स्तरीय हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि हेतु अराधी को प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता विज नेशनल स्पेल बी के तत्वावधान में आयोजित 'राइटिंग विजार्ड हैण्डराइटिंग ओलम्पियाड' के अन्तर्गत आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में सी.एम.एस. के इस होनहार छात्र ने सुन्दर लिखावट, स्पष्टता एवं उत्कृष्टता का प्रमाण अपनी लेखन प्रतिभा द्वारा दिया और सिद्ध कर दिया कि निकट भविष्य में यह प्रतिभाशाली छात्र अपनी बहुमुखी प्रतिभा के दम पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने हेतु तत्पर है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने अराधी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है।

**प्रदेश में लगातार बारिश से वर्तमान में 17 जिलों के 402 गांव प्रभावित, पल-पल की हो रही निगरानी**

# बाढ़ पीड़ितों की मसीहा बनी सरकार, 47 हजार से अधिक को दी राहत

**जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव बाढ़ राहत कार्य के लिए जीरो ग्राउंड पर उतरे**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार उत्तर प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों और राहत विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं, जिससे राहत कार्यों में कोई कमी न रहे। इसके अलावा सीएम योगी के निर्देश पर मंत्री बाढ़ प्रभावित जिलों का ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण कर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं।



इनमें कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाज़ीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवानों द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है।

योगी सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों के साथ मवेशियों की सुरक्षा और उनके खाने-पीने का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अब तक मवेशियों के लिए 500 कुंतल भूसा वितरित जा चुका है। इसके अलावा 1,29,571 क्लोरीन टेबलेट और 37,089 ओआरएस पैकेट भी वितरित किए जा चुके हैं ताकि जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 905 बाढ़ शरणालय सक्रिय हैं, जहां 11,248 लोग अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं। इन सभी का 757 मेडिकल टीमों द्वारा मेडिकल चेकअप किया जा रहा है।

**जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ का हवाई जायजा लिया,बांटी राहत किट**

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति और पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर मंत्रियों की टीम-11 रविवार को ग्राउंड जीरो पर उतर गई। टीम में शामिल सभी मंत्री सीएम द्वारा आवंटित जिलों में जायजा और बाढ़ प्रभावित राहत कार्यों में जुट गए। इस बीच प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने सीएम के निर्देश मिलते ही रविवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे। सबसे पहले मंत्री ने हमीरपुर जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने राहत व पुनर्वास कार्यों की प्रभावी रूपरेखा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। वह जनपद जालौन पहुंचे। उन्होंने बेतवा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की और उनकी हर प्रकार की सहायता का भरोसा दिलाया। जलशक्ति मंत्री औरैया जिले में यमुना नदी में उफान के चलते आई बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे।

## वोटबैंक की राजनीति करती है सपा : केशव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा बहादुर स्वयं को मुसलमानों का सबसे बड़ा रहनुमा समझते हैं। उनकी यह पुरानी आदत रही है कि मुसलमानों से जुड़े हर मसले पर उनकी 'रायशुमारी' जरूर समझी जाए। लेकिन अब यह जानकर हैरानी होती है कि आतंकवादियों का काम तमाम करने के मामले में भी उनसे तारीख और समय पूछना पड़ेगा क्या? उप मुख्यमंत्री ने रविवार को लखनऊ में कहा कि मुजफ्फरनगर के दंगाईयों को हेलीकॉप्टर से बुलाने वाले सपा बहादुर, अब आतंकियों के लिए टाइमिंग तय करने की बात कर रहे हैं। श्री मौर्य ने कहा कि सपा शासनकाल में आतंकियों और दंगाइयों को लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया जाता था।

# सचिवालय प्रशासन विभाग ने किए 17 समीक्षा अधिकारियों के तबादले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में लखनऊ स्थित सचिवालय में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव हुआ है। सचिवालय प्रशासन विभाग ने 17 समीक्षा अधिकारियों के तबादले किए हैं। उप सचिव संजीव श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को विभिन्न विभागों में नई तैनाती दी गई है। एकाएक 17 समीक्षा अधिकारियों के तबादले से प्रशासनिक अमले में चर्चाएं शुरू हो गयीं हैं।

अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है कि यह कदम प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।स्थानांतरित समीक्षा अधिकारियों में अनिल कुमार, कुमुद रंजन झा, सुनील कुमार मिश्रा, कृष्ण प्रकाश, मनीष कुमार सिंह, विजय सिंह, अजय ओझा, आदर्श पाठक, आशीष अग्रवाल, राज कुमार, भाष्कर सिंह, नेहा खरे, आदित्य कुमार, ज्ञान सिंह, शिव शंकर सिंह, राजीव कुमार चक्रवर्ती, बलराम सिंह शामिल हैं। सहायक समीक्षा अधिकारी जय शंकर यादव का भी तबादला किया गया है। सचिवालय प्रशासन के इस कदम का उद्देश्य विभागों में समीक्षा अधिकारियों की सेवाओं का बेहतर उपयोग करना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और सुचारू करना है। तबादला कार्यकुशलता बढ़ाने और विभागों में नए दृष्टिकोण को शामिल करने के लिए किया गया है।

# जलभराव, पेड़ गिरने और नाला सफाई में लगे निगम कर्मी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार रात से जारी मूसलाधार बारिश के चलते शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव, पेड़ गिरने और सीवर जाम जैसी समस्याएं सामने आई। इस परिस्थिति को देखते हुए नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने नगर निगम की सभी टीमों को तुरंत मौके पर उपस्थित होकर समस्याओं के निराकरण कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त के निर्देशानुसार, रविवार को नगर निगम के समस्त अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी अधिकारी और उनके अधीनस्थ कर्मचारी फील्ड में लगातार सक्रिय नजर आए। शहर के सभी 8 जोनों में टीमों ने जलभराव की स्थिति का जायजा लिया और पंपिंग सेट लगाकर पानी की निकासी सुनिश्चित की। बारिश से कई इलाकों में पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आई, जिनके निस्तारण के लिए नगर निगम के उद्यान विभाग की टीमों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पेड़ों को हटाया और रास्तों को साफ कराया, जिससे यातायात सुचारु रूप से बहाल हो सका। अभियंत्रण विभाग द्वारा नालों की सफाई का कार्य रविवार को भी युद्धस्तर पर जारी रहा। कई प्रमुख मार्गों, चौराहों और निचले इलाकों में विशेष रूप से तैनात टीमें नाले और सीवरों की सफाई में जुटी रहीं, जिससे पानी का बहाव सामान्य हो सके और जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिले। नगर निगम के कंट्रोल रूम से पूरे अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

टोल फ्री नंबर 1533 के माध्यम से नागरिक अपने क्षेत्र की समस्याओं की सूचना दे सकते हैं, जिन पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम लखनऊ किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, और टीमों को 24 घन्टे 7 दिन फील्ड पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। किसी समस्या की स्थिति में तुरंत नगर निगम से संपर्क करें।

**गौरव कुमार, नगर आयुक्त**

**नगर निगम की टीम से अभद्रता व मारपीट, एफआईआर दर्ज**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर निगम की टीम 03 अगस्त 2 को आदर्श पुरम, त्रिवेणी नगर क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंची थी। प्रभारी के नेतृत्व में टीम मौके पर कार्रवाई कर रही थी कि तभी स्थानीय निवासी राजीव शुक्ला, संजीव शुक्ला और मुकेश शुक्ला मौके पर आए और उन्होंने टीम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इन व्यक्तियों ने टीम के सदस्यों के साथ मारपीट की और जबरन शासकीय वाहन में पहले से पकड़े गए पशुओं को छुड़ा लिया। प्रभारी ने अपनी शिकायत में बताया कि उक्त व्यक्तियों ने न केवल राजकीय कार्य में जानबूझकर बाधा उत्पन्न की, बल्कि टीम को धमकी भी दी कि यदि भविष्य में दोबारा त्रिवेणी नगर क्षेत्र में कार्रवाई के लिए आए, तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्रभारी ने अलीगंज थाने में दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर विधिक कार्रवाई करने के लिए शिकायत दी है।

# राज्य सरकार पर्यटन विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

**सेवादास धाम मंदिर रामलीला मैदान के विकास से पर्यटन को मिलेगी नई ऊंचाई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश के प्राचीन मंदिरों के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास और सौंदर्यीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी बलिया के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर अग्रसर है।

विकास योजनाओं पर 163.53 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। परियोजनाओं का उद्देश्य मंदिरों की भव्यता को पुनर्स्थापित कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में घरेलू पर्यटन का केंद्र बनकर उभरा है। हाल के वर्षों में राज्य में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अयोध्या, काशी, मथुरा और प्रयागराज जैसे तीर्थ स्थल श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आगंतुकों का रुझान प्रदेश के नए गंतव्यों की ओर भी है। बलिया टूरिस्ट डेस्टिनेशन में एक है, जहां मंदिरों सहित पर्यटन स्थलों की वृहद श्रृंखला है। प्रदेश सरकार बलिया जिले के सेवादास धाम मंदिर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 60.60 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराएगी। इस योजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और धार्मिक पर्यटकों के लिए आकर्षक निर्माण कार्य किए जाएंगे।योजना अंतर्गत मंदिर परिसर का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसमें आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, विश्राम स्थल जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। साथ ही, धार्मिक पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण को भी सुदृढ़ किया जाएगा। ज्ञात हो, बलिया का सेवादास धाम मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। बलिया जनपदवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूर्ण होने जा रही है।



## आर्य महासभा गणेश चतुर्थी से सनातन शक्ति केंद्र की स्थापना की करेगी शुरुआत

**लखनऊ ।** सनातनी समाज को आर्थिक सामाजिक एवं बौद्धिक रूप से मजबूत बनाने के लिए गणेश चतुर्थी से आर्य महासभा त्रिदण्डी सनातन शक्ति केंद्रों की स्थापना शुरू करेगा। यह निर्णय जानकीपुरम विस्तार में आर्य महासभा के संगठन संयोजन द्वारा आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में संयोजक पंकज कुमार द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए सनातनी समाज को आर्थिक सामाजिक एवं बौद्धिक रूप से मजबूत करना आवश्यक है, इसके लिए सनातन शक्ति केंद्रों की स्थापना किया जाना चाहिये। उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों द्वारा अपने अपने विचार रखें गये जिसमें मुख्य रूप से पूर्व महापौर सुरेश चंद्र अवस्थी, आर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र मौली शुक्ला आदि शामिल थे।

# मुख्य सचिव को पत्र लिखकर निजीकरण का फैसला निरस्त करने की उठाई मांग

समृद्धि न्यूज

**आंदोलन के 250 दिन पूरे होने पर आज होगा व्यापक विरोध प्रदर्शन**

**लखनऊ ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने मुख्य सचिव को एक विस्तृत पत्र भेजकर मांग की है कि एनर्जी टास्क फोर्स के अध्यक्ष की हैसियत से वे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने की कृपा करें।

संघर्ष समिति ने यह भी मांग की है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय निरस्त किया जाए। बिजली कर्मी मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में लगातार बिजली व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं और निजीकरण का निर्णय निरस्त होने पर द्विगुणित उत्साह के साथ बिजली कर्मी और बेहतर उपभोक्ता सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में संघर्ष समिति के आह्वान पर 04 अगस्त को आन्दोलन के 250 दिन पूरे होने पर सभी जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जायगा। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के नाम पर उत्तर प्रदेश में बहुत बड़ा घोटाला होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी की ईमानदारी को लेकर पूरे देश में एक धाक है। मुख्यमंत्री योगी की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। अतः बिजली कर्मचारियों का यह विश्वास है कि आप निजीकरण की लूट के नाम पर चल रही सारी प्रक्रिया में तत्काल हस्तक्षेप करेंगे।

# विकास, विश्वास और सेवा गढ़ रहे जनसेवा की नई परिभाषा : विधायक राजेश्वर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के जनसेवा संकल्प और जन संवाद अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया जाता है। रविवार को जनसंवाद शिविर का 130वां संस्करण सरोजनीनगर दक्षिण प्रथम मंडल अध्यक्ष के. के श्रीवास्तव के अमौसी स्थित कार्यालय पर किया गया।



शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्यवाही की गई। हैंडपंप, सोलर लाइट, सड़क, नाली, पेंशन, जैसी आवश्यकताओं से संबंधित 39 आवेदन प्राप्त हुए। संभावित विषयों का त्वरित समाधान और शेष के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। साथ ही 5 आयुष्मान कार्ड और 2 महिलाओं के पेंशन केवाईसी भी की गई। शिविर के दौरान गांव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के मेधावियों शालिनी रावत (80 प्रतिशत), सलोनी गौतम (73.8 प्रतिशत), रूपाली सिंह (73 प्रतिशत) एवं पीयूष शर्मा (67.2त्न) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्षद राम नरेश रावत, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, दिलीप रावत, कमल नयन शर्मा, बूथ अध्यक्ष किशोर, परमानंद अवस्थी जी एवं आशीष कुमार जी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। जन संवाद शिविर में आए क्षेत्रवासियों को तारा शक्ति नि:शुल्क रसोई के माध्यम से ताजा पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

**प्रगति** | **2017 से पहले प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की स्थिति थी बेहद चिंताजनक**

# सरकार ने पुख्ता की महिलाओं की सुरक्षा, पिंक बूथ बने सुरक्षा के सारथी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के मिशन शक्ति अभियान ने जहां एक ओर महिलाओं में सुरक्षा का अहसास कराया, वहीं दूसरी ओर उनके समाज की मुख्य धारा से जोड़कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाया। पिछले आठ वर्षों में पिंक बूथ, महिला बीट आरक्षियों की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, महिला हेल्पलाइन 1090 को सशक्त किया और पूरे प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक नया विश्वास कायम किया।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले तो प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की स्थिति बेहद चिंताजनक थी। महिला अपराधों के मामले में प्रदेश शीर्ष पर गिना जाता था। उस दौरान प्रदेश में यह स्थिति थी कि बहन-बेटियां घरों से निकलने में कतराती थीं। वहीं मां-बाप बेटियों को कहीं अकेले नहीं जाने देते थे क्योंकि उस दिनों में महिलाओं से छेड़छाड़ और बलात्कार, हत्या आमबात थी। विभिन्न रिपोर्ट्स और समाचारों के अनुसार छेड़छाड़, बलात्कार, घरेलू हिंसा और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की घटनाएं प्रतिदिन सामने आ रही थीं। वर्ष 2017 में प्रदेश की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सुरक्षा को लेकर विभिन्न ठोस कदम उठाए। सरकार ने महिला सशक्त तो समाज सशक्त की थीम पर काम करना शुरू किया। आज उसी का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश ने महिला सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई लकीर खींची है, जो देश के विभिन्न राज्यों के लिए एक मॉडल बन गया है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश पूरे देश में महिला संबंधी अपराधों पर लगाम लगाने एवं मामलों के निस्तारण में प्रथम स्थान है।




**32,291 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई**

सरकार ने अराजक तत्वों और मनचलों के खिलाफ सख्त एक्शन के लिए एंटी रोमियो स्क्वॉड अभियान चलाया, जो वर्तमान में भी संचलित है। अब तक 1,08,85,450 स्थानों पर चेकिंग की गई, जिससे 4,00,58,462 लोगों को चेतावनी दी गई। वहीं 24,009 मामले दर्ज किये गये और 32,291 व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई हुई। साथ ही 1,47,04,311 लोगों को अभियान के माध्यम से चेताया गया। प्रदेशभर के थानों में 8,381 महिला बीट गठित की गईं और 19,839 महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती हुई। मिशन शक्ति के तहत 3,93,442 बीट भ्रमण किए गए, जिसमें 3,82,789 शिकायतों का निस्तारण किया गया। महिला अपराधों से संबंधित 2,73,644 पीड़िताओं से संपर्क कर 2,40,305 को सहायता दी गई, जबकि 3,61,001 मामलों में न्यायालयीन कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

**महिला बीट आरक्षी बनी महिलाओं की सुरक्षा सहेली**

महिला बीट और पिंक बूथ के जरिये महिला बीट आरक्षियों ने 79,771 पीड़ित महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें काउंसलिंग दी। इस दौरान 1,17,998 महिलाओं के परिजनों से संपर्क कर सहयोग किया गया। पुलिस ने अभियान चलाकर संवेदनशील और डार्क स्पॉट को चिन्हित किया गया। इस स्थानों पर चौबीस घंटे पीआरवी को एक्टिव किया गया। वहीं, महिला सुरक्षा में सबसे अहम भूमिका सीसीटीवी ने निभायी।

# ब्लॉक परिसर से काटे गए हरे-भरे चौदह पेड़, केस दर्ज

## इक्कीस माह पूर्व हुए मूल्यांकन के आधार पर वन विभाग ने हरे पेड़ों की जारी की कटान परमिट

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शिवपुर ब्लाक परिसर में करीब तीन दशक पूर्व से लगे 14 छायादार हरे पेड़ों को अवैध तरीके से परमिट बनवाकर कर काट लिया गया। खंड विकास अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं लगी। वन विभाग ने बिना किसी जांच पड़ताल के इक्कीस माह पूर्व तत्कालीन खंड विकास अधिकारी के पत्र के आधार पर कटान परमिट जारी कर दी। क्रेता राम भुलावन का कहना है कि मैंने पेड़ कटवाने के संबंध में कोई आवेदन नहीं किया है।





विकास खंड शिवपुर परिसर में 12 हरे सेमल तथा 2 शीशम के हरे पेड़ लगे थे। तत्कालीन प्रभारी खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव ने 18 अक्टूबर 2023 को प्रभागीय वन अधिकारी को पत्राचार कर उपरोक्त पेड़ों को कटवाने का आवेदन किया था। जिसके तहत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर राम भुलावन शुक्ला पुत्र स्वामीदयाल के नाम उच्चतम बोली 60,000 लगाने पर नीलामी उनके नाम करते हुए क्षेत्रीय वन विभाग को दस प्रतिशत सुपरवाइजरी चार्ज जमा करते हुए शेष धन ब्लॉक कार्यालय पर शासकीय खाते में जमा करने के लिए आदेशित किया गया।

क्रेता ने सुपरवाइजरी चार्ज 6000 रुपए जमा कर दिए लेकिन नीलामी रकम शासकीय खाते में नहीं जमा किया। गुजराती पुरवा निवासी भाजपा जिला प्रतिनिधि श्यामसुंदर वर्मा ने अत्यंत कम मूल्यांकन कर पेड़ों की नीलामी का आरोप लगाते हुए दिए गए, शिकायती पत्र पर तत्कालीन खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने 21 जून 2024 को उक्त नीलामी प्रक्रिया निरस्त करते हुए निरस्तीकरण पत्र को क्रेता राम भुलावन शुक्ला को रिसीव कराकर प्रभागीय वनाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी को भी प्रतिलिपि भेज दी। 20 जुलाई 2025 को परिसर से पेड़ कट जाते है। जानकारी होने पर वर्तमान खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने अवैध पेड़ कटने की प्रथम सूचना रिपोर्ट उच्चाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद थाना खैरीघाट में अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई है।

लेकिन सवाल इस बात की भी है कि चार दिनों तक पेड़ कटते रहे फिर खंड विकास अधिकारी अंजान कैसे रही। एफआईआर दर्ज कराने में इतनी देरी क्यों हुई।प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय बहराइच में पता करने पर पता चलता है कि उसी 18 अक्टूबर 2023 के तत्कालीन खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव के आवेदन जो 21 जून 2024 को निरस्त कर दिया गया था। उसी को आधार बनाकर बिना कोई जांच बिना पुनर्मूल्यांकन तथा बिना वर्तमान खंड विकास अधिकारी की जानकारी के राम भुलावन शुक्ला के नाम कटान के आदेश कर दिए गए और आदेश की प्रतिलिपि न तो विकास खंड कार्यालय को भेजी गई और न ही संबंधित थाने को ही भेजी गई। क्रेता राम भुलावन शुक्ला का कथन है कि मैंने कोई परमिट नहीं बनवाई है।

### पत्रकारों पर भड़के वन क्षेत्राधिकारी पीयूष गुप्ता

राम भुलावन के नाम बनी परमिट में जांचकर्ता वनक्षेत्रधिकारी पीयूष गुप्ता से जब जानकारी लेते हुए पूछा गया है क्या 21 माह पूर्व हुए हरे पेड़ों के मूल्यांकन का पुनर्मूल्यांकन नहीं होना चाहिए, क्योंकि इतने दिनों में तो पेड़ों की लंबाई और मोटाई तो कुछ बढ़ी ही होगी, तो उन्होंने कहा कि सभी पेड़ सूखे थे इसलिए ग्रोथ करने का सवाल ही नहीं था। मैने केवल ये देखा कि वर्तमान में सभी पेड़ यथावत है या नहीं। सवाल था मान्यवर परमिट में तो 12 सेमल के हरे तथा 2 शीशम के सूखे पेड़ों का आदेश किया गया है। तो पीयूष गुप्ता भड़क उठे और ये कहते हुए कि आप हमारी सीबीआई जांच कर रहे है फोन काट दिया। इस लिए इस खेल में संदेह के दायरे में वन विभाग भी आ रहा है।

### अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि मुख्य लेखाकार वरुणेंद्र कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

आखिर क्यों वन विभाग ने 21 माह पूर्व हुए हरे पेड़ों का पुनरमूल्यांकन नहीं कराया? क्यों संबंधित पेड़ों के संबंध में संबंधित अधिकारी खंड विकास अधिकारी से कोई पत्राचार नहीं किया गया? क्यों परमिट की कॉपी बीडीओ तथा संबंधित थाना क्षेत्र के थाने को नहीं भेजी गई? क्यों नीलामी के बाद शासकीय खाते में जमा धनराशि की रशीद नहीं ली गई? क्या राम भुलावन को ही परमिट दी गई? अगर दी गई तो इनकार क्यों कर रहे है? अगर राम भुलावन ने पेड़ नहीं काटे तो काटे किसने? फिलहाल इन सवालों के जवाब तथा इस खेल में कौन कौन शामिल है जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

# प्रधान पुत्र सहित तीन गिरफ्तार, चोरी से कर रहे थे बालू खनन का कार्य

**पुलिस ने अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली और बालू को भी किया जब्त**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दौलतपुर गांव के प्रधान का पुत्र भी शामिल है। पुलिस ने इन्हें नवीन परती/सरकारी भूमि से अवैध रूप से बालू खनन करते हुए पकड़ा।पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

1 अगस्त 2025 को थाना क्षेत्र के लोनियनपुरवा के पास तिराहे से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वसीम पुत्र स्वर्गीय अनीश, नशीम पुत्र स्वर्गीय अनीश और ताहिर पुत्र गोवरे के रूप में हुई है। सभी आरोपी दौलतपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली और बालू भी जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना मोतीपुर में मुकदमा संख्या 389/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के साथ-साथ खनन अधिनियम की धारा 4/21 और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 2/3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत के लिए न्यायालय भेजा जा रहा है।गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया, उप-निरीक्षक सुरेश चंद्र गिरि, हेड कांस्टेबल मुन्ना लाल चौधरी, हेड कांस्टेबल अमरेश राय, कांस्टेबल जयप्रकाश और कांस्टेबल उदयसेन चौधरी शामिल थे।

## खबरें एक नजर में

### कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में किसान सम्मान दिवस आयोजित

**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** उप कृषि निदेशक के सौजन्य से आज दिनांक 02 अगस्त 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में वाराणसी में आयोजित किसान सम्मान दिवस में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के हस्तान्तरण का सजीव प्रसारण कृषकों को दिखाया गया। प्रधानमन्त्री ने कृषकों के खाते में किसान सम्मान निधि हस्तान्तरित की। केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात कुमार वर्मा विधायक गौरा विधानसभा ने कृषकों से किसान सम्मान निधि के सदुपयोग का आवाह्न किया। उन्होंने कृषकों से खेती के साथ गौपालन करने को लाभकारी बताया तथा एक पेड़ मां के नाम पर आंवला के पेड़ का केन्द्र के प्रक्षेत्र पर रोपण किया। ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी ने कृषकों को संतुलित मात्रा में यूरिया के प्रयोग की सलाह दी । इस अवसर पर चंद्र प्रकाश सिंह जिला कृषि अधिकारी, डा.एस.के वर्मा, डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन, डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा, डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे मृदा वैज्ञानिक, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक, डॉ. दिनेश कुमार पांडे प्रक्षेत्र प्रभारी सहित वैभव सिंह सभासद, धनपतिधर शुक्ला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेवा नानकर, मन्नन तिवारी ग्राम प्रधान, सुनील कुमार एडीओ एजी, रवि सिंह प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार, राजेश जायसवाल बीटीएम, आशीष शुक्ला एटीएम, कमलेंद्र सिंह एटीएम सहित प्रगतिशील कृषकों जयप्रकाश मिश्रा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, महादेव यादव, शिव प्रसाद यादव, राजेश कुमार वर्मा, रामसागर वर्मा, रोहित यादव, जय भीम महिला स्वयं सहायता समूह की शीला एवं बिट्टू आदि ने प्रतिभाग कर सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा ।

### जिले में बदला मौसम का मिजाज, तापमान में छह डिग्री गिरावट



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में बीते कई दिनों से गर्मी व उमस से परेशान लोगों को रविवार को दोपहर बदले मौसम से काफी राहत मिली। करीब बारह बजे से तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज हुई। इससे लोगों को गर्मी से निजात मिली।जोरदार बारिश के कारण तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। तापमान 39 डिग्री से गिरकर 33 डिग्री हो गया। शहर में तेज हवाओं के साथ दोपहर से शुरू हुई बरसात लगातार जारी है। हालांकि, नालियों की सफाई न होने से बरसात का पानी सड़कों पर भर गया है। नगर के चांदमारी, बक्शीपुरा, धनकुट्टी पूरा समेत कई निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। शहर की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गई हैं। नगर पंचायत रिसिया के मोहम्मद नगर, सरस्वती नगर व गायत्री नगर में जलनिकासी का समास्या उत्पन्न हो गई।जिसका नतीजा यह रहा है कि छोटे से तालाब में पूरे वार्ड का पानी गिराया जा रहा है।और बारिश होने से तालाब ओवर हो गया जिससे पानी घरो के दरवाजे तक पहुंच गयाऔर लोग घर के बाहर नही निकल पा रहे।नगर पंचायत जलनिकासी की समस्या को दूर नही कर पा रहा है।

### विद्यालयों के ऊपर से हटाई जाए हाईटेंशन/एलटी लाइन : डीएम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवनों/परिसरों के ऊपर से जा रहे हाई टेंशन/एलटी लाइन को हटाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन से सम्बन्धित 160 विद्यालयों का चिन्हांकन करते हुये अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग को स्टीमेट हेतु सूची उपलब्ध कराई गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक की आख्या के क्रम में 06 माध्यमिक विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन जा रही है। इस प्रकार कुल 166 विद्यालयों के परिसर से छात्र सुरक्षा के दृष्टिगत हाईटेंशन लाईन हटाया जाना नितान्त आवश्यक है। श्री सिंह ने बताया कि जनपद स्तरीय समिति के माध्यम से हाईटेंशन लाईन हटाये जाने हेतु शासन स्तर से रू. 135.59 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि अध्यक्ष उ.प्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्ययोजना बनाकर अतिआवश्यकता वाले विद्यालयों से क्रमबद्ध तरीके से हाईटेंशन तार हटाये जाने हेतु अविलम्ब कार्यवाही करते हुये इस कार्य को एक माह में पूर्ण कराया जाय।

# डीएम नेहा शर्मा के बदलते ही मिट्टी खनन माफिया हुए, सक्रिय चारों तरफ खनन जारी

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा ।** निर्वतमान जिलाधिकारी नेहा शर्मा के कार्यकाल में मिट्टी खनन माफियों पर कड़ा रुख अपनाया हुआ था। लेकिन उनके तबादले होते ही मानो खनन माफियों को संजीवनी मिल गई हो।हर तरफ मिट्टी खनन का बरोबर शुरू हो गया।हालांकि नवागत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अभी खनन माफियों से अंजन हैं।जिसका पूरा फायदा मिट्टी माफिया उठाते नजर आ रहे हैं।

मामला थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में शनिवार को मिट्टी खनन का कार्य जोरो पर किया जा रहा था। मिट्टी खनन ग्राम पंचायत माधवपुर के मजरा गजाधर पुरवा व ग्राम पंचायत खरगूपुर के मजरा बादीपुरवा निकट मण्डप माता मंदिर के आसपास खनन जारी रहा। जहां माधवपुर के गजाधर पुरवा निवासी दया शंकर ओझा बिना किसी परमिशन के अपनी दबंगई के साथ तीन ट्रैक्टर व एक खनन मशीन के साथ मिट्टी कारोबार चल रहा था।खास सूचना पर मौके पर पहुंचे खनन अधिकारी डॉ अभयरंजन ने खनन माफिया अपने आपको भाजपा नेता बता कर दबाव बना रहे थे।काफी मशक्कत व नोंकझोंक के बाद एक लोडर व तीन मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी थीं, लेकिन दबंगों के आगे घंटों मशक्कत की जोर अजमाई चली,वहीं दबंग दो ट्रैक्टर को छुड़ाने में कामयाब रहे।खनन अधिकारी ने अतिरिक्त पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाया और एक लोडर व एक ट्रैक्टर अपने कब्जे में लेकर थाने खींच लाई,कार्यवाही से स्थानीय लोग काफी खुश हैं।

उनका कहना है कि रोड़ों पर ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी भरकर फर्राटा भरते थे, जिससे मिट्टी सड़कों पर गिरने से काफी धूल हो जाती थी।आने जाने में राहगीरों के आंखों में धूल भर जाया करते थे। इस कार्यवाही से मिट्टी खनन माफिया भाजपा को बदनाम करने के उद्देश्य से अपने आप को नेता बताकर प्रशासन पर दबाव बनाने की भरसक प्रयास किया गया। लेकिन दबंगों को यह पता होना चाहिए कि अब यूपी में योगी सरकार हैं यहां किसी गुंडा माफिया का मनमानी चलने वाली नहीं हैं।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्वरा रघुवंश ने प्रथम स्थान पाकर सभी का मनमोहा

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** सच है ! बेटियां अतीत की सुनहरी यादें, वर्तमान की हसीं पल और भविष्य की आशाएं होती हैं। कौन कहता है केवल चिरागों से ही रोशनियां होती है, घर में उजाला तो बेटियों से ही है,कहना गलत नहीं होगा ये नन्ही परी इसे पता ही नहीं कि वास्तव मे हम सभी के जिंदगी मे किस तरह से खुशियों कि शुरुवात किया ।



लखनऊ 2 अगस्त को लामार्टिनियर कॉलेज हज़रतगंज प्रांगण में आयोजित लखनऊ के इक्कीस कॉलेज के बच्चों ने इस भव्य प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस एवं ड्रेस इम्प्रेस मे अपनी सहभागिता ली, सिटी मोंटेसोरी स्कूल, कैंपस 1, गोमती नगर की कुशल शिक्षिका निधी सेठी, मन्नी अरोरा, एवं खुशबू गुप्ता के निर्देशन मे नन्ही परी क्लास नर्सरी की स्वरा रघुवंश प्रथम स्थान एवं फातिमा उस्मानी क्लास के जी तृतीय स्थान पर रही अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया, बखूबी अपना किरदार निभाया मुख्य अतिथि प्रिंसिपल लामार्टिनिर कॉलेज गैरी डोमिनिक एवेरेटे द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बताते चले इस प्रतियोगिता का निर्णय, निर्णायक मण्डल सेठ एम आर जयपुरिया चंचल जी, मोरएन जी कथाद्रील एवं वर्सिका जी सेंट फ्रांसिस द्वारा लिया गया। बैठे तमाम गणमान्य लोगों व अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से हौसला अफ़ज़ाई की इन बच्चों का अभिनय वास्तविक धरातल से ओत प्रोत था, देखते ही बनता था ! सच है देश की बेटियां क्या नहीं कर सकती है।

### चाइनीज मांझे से युवक का गला कटा, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

**बहराइच।** चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक का गला कट गया। घायल युवक को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया है।देहात कोतवाली इलाके के नगरौर निवासी 20 वर्षीय फरमान बाइक से पेंट खरीदने बाजार गया था। वापस लौटते समय सेंट नॉर्बट स्कूल के पास वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। इससे उसका गला कट गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इमर्जेंसी में तैनात चिकित्सक शहीर ने घायल युवक का इलाज शुरू किया। हालत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रतिबंध के बावजूद शहर के कई इलाकों में चाइनीज मांझे की बिक्री जारी है।जिले मे चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन अभियान चलाता है। लेकिन कुछ दिन रोक लगने के बाद दुकानदार फिर से चाइनीज मांझा बेचने मे जुट जाते हैं जिसके चलते आज भी बाजारों में चाइनीज मांझे उपलब्ध है।

# सड़क हादसों में बेसहारा पशुओं की मौत, प्रशासन की उदासीनता उजागर

**नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर आए दिन बेसहारा पशु की हो रही है मौत**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के मिहींपुरवा तहसील में नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर सड़क हादसे में कई बेसहारा पशु की मौत हो रही है। हाईवे पर मृत पशु के मांस और खाल के टुकड़े बिखर गए, जिससे दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। कुत्ते और कौवे मृत पशु को नोचते देखे गए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यह घटना मिहींपुरवा सड़कों, हाईवे पर आए दिन होने वाले हादसों का ताजा उदाहरण है, जिसमें बेसहारा पशु बेमौत मर रहे हैं।

मिहींपुरवा में बेसहारा पशुओं की समस्या गंभीर होती जा रही है। ये पशु न केवल सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं, बल्कि किसानों की हरी-भरी फसलों को भी नष्ट कर रहे हैं। कागजों पर संचालित गौ आश्रय केंद्रों की हकीकत सबके सामने है। इन केंद्रों में पशुओं के भरण-पोषण के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, जबकि पशु भूख-प्यास से बेहाल हैं और देखरेख के अभाव में मर रहे हैं। शासन और जिला प्रशासन के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं।

आदेशों और निर्देशों का जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर गायघाट से लेकर ज़ालिमनगर तक हफ्ते में दो या तीन एक्सीडेंट ऐसे होते हैं जो पशुओं से लड़कर या उनके बचाव में आम जनता घायल हो जाते हैं यह घटना बेसहारा पशुओं की दयनीय स्थिति को दर्शाती है।

मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में 14 गौशालाएं बने हुए हैं जिनमें 2165 गाय कागजों में दर्ज है प्रति गाय का एक दिन खर्च 50 रु मिलता है तो पूरे महीने का बजट आता है 32 लाख 47 हजार 500 सौ रुपए मिलता है। लेकिन फिर भी गौशालाओ में गायों की जनसंख्या देखने को नहीं मिलती उससे ज्यादा सड़कों पर दिखाई देती है।

### समाधान दिवस में पहुंचा पीड़ित फरियादी अपने जीवित होने का दिया प्रमाण

**बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककरी निवासी राम मूरत पुत्र कन्हैया ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र भी संलग्न किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं के तहत जो सर्वे करने वाले अधिकारी मौके का सर्वे करते हैं उनकी ये पीड़ित व्यक्ति ने सर्वे की पोल खोलकर रख दिया है। क्योंकि जीवित व्यक्ति को अधिकारियों ने मृत्यु घोषित कर दिया है और अब उसका पेंशन बंद हो गया है। पीड़ित व्यक्ति को 2023 से पेंशन नहीं मिला तो पीड़ित ने मुख्यालय पहुंचकर समाज कल्याण विभाग से जानकारी ली। उसे यह जानकारी मिली कि आप कागज पर मृतक हो गए हो इसलिए आपको पेंशन नहीं मिल रहा है। यह सुनने के बाद पीड़ित अधिकारियों के चक्कर काटना शुरू कर दिया है इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होने वाले तहसील संपूर्ण समाधान दिवस नानपारा में भी युवक पहुंचा।

# श्याम मंदिर में हुआ सावन हरियाली तीज कार्यक्रम

**सावन झूले पर लोगों ने झूलने का खूब आनंद लिया**

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** शनिवार को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में सावन हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज की नवविवाहित मारवाड़ी बहू बेटियां सुंदर साड़ी, लहंगा,व सूट में पारंपरिक परिधान धारण करके मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम के लिए शामिल हुई। जिसमें आयोजक मंडल द्वारा तीज स्पेशल सरप्राइज क्वेश्चन, गेम्स, नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में समाज की महिलाएं व बेटियों ने भाग लिया। डांस प्रोग्राम में हिना सिंघल, वर्षा अग्रवाल,और ईशानवी अग्रवाल रही। मेमोरी गेम में नूपुर मोदी, स्केच और गिलास गेम में रंजन केडिया, चूड़ी गेम में नेहा अग्रवाल, क्वेश्चन आंसर राइटिंग गेम में रितिक गर्ग और प्रश्नोत्तरी में छवि सिंघल विनर रही। और इसके अलावा हाउजी गेम हुए। जिसमें पांच लोगों को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर उषा अग्रवाल डॉक्टर रेनू अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष सरोज अग्रवाल पूर्व मंत्री पूनम मित्तल जजमेंट रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को महिला मंडल द्वारा सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। यह आयोजन श्री श्याम मंदिर महिला मंडल गोंडा द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बेनू अग्रवाल ,शारदा गर्ग, सरोज गर्ग, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, सरिता सिंघल, रेनू मंगल, सुधा टेकड़ी वाल, मंजू अग्रवाल उमा ताजपुरिया, प्रिया भावसिंहका, पुष्पा सोमानी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, मंत्री सुशील पचेरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में सावन हरियाली तीज उत्सव पर हरी पत्तियां और हरे कपड़े से मंदिर के प्रांगण को सजाया गया था और बाबा खाटू श्याम और झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी का दरबार भी हरी हरी पत्तियों से सजाया गया था। मंदिर के प्रांगण में सावन उत्सव पर सभी लोगों ने झूला झूल का झूलने का आनंद लिया। यह आयोजन श्री श्याम मंदिर महिला मंडल गोंडा द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बेनू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, शारदा गर्ग, सरोज गर्ग, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, सरिता सिंघल, रेनू मंगल, सुधा टेकड़ी वाल, मंजू अग्रवाल उमा ताजपुरिया, प्रिया भावसिंहका, पुष्पा सोमानी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, मंत्री सुशील पचेरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूंचकाकों के संतृप्तिकरण के उपरान्त कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में 02 से 06 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई।

विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शरदपारा के छात्र-छात्राओं द्वारा ये धरती अपनी ये आसमां हमारा, जलवा-जलवा तथा भगवान श्री कृष्ण पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय अजीजपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत फ्री फ्लो योगा एवं आर्टेस्टिक सोलो डांस तथा हमार देशवा सोनवा की चिरैय्या सामूहिक गान की दर्शकों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना की गई। नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय काज़ीपुरा के छात्र-छात्राओं ने यह देश है वीर जवानों का देशभक्ति समूहगान तथा कविता पाठ को सुनकर मौजूद लोग भी अपने आप को वाह-वाह करने से रोक नहीं सके। विकास खण्ड हुजूरपुर अन्तर्गत ब्लू बेल्स इवरग्रीन ताजपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा जाने नहीं देंगे तथा शहीद भगत सिंह पर आधारित नाटिका की प्रस्तुति को भी सराहा गया। ब्लॉक तजवापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहटाभया के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा व मेरे देश की धरती सोना उगले जैसे देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने आडिटोरियम में ऊर्जा का संचार कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम धनंजय सिंह व परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग के लेखाधिकारी वीरेश वर्मा, बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**हुनर** | **युवक-युवतियों को स्वावलम्बन की राह दिखा दिखा रहा है यूनिक स्वय सहायता समूह**

# लोगों के आर्कषण का केंद्र बन रही हैं गेहूं के डंठल से निर्मित कलाकृतियां

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** शहर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी कृष्ण शंकर प्रसाद उर्फ गोपाल गुप्ता पिछले कई सालों से गेहूं के डंठल से मनमोहक कलाकृति बना रहे हैं। बचपन में घर व आस-पास की निष्प्रयोज्य सामग्री से कुछ रचनात्मक वस्तु का निर्माण कर कमरे में सजावट के तौर सजाने का शौक कब एक जुनून के रूप में तब्दील हो गया, शायद यह बात उनको स्वयं नहीं मालूम। एक जनपद-एक उत्पाद योजना अन्तर्गत गेहॅू के डंठल से निर्मित कलाकृति के शामिल होते ही श्री गुप्ता को जहां कार्य करने के लिए जहां एक ओर प्रोत्साहन मिला वहीं निर्मित कलाकृति की बिक्री से होने वाली आय ने परिवार को भी सहारा दिया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत यूनिक स्वयं सहायता समूह के गठन करने के पश्चात श्री गुप्ता ने वर्षों की मेहनत से सहेजे गये इस हुनर को दूसरे तक पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया।

श्री गुप्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही जिला कारागार में निरूद्ध महिला एवं पुरूष बन्दियों को सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत गेहॅू के डंठल से कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण प्रदान कर लगभग 40 बन्दियों को न सिर्फ हुनरमन्द बनाया बल्कि उनसे कलाकृतियां भी बनवायी जा रहीं है। श्री गुप्ता द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह निरन्तर महिलाओं को गेहॅू के डंठल से कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। साथ ही उन्हें कार्य का अवसर प्रदान कर जीविकोपार्जन में सहायता भी प्रदान की जा रही है।उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता द्वारा गेहॅू के डंठल से निर्मित कलाकृति की सराहना देश की राष्ट्रपति महोदया व प्रदेश की राज्यपाल व मुख्यमंत्री द्वारा भी की गई है। इसके अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, आयुक्त, डीआईजी एवं अधिकारियों की ओर से भी श्री गुप्ता को प्रोत्साहित किया गया है। श्री गुप्ता के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के युवक-युवतियां कलाकृति का हुनर सीख कर न सिर्फ अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं बल्कि अपने के लिए जीविकोपार्जन की राह भी आसान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न मेक इन इण्डिया व हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के क्रम में यह कार्य अपनी सार्थकता साबित कर रहा है। उल्लेखनीय है कि कपूरथला स्थित नवनिर्मित आडिटोरियम परिसर में सम्पूर्णता सम्मान समारोह अन्तर्गत 02 से 06 अगस्त तक सजायी गई आकांक्षा हाट के अवलोकन के दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा भी गेहॅू के डंठल से निर्मित कलाकृतियों को सराहा गया। इस अवसर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकांक्षा हाट में आकर विभिन्न स्वय सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों एवं कलाकृतियों की खरीदारी कर स्थानीय समूहों का उत्साहवर्द्धन करें।

## खबरें एक नजर में

### वाहन व अज्ञात चालक के नाम दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज, रायबरेली।** विकास सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम सोथी थाना महराजगंज जनपद रायबरेली ने कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वाहन संख्या यूपी 71 ए डब्लू 9407 चालक नाम पता अज्ञात के द्वारा वाहन को तेजी वाला प्रवाहित चलकर वादी के पिता को टक्कर मार देना जिससे वादी के पिता की मृत्यु हो गई पुलिस ने वादी की तहरीर पर वाहन संख्या यूपी 71 ए डब्लू 94 07 चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### खुद गिरकर घायल हुआ युवक जिला रेफर

**महराजगंज, रायबरेली।** आशीष यादव पुत्र शिवचंद यादव उम्र 30 वर्ष निवासी राजाखेड़ा थाना बछरावां अटरा के पास स्वयं गिर पड़े जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तेंदुए की सूचना मिलने पर वन विभाग 24 घंटे चला रहा है जन जागरूकता एवं निगरानी कार्यक्रम

**रायबरेली।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, रायबरेली मयंक अग्रवाल ने बताया है कि दिनांक 31 जुलाई 2025 को रात्रि लगभग 8ः00 बजे ग्राम सहगों तमनपुर ब्लाक बछरावां में तेंदुए के देखे जाने की सूचना दूरभाष पर प्राप्त हुई। तत्काल क्षेत्रीय वन अधिकारी बछरांवा टीम के साथ मौके पर पहुँचे एवं क्षेत्र में तेंदुए की पुष्टि हेतु सर्च आपरेशन चलाया गया परन्तु तेंदुए के होने की पुष्टि अभी तक नही हुई है। वन विभाग द्वारा टीमों का गठन कर 24 घंटे जन जागरूकता कार्यक्रम एवं निगरानी का कार्य किया जा रहा है।

### तेज रफ्तार कार व ई-रिक्शा की भीषण टक्कर से सात घायल



**सूची सलोन रायबरेली।** तेज रफ्तार कार व ई–रिक्शा में आमने–सामने भीषण टक्कर हो गई।जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं घटना में दोनों वाहन सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया जहां इलाज जारी है।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौराहा के पास की है। जहां ई–रिक्शा सलोन की तरह जा रहा था।तभी विपरीत दिशा से आ रही कार से भीषण टक्कर हो गई। जिससे ई रिक्शा सवार दीपू यादव, सुमित विश्वकर्मा, पुनीत यादव, अमित सभी निवासी बक्सी का पुरवा मेजरगंज व कार सवार अब्दुल सैफी, सैंमा बानों, रुकैया जनपद प्रतापगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर सूची चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तत्काल एम्बुलेंस की मदद से ई–रिक्शा सवार चारों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। वहीं कार सवार घायल निजी वाहन से अस्पताल गए। सूची चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार ने बताया सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है।आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सवर्ण आर्मी की महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित



**सीतापुर।** सवर्ण आर्मी के तत्वावधान में जिले की मलुही ग्राम सभा में एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुज त्रिवेदी द्वारा बताया गया की यह संगठन स्वर्णो के हित के लिए दिन रात कार्य कर रहा है संगठन के शीर्ष नेतृत्व सर्वेश पांडे शिवम सिंह और सूरत प्रसाद चौबे स्वर्ण समाज के हको लड़ाई रात दिन लड़ते देखे जाते हैं इस प्रकार अनुज त्रिवेदी द्वारा कई उदाहरण रखकर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार बैठकके दौरान नीरज सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया उन्होंने बताया कि आज मुझे वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद सर्वप्रथम संगठन के शीर्ष नेतृत्व और जिला नेतृत्व का अभाज्यता आता हूं मैं संगठन के कार्यों में दिन रात लगकर स्वर्ण हितों की रक्षा करूंगा। इस अवसर पर नगर टीम के कृष्णधार तिवारी विवेक दीक्षित अनिल शुक्ला श्याम दीक्षित ऋषभ तिवारी सहित पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

### 60 लीटर अवैध शराब के साथ 4 अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर।** थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब कारोबारियो पर कार्यवाही करते हुए ग्राम पालूडीह, जमौली आदि क्षेत्रों से अवैध शराब निष्कर्षण/ विक्रय, परिवहन आदि करते हुए कुल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे मौके से कुल 60 लीटर अवैध शराब बरामद हुई है। उक्त आपराधिक कृत्य के संबंध में थाना रेउसा पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### इनरव्हील क्लब और मैक्स हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया संयुक्त निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सीतापुर, बिसवां।** इनरव्हील क्लब और मैक्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 171 लोगो ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ का लाभ उठाया इस मौके मैक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने सभी मरीजो को निशुल्क परामर्श और दवाइया वितरित की इस मौके पर निशुल्क यूरिक एसिड शुगर ईसीजी कैल्शियम कोलेस्ट्रॉल बीएमआई ब्लड प्रेशर इत्यदि की जांच भी की गयी। शिविर के दौरान संस्था की अध्यक्ष गुरमीत कौर मीरा सिंघल सीमा जैन किरण गुप्ता रेनू मेहरोत्रा सुनीता अग्रवाल मानसी जायसवाल भावना अवस्थी सीमा सिंह शिवानी अग्रवाल गुंजन सेठ तुलसी गुप्ता अंजली गुप्ता सुरभि जैन निधि जैन एकता गुप्ता अनुभूति बंसल के अलावा विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ अल्पना अवस्थी उपस्थिति रही।

### बारिश में मकान ढ़हा, दबे चार बच्चों को आई मामूली चोटें



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम सभा आजादपुर के दुल्हीन का पुरवा में बारिश के चलते अति पिछड़े परिवार (वनमानुष) विजय कुमार पुत्र जग प्रसाद का घर ढह गया। दंपति इस बारिश में अपने चार बच्चों के साथ खाना खाने जा रहा था कि अचानक पुराना अधपका घर की दीवॉल के बैठने से मकान की छत सहित दीवाल गिर पड़ी, जिसमें उसके सभी नाबालिक बच्चे दब गए,भगवान का शुक्र रहा कि सबको मामूली चोटें आई, जिसका गांव में प्राथमिक इलाज कर दिया गया।इस गरीब परिवार की रही सही छत तो चली ही गई,अब इस परिवार को किसी के रहमों करम पर ही छत और भोजन मिल सकता है।

### 30 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राहुल सैनी उर्फ वोडा पुत्र संत प्रसाद निवासी ग्राम पन्हौना थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार का ईनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मोहनगंज में वांछित व 10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी महेश कुमार पुत्र मनीराम निवासी पूरे सुब्बा मजरे मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त एक सक्रिय आपराधिक गैंग का सदस्य का है जिसका गैंग लीडर पंकज सिंह उर्फ राजू है । उक्त गैंग आर्थिक, भौतिक लाभ हेतु अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री स्थापित करने, हत्या का प्रयत्न करने, वाहन चोरी व मारपीट करने आदि समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहता है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद अमेठी में अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री स्थापित करने, मारपीट आदि मामलों में अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# खड़े ट्रेलर में टकराई रोडवेज बस, चालक की मौत और छह घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के रतापुर चौराहे के पास बाइक शोरूम के सामने एक रोडवेज बस खड़े ट्रेलर में पीछे से जा टकराई। हादसे में रोडवेज बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में बैठी 6 सवारियां घायल हो गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

रविवार की सुबह प्रयाग डिपो की एक बस सवारियां लेकर लखनऊ से प्रयागराज जा रही थी। शहर के रतापुर चौराहे के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गई। टक्कर की तेज आवाज सुन अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे में बस चालक प्रयागराज के लालगोपालगंज निवासी अंजनी कुमार शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में बैठे गुलफाम, सादिक, आकांक्षा सिंह, अंशुमान राय, अंकित व राम दुलारे घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मिल एरिया थानाध्यक्ष अजय राय का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है।



## दीप फाउंडेशन ने हरियाली तीजोत्सव धूमधाम से मनाया



**रायबरेली।** दीप फाउंडेशन द्वारा हरियाली तीजोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए फाउंडेशन की अध्यक्ष दीपमाला तिवारी ने कहा कि इस तीज पर आपका जीवन खुशियों से भर जाए। महादेव और मां पार्वती का आशीर्वाद आपके जीवन को प्रेम शांति और खुशियों से भर दे। संस्था का प्रयास होता है हर संभव समाज हित एवं जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाई जाए। प्रत्येक पदाधिकारी सामाजिक कार्य के लिए प्रतिबद्ध और संकल्पित है। इस अवसर पर विधु सिंह, शांति सिंह, प्रीति सिंह, रितु सिंह, नीतू दक्ष, नीलू शर्मा, आरती दीक्षित, अजिता मिश्रा, रागिनी सिंह, रिचा विश्वकर्मा, श्वेता पांडे, हर्षिता बाजपेई, राखी बाजपेई, माधुरी द्विवेदी, शिवांगी शर्मा सहित संगठन की सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं समाज सेविका उपस्थित रही।

## दो अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मोटर चोरी एवं सड़क दुर्घटना के मामले को लेकर कोतवाली डलमऊ में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर डलमऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे धैताली मजरे डलमऊ गांव निवासी नीलम पत्नी पवन कुमार ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देते हुए बताया कि बीती 18 जुलाई को रात लगभग 9:00 बजे उसके पति पवन कुमार पुत्र भोला उम्र 30 वर्ष मुराई बाग से वापस घर आ रहे थे, जैसे ही वह डलमऊ रोड स्थित काशी ब्राइट स्कूल के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे बाइक सवार नरेंद्र पुत्र राम समुज पाल निवासी पूरे सूर्यबक्श बतौरा थाना डीह रायबरेली ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके पति के बाँए पैर की हड्डी टूट गयी और गम्भीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली क्षेत्र के पूरे परसादी मजरे करकसा गांव निवासी अंकुर पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कटघर गांव में स्थित बीसीसी कंपनी के डब्लूएमएम प्लांट में वह सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उसका प्लांट वर्तमान समय में बंद चल रहा है जिसके कारण मशीन में लगे मोटरों को खुलवाकर उसने अपने ऑफिस में रखवा दिया था शनिवार को जब वह ऑफिस गया तो उसने देखा कि ऑफिस का कांच टूटा हुआ है तथा ऑफिस में रखे 6 मोटर गायब थे आसपास खोजबीन की गई, तो वहीं पास के खेत में दो मोटर मिल गई लेकिन चार मोटर नहीं मिली दोनों पीड़ितों ने कोतवाली डलमऊ में प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्यवाही की जा रही है।

## धान की पैदावार बढ़ोतरी के लिए नवीन खुशहाली कृषि केंद्र द्वारा किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**शिवगढ़ , रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



किसानों को धान की फसल से अच्छी पैदावार प्राप्त करने एवं उसमें लगने वाले रोग व कीट से बचाव के लिए नवीन खुशहाली किसान सेवा केंद्र के कर्मचारियों द्वारा शिवगढ़ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है जिससे किसान अपनी फसल से अच्छी पैदावार प्राप्त कर सके। गौरतलब हो कि शनिवार को शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा, बहादुर नगर गांव में नवीन खुशहाली कृषि केंद्र के प्रभारी ओपी मिश्रा द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद किसानों को धान की फसल से अच्छी पैदावार प्राप्त करने एवं उसमें लगने वाले रोग व कीट (जड़ गलन,खैरा बकानी) से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। वहीं गोष्ठी के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र प्रभारी ओपी मिश्रा ने बताया कि खरीफ के सीजन की मुख्य फसल मानी जाने वाली धान की फसल की रोपाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब किसान अपनी फसल को खरपतवार नियंत्रण एवं रोग कीट से बचाव की तैयारी कर रहे हैं जिससे किसान फसल की अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया की खुशहाली कृषि केंद्र पर धान की फसल संबंधी सभी प्रकार के खरपतवार नाशी एवं कीटनाशक उपलब्ध हैं जिन किसानों को किसी भी प्रकार के धान की फसल संबंधी समस्या है। वह खुशहाली कृषि केंद्र पर पहुंचकर निशुल्क रूप से जानकारी हासिल कर सकते हैं तो वहीं उचित मूल्य पर उर्वरक एवं कीटनाशक प्राप्त कर सकते हैं रानीखेड़ा व बहादुर नगर गांव में आयोजित किसान गोष्ठी में लगभग दर्जनों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सड़क पर उतरे ईओ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़**




रायबरेली में लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव और अन्य समस्याओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए अधिशासी अधिकारी सड़कों का निरीक्षण कर रहे हैं। सामान्य तौर पर, भारी बारिश के दौरान जिला प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी जल निकासी, सड़क की स्थिति और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण करते हैं। मौसम विभाग के अपडेट के अनुसार, रायबरेली में आज और अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना बनी हुई है, जिसके कारण तापमान 26-33°C के बीच रह सकता है और आर्द्रता का स्तर भी ऊँचा रहेगा, जिससे जलभराव की स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## संगठन को चलाने के लिए धन, समय और एकता की होती है आवश्यकताः अचिन मेहरोत्रा

**सीतापुर, बिसवां, समृद्धि न्यूज़।**



खत्री समाज का लक्ष्य सदैव राष्ट्र सेवा का रहा है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में खत्री समाज के लोग ईमानदारी और लगन से हिस्सेदारी निभाकर समाज और राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। यह बातें बिसवां खत्री सभा के शपथ ग्रहण समारोह में बोलते हुए जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहीं। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने आगे कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए धन, समय और एकता की आवश्यकता होती है। इस मौके पर खत्री समाज की विभिन्न कार्यकारिणी गठित की गयी जिसमें विधानसभा बिसवां के अध्यक्ष अमरनाथ मेहरोत्रा और महामंत्री रवि दद्दू भल्ला मनोनीत किये गए महिला सभा की अध्यक्ष कुसुम कपूर और महामंत्री श्वेता अरोड़ा बनी युवा कार्यकारिणी के अध्यक्ष रोहितभल्ला और महामंत्री नमन मेहरोत्रा बनाए गए है। समारोह में खत्री सभा के संरक्षक गोपाल टंडन, जिला महामंत्री रेनू मेहरोत्रा राजेश मेहरोत्रा व सुधीर मेहरोत्रा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रमुख रूप से समीर पुरी, खत्री सचिन मेहरोत्रा, मीनू कपूर, मनोज कपूर, नितिन मेहरोत्रा, मनोज सेठ, नितिन मेहरोत्रा, नितिन मेहरोत्रा अमर मेहरोत्रा, राजेश कपूर लल्लो, शोभना मेहरोत्रा, दिलीप सेठ प्रभात महेंद्र सहित खत्री समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ साहित्यकार विनोदिनी रस्तोगी पंचतत्व में विलीन



**सीतापुर।** स्थानीय शवदाह स्थल गोपाल घाट में गत दिवस सीतापुर की वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवयित्री विनोदिनी रस्तोगी जो कि स्मृतिशेष डॉक्टर केदारनाथ रस्तोगी की धर्मपत्नी थीं, पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके बड़े बेटे डॉ. प्रवीण रस्तोगी ने आर्य समाज हवन पद्धति से उन्हें मुखाग्नि दी। छायावाद की पोषक विनोदनी जी ने अनेक पुस्तकों की रचना की थी जिनमें बाल कहानी संग्रह कत्था चूना बातें करें, काव्य संग्रह अभिलाषा, कथा संग्रह नदी बह रही है, निबंध संग्रह ज्योतिर्मय एवं गीत लोकगीत संग्रह चेतना के स्वर आदि प्रमुख हैं। कवयित्री को साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा से साहित्य शिरोमणि सम्मान, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज द्वारा प्रज्ञा भारती उपाधि, अयोध्या आयोजन समिति द्वारा शाश्वतामृत सम्मान, साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा लेखिका सम्मान, सांस्कृतिक मंच भिवानी द्वारा सांस्कृतिक सम्मान तथा राजकीय हिंदी संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा साहित्य गौरव सम्मान आदि से विभूषित भी किया गया था। उपरोक्त के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर संस्कार भारती, अन्नपूर्णा सेवा संस्थान एवं हिंदी साहित्य परिषद आदि ने भी उन्हें समय–समय पर सम्मानित किया था। अपने परलोक गमन से पूर्व उन्होंने नेत्रदान भी किया था। उपरोक्त अवसर पर कवयित्री छाया त्यागी डॉ. मनोज दीक्षित, इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर, कवि अरविंद रस्तोगी, कवि रामदास वैश्य रामू , डॉ. प्रमोद कुमार धवन, डॉ. सुनील वैश्य, डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. राज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विनोद त्रिपाठी, मनोज रस्तोगी, हरीश रस्तोगी गोलू, इंजीनियर निशीथ रस्तोगी, चंद्रक्षेखर रस्तोगी, राधेश्याम रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, श्रीराम रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

## चोरी की घटना का अनावरण, दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा चोरी/नकबजनी जैसी घटनाओं के संबंध में पंजीकृत अभियोगो में प्रकाश में आये शातिर अभियुक्तगण पंकज पुत्र रामसिंह नि. ग्राम सरैया मिर्जापुर थाना बिसवां जनपद सीतापुर व राजकुमार पुत्र सत्रोहन निवासी ग्राम बेनीपुर थाना बिसवां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे चोरी से सम्बन्धित कुल 1150 रूपये एवम् 10 लीटर मेंथा आयल व एक अदद तंमचा 12 बोर व 2 अदद कारतूस 12 बोर तथा एक अदद तमंचा 315 बोर व 2 अदद कारतूस 315 बोर जिन्दा बरामद हुआ है। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि यह मेंथा आयल की पिपिया हम दोनों ने बीती रात चौबगा गांव के दक्षिण दिशा में बने एक मकान से चोरी की है और उसी घर से बक्से में पैसे भी चुराये थे जिसमें से 1150 रु0 बचे थे। चोरी की घटना के संबंध में थाना स्थानीय पर बीएनएस की संबंधित धारा पंजीकृत हैं। पुलिस द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म के अपराधी है जिनके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/ नकबजनी/ अवैध शस्त्र/ लूट आदि जैसे अपराधों में कई अभियोग जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों में पंजीकृत है। अभि उपरोक्त का चालान सम्बंधित न्यायालय किया गया है।

## इंडिया मार्का नल के मेंटीनेंस व रिबोर के नाम पर प्रधान व सेक्रेटरी ने लगाया लाखों का चूना

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सरकार जहां कल्याणकारी योजनाओ के माध्यम से जनमानस को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रयत्नशील है, वहीं जेबे भरने के चक्कर मे ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी सांठगांठ करके इन्डिया मार्का हैण्डपम्प मेंटीनेंस कराने व रिबोर के नाम पर खेल करके सरकार को लाखो का चूना लगाया है। जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सबकुछ जानकर भी अंजान बने हुए हैं। सूत्रों की मानें तो जगदीशपुर विकासखण्ड के अन्तर्गत दर्जनों ग्राम पंचायतों में बिगड़े पडे इन्डिया मार्का हैण्डपम्प की मरम्मत व रिबोर कराने के बहाने ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी ने ऐसा खेल खेला कि किसी को भनक तक नहीं लगी ।ट्रेडर व दुकानदार के नाम पर बिल छपवाकर मनमाने तरीके से मैटेरियल व पार्ट दर्शाते हुए कागजी खानापूर्ति कर खाते से पैसा निकाल कर आपस में बांट लिया। ग्रामीणों की माने तो नाम मात्र के लिए गिने चुने स्थानों पर कार्य कराया गया है शेष अधिकतर फर्जी कार्य दर्शा कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर मालामाल हो गए। वहीं इक्का दुक्का ग्राम पंचायतो में जब इसकी शिकायत उच्च स्तरीय अधिकारियों तक पहुंचने पर कारण बताओ नोटिस तक जारी की गई। अभी भी कई स्थानों पर बिगड़े पडे इन्डिया मार्का हैण्डपम्प प्रधान व सेक्रेट्री द्वारा कराए गए कार्यों की पोल खोल रहे हैं यदि उच्च स्तर पर कराए गए कार्यो की बारीकी से जांच की जाए तो रिबोर व मेंटनेंस घोटाले का पर्दाफाश होकर भ्रष्टाचार की कलई खुल जाएगी।

## एसडीएम तथा क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी में हुआ तेंदुए का दाह संस्कार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र भाले सुलतान शहीद स्मारक थाना के कादूनाला जंगल में नेवादा भैदपुर स्थित इलाके में शनिवार को पांच लोगों को घायल करने वाले आदमखोर तेंदुए को शनिवार की देर रात भैसों के हमले से मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों में आदमखोर तेंदुए का आतंक बना था। शनिवार को क्षेत्र के कादूनाला जंगल स्थित भैदपुर विरईपुर गांव निवासी बलदेव पुत्र शोभा विजय कुमार उर्फ सोनू पुत्र छोटू राम व छोटेलाल पुत्र महावीर सहित पांच लोगों को आदमखोर तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है सूचना पर एसडीएम अभिनव कनौजिया तहसीलदार राहुल सिंह वन क्षेत्राधिकारी पुलिस व वन विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आदमखोर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया परंतु प्रशासन तेंदुए को पकड़ने में असफल रहा। बीती रात हमलावर तेंदुए ने पशुशाला में मौजूद भैंस के ऊपर हमला कर घायल कर दिया इसी दौरान भैंसों ने आक्रामक होकर आदमखोर तेंदुए को मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पुलिस व वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर लखनऊ बाराबंकी अमेठी के चिकित्सकों की टीम द्वारा तेंदुए का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत उसका एसडीएम अभिनव कनौजिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों व क्षेत्रीय विधायक राकेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में बनस्थली परिसर में दाह संस्कार कराया गया।

## कृषक गोष्ठी एवम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड फुरसत गंज के खण्ड विकास कार्यालय सभागार में कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान सम्मान उत्सव दिवस तथा कृषक गोष्ठी एवम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश बहादुर सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष चन्द्र पाल यादव यादव महामंत्री आरपी यादव, प्रधान प्रदीप कुमार सिंह तथा ब्लाक के कृषक तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं रही । कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी अनिल कुमार ने मौजूद कृषकों को खरीफ में धान की फसल में लगने वाले कीट एवं रोग की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि जिन कृषकों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा नहीं आता कृषक भाई अपना आधार कार्ड लेकर आएं उन कृषकों की समस्या का समाधान कर उनको पीएम किसान सम्मान निधि दिलाया जाएगा। एडीओ एजी ने किसानों को मोटे अनाजों, की खेती के बारे में जागरूक किया तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कृषक अशोक कुमार तिवारी, सुनील कुमार, जयराम, शिव राम चौधरी ,जानकी देवी, रामरती आदि कृषकों को कृषि विभाग की योजनाओं की अनेकों जानकारियां विभागीय कर्मचारियों द्वारा विस्तृत रूप से दी गई। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारी राम प्रकाश, मुनीश, एडीओ एजी कृष्ण कुमार, रंजीत बब्लू के अलावा लगभग 200 कृषक मौजूद रहे।

## ज्ञान से मित्रता

ज्ञान से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं। गीता की घोषणा है–नहि ज्ञानेन पवित्रमिह विद्यते। ऋग्वेद में 'ज्ञान' विषयक एक सूक्त (ऋ0 10.71) है। 'ज्ञान' यहां एक देवता हैं। ऋग्वेद के देवता अभिभूत करते हैं। यहां पशु–पक्षी भी देवता हैं। कृषि भी देवता है। साहस (मन्यु) भी देवता हैं। श्रद्धा और हाथ भी देवता है। जहां–जहां दिव्यता वहां–वहां देवता। वस्तुओं मनोभावों को देवता मानने की वैदिक शैली अनूठी है। यही परम्परा ट्रक चालक भी निभाते हैं। वह गा?ी पर बैठते ही स्टीयरिंग को प्रणाम करता है, सिर झुकाता है चल देता है। लोग ऐसे कृत्यों पर हंसते हैं। हंसना जायज है। स्टियरिंग को प्रणाम करने का कोई तुक नहीं। लेकिन ऋग्वेद में 'नमस्कार' भी देवता हैं। मूर्ति, स्टीयरिंग, किताब, पे? या नदी को किए गए नमस्कार का सीधा सम्बंध हमारी अंतश्चेतना से है। मूर्ति या स्टीयरिंग नमस्कार के भूखे नहीं है। वे इसका जवाब भी नहीं देते। लेकिन नमस्कार से हमारे मन और काया में रासायनिक परिवर्तन होते हैं। नमस्कार अंतःकरण को प्रीतिभाव से भरता है। सृष्टि के प्रारम्भ में कोई एक आदि तत्व या मूलभूत द्रव्य रहा होगा। उसी से भिन्न भिन्न पदार्थो का विकास हुआ। परम तत्व एक से अनेक रूपों में हो गया। ऋषि बताते हैं फ्रअग्रं यत्प्रैरत नामधेयं दधानाः–प्रारम्भिक स्थिति में विभिन्न पदार्थो का नामकरण ही ज्ञान का प्रथम सोपान बना। इनका शुद्ध ज्ञान अनुभूति में होता है और वह अंतः प्रेरणा से प्रकट होता है। (ऋ0 10.71.1) रूप देखकर नाम रखना, रूप के साथ नाम मिलाकर जानना ज्ञान की शुरूवात है। रूपों के भीतर छुपे गुण–धर्म का ज्ञान अनुभव से ही आता है। यहां अनुभव पर जोर है। जलती अग्नि या बहती हुई नदी दिखाई पड़ीं यह रूप था। नाम रखा गया अग्नि या नदी। रूप के साथ नाम याद रखना ज्ञान की प्रथम सीढ़ी है। नाम पदार्थ नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ का भाषिक प्रतिनिधि है। नाम और रूप मिलाकर ज्ञान बनते हैं। इसके सामाजिक बोध और ज्ञान को साझी बनाने के लिए भाषा चाहिए। भाषा सुबोध चाहिए। सुसंस्कृत भी चाहिए। ऋषि कहते हैं, फ्रसूप से सतू स्वच्छ करने की तरह मेधावी जन भाषा ग?ते हैं और मित्रगण आत्मीय भाव से समझ लेते हैं। ऐसे सफल विद्वान की वाणी में लक्ष्मी का निवास होता हैफ्र (वही, मन्त्र 2) भाषा ज्ञानी की वाणी में सरस्वती नहीं लक्ष्मी के निवास का रूपक है। वाणी स्वयं देवी है। वह स्वयं सरस्वती है। भाषा का ज्ञान अतिरिक्त समृद्धि है। इसलिए यहां लक्ष्मी का रूपक है। आगे कहते हैं ज्ञानियों ने तत्वज्ञानियों के अंतःकरण में प्रविष्ट भाषा को प्राप्त किया। उसे प्रसारित किया। (वही, मन्त्र–3) ज्ञानी को तत्वज्ञानियों से भाषा संस्कार मिले। तब उनका प्रसार हुआ। माना जाता है कि जो प्रत्यक्ष है, वह सत्य है, वही ज्ञान है। ऋषि सतर्क करते हैं अनेक लोग देखकर भी ज्ञान नहीं पाते। अनेक लोग सुनकर भी ज्ञान नहीं पाते। लेकिन सुपात्र के सामने वाणी स्वयं ही अपना सत्य रूप प्रकट कर देती है। (वही, मन्त्र 4) पड़कर लिख देना एक शैली है। लोग ऐसे लेखकों को विद्वान कहते हैं। सुना–सुनाया दोहरा देने वाले भी ज्ञानी जैसी प्रतिष्ठा पाते हैं लेकिन ऋषि कहते हैं, शाब्दिक भावों को ग्रहण करने और उन्हें दोबारा प्रकट करने वाले प्रशंसा पाते है परन्तु उनमें से भी बहुत ऐसे हैं जो भाषा का फल (अर्थ) और फूल (अभिप्राय) नहीं जानते, ऐसे लोग दूध रहित गाय दुहते हैं। वाणी के जरिए प्रपंच करते हैं। (वही मन्त्र 5) खास बात है अनुभव। अनुभूति ही ज्ञान को वास्तविक बताती है।

# मालेगांव विस्फोट व भगवा पर कलंक की साजिश



**भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा ध्रूवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की ज़रूरत क्यों पड़ी? क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया? क्यों मीडिया ने बिना परीक्षण के 'हिंदू आतंकवाद' की ब्रेकिंग न्यूज़ चला दी? यह वही मानसिकता थी जो आतंकवाद को धर्म से जोड़कर एक खास समुदाय को डराने और एक संप्रदाय को बदनाम करने में लगी थी।**

क 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए बम विस्फोट की न्यायिक परिणति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि कैसे सत्ता, वोटबैंक और वैचारिक पूर्वाग्रहों ने भारतीय न्याय और निष्पक्षता की नींव को झकझोर दिया। मुंबई की एनआईए कोर्ट द्वारा सातों आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित को सबूतों के अभाव में बरी कर देना न केवल कानूनी दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फैसला है, बल्कि यह उस भगवा आतंकवाद की मिथ्या कथा पर भी करारा प्रहार है जिसे वर्षों तक कांग्रेस ने राजनीतिक मंचों और मीडिया के जरिए प्रचारित किया गया। यह कांग्रेस की फर्जी कहानी का अंत एवं सत्य की जीत का एक अमूल्य आलेख है।

अदालत का यह वक्तव्य कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता', भारतीय संस्कृति और न्यायशास्त्र की मूल आत्मा को पुनः जीवित करता है। यह वही भारत है जहां 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'अहिंसा परमो धर्मः' की गूंज होती रही है, लेकिन दुर्भाग्यवश 2008 के बाद हिंदू धर्म, हिंदुत्व और भगवा पर ऐसा कलंक मढ़ा गया मानो वे आतंकवाद के स्रोत हों। मालेगांव विस्फोट मामले में एनआइए की विशेष अदालत उस नतीजे पर पहुंची, जिस पर बांबे हाई कोर्ट ट्रेन विस्फोट कांड की सुनवाई करते हुए पहुंचा था। ऐसा कई आतंकी घटनाओं के मामलों में हो चुका है। इससे यही पता चलता है कि कभी जांच एजेंसियां, कभी अदालतें और कभी दोनों अपना काम सही तरह और समय पर नहीं करतीं। जांच और फिर अदालती कार्यवाही में देरी तथा ढिलाई एक बड़ा रोग है। आतंक के मामलों की जांच में यह भी कोई दबी-छिपी बात नहीं कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं वोट बैंक बाधा बनते हैं। आतंकी घटनाओं को राजनीतिक रंग दिया जाता है। मालेगांव विस्फोट कांड में प्रज्ञा ठाकुर, सुधाकर द्विवेदी आदि की गिरफ्तारी के आधार पर हिंदू और भगवा आतंक का जुमला उछाला गया। इसका मकसद कथित भगवा आतंक को जिहादी आतंक जैसा बताना था। यह हिंदू ही नहीं, देश विरोधी साजिश थी। इसका लाभ पाकिस्तान को मिला, क्योंकि कांग्रेस के कई नेताओं ने समझौता एक्सप्रेस कांड पर भी एजेंसियों के सहारे भगवा आतंक की फर्जी कहानी गढ़ी।

भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा ध्रूवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की ज़रूरत क्यों पड़ी? क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया? क्यों मीडिया ने बिना परीक्षण के 'हिंदू आतंकवाद' की ब्रेकिंग न्यूज़ चला दी? यह वही मानसिकता थी जो आतंकवाद को धर्म से जोड़कर एक खास समुदाय को डराने और एक संप्रदाय को बदनाम करने में लगी थी।

यह कांग्रेस का एक षडयंत्र एवं साजिश थी जो अब पर्दापाश हो गयी है। कांग्रेस शासित प्रांत में सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया गया। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। कोर्ट ने कहा, श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की देरी और जांच एजेंसियों की लापरवाही स्वयं अदालत द्वारा उजागर की गई। अदालत ने कहा कि ना तो घटनास्थल का स्केच बनाया गया, ना फिंगरप्रिंट लिए गए, ना बम के सटीक स्रोत की पुष्टि हुई और ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण था। अभियोजन पक्ष ने जिस मोटरसाइकिल को बम के लिए इस्तेमाल होने की बात कही थी, वह भी प्रज्ञा ठाकुर से जुड़ी नहीं पाई गई। यह सब कुछ बताता है कि पूरा केस पूर्वग्रहों, दुर्भावना और राजनीतिक साजिश से प्रेरित था। यदि न्याय के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जाए, तो वह केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि समस्त समाज और संस्कृति को दंडित करने जैसा होता है। प्रश्न यह उठता है- तो क्या अब तक इन आरोपियों को गलत तरीके से आतंकवादी घोषित कर वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया? हिंदू धर्म और आतंकवाद-ये दो शब्द आपस में मेल नहीं खाते। सनातन संस्कृति का मूल आधार ही शांति, सहिष्णुता और करुणा है। विश्व में यदि कोई धर्म ऐसा है जिसने 'युद्ध नहीं, यज्ञ', 'हिंसा नहीं, अहिंसा' का मार्ग दिखाया है, तो वह हिंदू धर्म है। राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, विवेकानंद और गांधी-इन सभी की परंपरा में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं।

## विचार

# डोनाल्ड ट्रंप को प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक

**प्रेम शर्मा**



**ऐसे में भले ही कुछ नेता या विदेशी नेता कुछ भी कहें भारत को इससे कोई फर्क नही पड़ता। प्रवासियों के खदड़ने की घटना के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अचानक से भारत को लेकर बेहद आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफलगाने का ऐलान किया है और यह भी चेताया है कि रूस से व्यापार की एवज में कुछ एक्स्ट्रा टैक्स भी लगाया जाएगा। ट्रंप का हालिया बयान केवल टैरिफया व्यापार घाटे से नहीं जुड़ा। इसके पीछे लंबी हताशा और अपनी इमेज बचाने की चिंता है। कई चरण की बातचीत के बावजूद दोनों देशों की ट्रेड डील किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के खिलाफउठाए गए तीखे व्यापारिक कदमों और विवादित बयानों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिवस वाराणसी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए भारत के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का दमदार संदेश दिया। भारत के लिए अपने किसानों, युवाओं और छोटे उद्यमियों की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है. हम किसी भी देश के दबाव में न अपने फैसले बदलेंगे, न अपने संकल्प।। यह एक तरह से अमरीका राष्ट्रपति को दो टूक जबाब है।प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अब तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है, और इसके लिए 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी उत्पादों' के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

निश्चित रूप से भारत का यह संकल्प अमरीका की आर्थिक स्थिति पर वह चोट पहुंचायेगा जिसकी अमरीका को कल्पना भी नही होगी। मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहाकि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, भारत को अपने आर्थिक आत्मबल और रणनीतिक नीति-निर्माण पर पूरी तरह ध्यान देना होगा। इतना तो यह है कि डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ा दिया है। भारत पर भारी शुल्क लगाने, पाकिस्तान के साथ रिफायनरी साझेदारी और यहां तक कि भारत से तेल व्यापार खत्म करने की संभावना तक जताई हैं जिससे भारतीयों में डोनाल्ड ट्रंप के रवैये से आघात पहुंचा है। इतना ही नहीं, ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत यानी मृत कहकर दुनिया भर में विवाद छेड़ दिया। इस पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहाकि कुछ लोग भारत की ताकत भूल गए हैं। हमारी आर्थिक प्रगति, हमारे युवा और हमारी नीतियां दुनिया के लिए उदाहरण बन रही हैं। 2024 में भारत ने 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज कराई जो वैश्विक औसत से कहीं बेहतर है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 670 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। जो विश्व में सबसे बड़े भंडारों में से एक है।2024 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें 120 अरब डॉलर का व्यापार अकेले अमेरिका के साथ हुआ। क्या इस आकड़े को अमरीका नजर अन्दाज कर सकता है ? 2025-26 के बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ और किसानों के लिए 1.52 लाख करोड़ की सहायता की घोषणा की गई है।इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि भारत की आर्थिक स्थिति स्थिर ही नहीं, बल्कि लगातार प्रगति की ओर बढ़ रही है।

ऐसे में भले ही कुछ नेता या विदेशी नेता कुछ भी कहें भारत को इससे कोई फर्क नही पड़ता। प्रवासियों के खदड़ने की घटना के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अचानक से भारत को लेकर बेहद आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफलगाने का ऐलान किया है और यह भी चेताया है कि रूस से व्यापार की एवज में कुछ एक्स्ट्रा टैक्स भी लगाया जाएगा। ट्रंप का हालिया बयान केवल टैरिफ या व्यापार घाटे से नहीं जुड़ा। इसके पीछे लंबी हताशा और अपनी इमेज बचाने की चिंता है। कई चरण की बातचीत के बावजूद दोनों देशों की ट्रेड डील किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पाई है। हर डील अपनी शर्तों पर करने वाले ट्रंप कृषि और डेयरी सेक्टर में अमेरिका के लिए खुली छूट चाहते हैं। ऐसा करना भारतीय किसानों के हित में नहीं होगा और सरकार को इस मामले में बिल्कुल भी नहीं झुकना चाहिए। वैसे भी व्यापार एकतरफा फायदे को देखकर नहीं किया जा सकता। हालांकि दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ असहमति की जो वजहें गिनाई हैं, उसमें रूस से तेल खरीदना प्रमुख है। वैसे तो 2022 तक भारत की तेल आपूर्ति में रूस का हिस्सा सिर्फ 1 प्रतिशत था। आज यह आंकड़ा 35-40 प्रतिशत है, और जरूरत पड़ने पर इससे पीछे हटना संभव है, क्योंकि अब रूसी तेल पर पहले जितना फायदा नहीं हो रहा फिर भी यहां बात केवल फायदे नहीं, दो देशों के रिश्तों और हक की भी है। भारत की अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। आखिर अमेरिका ने भी तो उस पाकिस्तान के साथ डील की, जो वैश्विक मंचों पर कई बार आतंकवाद की शरणस्थली साबित हो चुका है। ऐसे में पाक के प्रति अमरीका का लगाव भारत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। वैसे भी ट्रंप न अपने बयानों पर स्थिर रहते हैं और न पॉलिसी पर ऐसे में जिन देशों ने उनके साथ डील की है, उन्हें भी कोई फायदा नहीं हुआ। ब्रिटेन, वियतनाम से डील के बावजूद टैरिफबढ़ रहा है। इसी तरह ईयू के कई देश नाराज हैं क्योंकि आयात शुल्क औसत 4.8 प्रतिशत से बढ़कर अब 15 प्रतिशत हो चुका है।

## आधा-अधूरा कृत्रिम मेधा का ज्ञान देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक

**संजीव ठाकुर**

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी नब्ज पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। कृत्रिम मेधा की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे हो गये हैं। अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है।

आश्चर्यजनक रूप से यूएई, सऊदी अरबिया, कतर, मिस्र, जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसानदेय भी हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है। इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है। अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है। वैसे यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं। विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं। खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34ः बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं।

खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेंस यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैस यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंस दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फसामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफउतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता हैस राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।



## राशिफल

आज का राशि फल

मेषः- काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

बृषभः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

मिथुनः- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्यरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

कर्कः- नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

सिंहः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्यरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्यरें में लापरवाही कतई न करें।

कन्याः- जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्यरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

तुलाः- भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

वृश्चिकः- रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

धनुः- अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

मकरः- बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी

# हलधर नाग और संबलपुरी समाज

**गौरव अवस्थी**

**चेहरे पर किसी से कोई सम्मान की चाहत न चरित्र में, लेकिन संस्थान के संत्री हो या अन्य मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता-साहित्यकार, सब पैर छूकर आशीर्वाद लेने को लालायित। मैं खुद भी उसमें शामिल हो गया। क्यों के जवाब में बस इतना कह सकता हूं, यह पदक की चमक पर नहीं, सादगी के सम्मान में। यह होता है लोककवि का लालित्य। जहां हर कोई स्वयं ही श्रद्धावनत हो। हर कोई उनसे मिलने- बतियाने और सेल्फी लेने को बेताब! लोक की बात करने या लिखने भर से कोई लोककवि नहीं होता। इसके लिए लोक से जुड़ना भी होता है। हलधर नाग लोक की बात जितना लिखते हैं, उससे ज्यादा लोक में विचरते हैं। लोक से जुड़ते हैं। लोक के साथ चलते हैं। अपनी लोक कविताओं से तो हलधर नाग कोसल प्रदेश में लोकप्रिय हैं ही।**

आवि या साहित्यकार को सुनकर वाह-वाह और तालियां बजाते तो हम सब सुनते ही हैं। यह अब व्यापार सा बन चुका है या मार्केटिंग का खेल। असली सम्मान वह है जब मंत्री से लेकर संत्री तक बोलें और सामने की पंक्ति में श्रोता के रूप में साहित्यकार सुने। अपने जीवन पर। अपने काम पर। अपने साहित्य पर। अपनी कविता पर। ऐसा हमने पिछले दिनों बरगढ़ (ओड़िशा) में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार में प्रत्यक्ष देखा-सुना। मंत्री के उद्बोधन में। संस्था के संबोधन में। विद्वानों के व्याख्यान में। चित्र में। चरित्र में। नृत्य में। नाटक में। गायन में। 2 दिन। 20 घंटे। 5 सत्र। 25 वक्ता। 5 संचालक। 11 साँस्कृतिक कार्यक्रम। सेमिनार के शुभारंभ पर कविजी की कविता- ई माटीर पानी पवनरे.. गीत के सस्वर गायन को सुनना अद्भुत था।

अछूत शबरी पर केंद्रित अछिया काव्य पर आदिवासी बच्चियों की भावपूर्ण प्रस्तुति हो या कविजी के जीवन पर आधारित लघु नाटिका। सब दिल जीत। क्षेत्र के संगीता के मानते हैं, कोसली में लिखी उनकी कविताएं राग के मानकों पर भी फिट हैं। कविताओं की रागमयी प्रस्तुति को हलधर संगीत ही कहा जाता है।सभागार के प्रवेश द्वार पर दोनों तरफ चार दर्जन से अधिक विभिन्न मुद्राओं वाले हाथ से बने स्कैच या फोटो देखना एक अलग लोक का अनुभव जैसा था। ऐसा हमने 2 साल पहले सिर्फ प्रभाष प्रसंग में देश के श्रेष्ठ पत्रकार-संपादक प्रभाष जोशी के संबंध में चित्तौड़ में ही देखा था। सब-के-सब उस साहित्यकार को समर्पित, जिसे दुनिया %लोक कविरत्न% के रूप में जानती-मानती-पहचानती है। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाली इस अजीम शख्सियत का नाम है- हलधर नाग। वर्ष 2016 में भारत सरकार के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मश्री से विभूषित हलधर नाग का निर्विकार भाव, शांत समुद्र और गंभीर श्रोता की तरह सबको सुनना और सारे आयोजनों में सामान्य जन की तरह सहभागिता, इस सेमिनार का सबसे विशेष पक्ष थी। एक दृश्य देख लीजिए- 28 जून को सुबह 10 बजे सेमिनार का शुभारंभ था। रात से शुरू हुई वर्षा आयोजन प्रारंभ होने के एक घंटे पहले तक जारी थी। इस बारिश के बीच ही नंगे पैर धोती-बनियान पहने और अपनी कुछ पुस्तकों का झोला खुद हाथ में थामे हलधर नाग दिखाई देते हैं।

चेहरे पर किसी से कोई सम्मान की चाहत न चरित्र में, लेकिन संस्थान के संत्री हो या अन्य मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता-साहित्यकार, सब पैर छूकर आशीर्वाद लेने को लालायित। मैं खुद भी उसमें शामिल हो गया। क्यों? के जवाब में बस इतना कह सकता हूं, यह पदक की चमक पर नहीं, सादगी के सम्मान में। यह होता है लोककवि का लालित्य। जहां हर कोई स्वयं ही श्रद्धावनत हो। हर कोई उनसे मिलने- बतियाने और सेल्फी लेने को बेताब! लोक की बात करने या लिखने भर से कोई लोककवि नहीं होता। इसके लिए लोक से जुड़ना भी होता है। हलधर नाग लोक की बात जितना लिखते हैं, उससे ज्यादा लोक में विचरते हैं। लोक से जुड़ते हैं। लोक के साथ चलते हैं। अपनी लोक कविताओं से तो हलधर नाग कोसल प्रदेश में लोकप्रिय हैं ही। बाहरी दुनिया से हलधर नाग को परिचित कराने वाले अभिमन्यु साहित्य संसद के संस्थापक अशोक कुमार पूजाहारी का कम योगदान नहीं। हिंदी समाज में उनके साहित्य को विस्तार देने में अनुवादक दिनेश कुमार माली की महती भूमिका है। इस आयोजन की सूत्रधार भी उन्हीं की संस्था %अभिमन्यु साहित्य संसद थी। सहयोगी भूमिका में कृष्णा विकास संस्थान। 31 मार्च 1950 को बरगढ़ के ऐतिहासिक घेंस गांव में जन्मे हलधर नाग का लोक साहित्य दुनिया के तमाम देशों में शोध का विषय है। आर्थिक अभावों से स्कूली शिक्षा से वंचित रहने वाले पद्मश्री हलधर नाग संबलपुर की अधिष्ठात्री देवी माँ समलेई, भगवान राम और श्रीकृष्ण के अतिरिक्त रामकथा में उपेक्षित मिथकीय पात्र महासती उर्मिला एवं अछूत शबरी पर %अछिया% नामक महाकाव्य लिखकर अपने जीवित रहते ही अमर हो चुके हैं। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त को उपेक्षित उर्मिला पर साकेत महाकाव्य लिखने की प्रेरणा दी, उन्हीं पर हलधर नाग ने स्वप्रेरणा से महासती उर्मिला महाकाव्य का प्रणयन किया। प्रकृति से सीधा तादातम्य रखने वाले हलधर नाग की पहली कविता है- ढाड़ो बरगाछ। हिंदी में इसे कहा जाएगा - बूढ़ा बरगद%। बरगद का यह पेड़ आज भी उनके संग्रहालय के सामने है। रात ही सही, कविता के बहाने चर्चा में आ चुके इस विशाल बरगद के नीचे कुछ देर सांस लेने का मौका इन पंक्तियों के लेखक को भी मयस्सर हुआ। 1990 में लेखन की दुनिया में कदम रखने वाले हलधर नाग अब तक दो दर्जन से अधिक काव्य, महाकाव्य, खंडकाव्य रच चुके हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# रिंग तट बंध बनाये जाने के मामले में केबिनेट मंत्री ने कहा- इसे देखेंगे और आगे बढ़ गए

**राठ मोड़ के सैकड़ों पीड़ितों से नहीं मिले केबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने भी प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

यमुना व बेतवा नदी के बाढ़ का हवाई सर्वेक्षण करने आये भाजपा के जल शक्ति मंत्री स्वंतत्रदेव सिंह ने पीडितो को लंच पैकेट वितरित किये, हर तीन साल में बाढ़ का प्रकोप झेल रहे पीडितो के लिये रिंग तटबंध न बनाये जान के मामले में केविनेट मंत्री ने टालते हुये कहा कि बंधे के मामले को वह देखेंगे और आगे बढ़ गये। केविनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि हर पीडित को समय से भोजन व दवाओ की सुविधाये दी जा रही है।

केविनेट मंत्री ने स्थानीय डिग्री कालेज कुछेछा में जाकर आश्रय पाये बाढ पीडितों से उनका हाल चाल जाना, ब्रम्हा डेरा गाव में जाकर केविनेट मंत्रीने ग्रामीणों से वार्ता की कहा कि पीड़ितों के ठहरने के लिये उचित प्रबंध किये जाये। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीडित के साथ तत्परता से खडी है, किसी भी बाढ पीडित को कोई समस्या नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की फसलों का नुकसान हुआ है उनका आकलन करके मुआवजा दिलाया जाये। सरकार को हर पीड़ित की चिंता है जनप्रतिनिधि रात दिन लगे हुये है ताकि किसी को कोई कष्ट न हो, हालांकि हवाई सर्वेक्षण में केवल खानापूरी की गयी। वहीं केबिनेट मंत्री राठ मोड पर आश्रय पाये हजारों पीड़ितों का दुख दर्द पूछने नही गये, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गयी वही बाद में एसड़ीएम राठ अभिमंन्यु सिंह चार सौ लोगों को लंच पैंकेट वितरित किये इसके बाद सभी अफसरो ने एसडीआरएफ की नाव में बैठकर भ्रमण किया। आश्रय स्थल की व्यवस्था चमचमाती नजर आयी। वही जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया कहा कि प्रशासन सभी पीडितो को सुरक्षित स्थान पर पहुचाए बीमारों को तुरंत दवाये दी जाये। इस मौके पर राठ विधायक मनीषा अनुरागी, सदर विधायक मनोज प्रजापति, हमीरपुर नगर पालिका के चेयरमैन कुलदीप निषाद समेत कई लोग उपस्थित रहे।



**पुलिस ने कई पत्रकारों को कवरेज में जाने से रोका**

**हमीरपुर।** बाढ़ का जायजा लेने आये केबिनेट मंत्री का कवरजे करने जा रहे कई पत्रकारों को पुलिस ने एसपी दफ्तर के सामने रोक दिया जिससे लोगो में नाराजगी व्याप्त है, बताया जाता है कि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह बाढ़ का हवाई सर्वे करने आये जिससे सभी पत्रकार कवरेज करने के लिये जा रहे थे एसपी दफ्तर के सामने लगी पुलिस ने कई पत्रकारों को जाने से मना कर दिया।



**दोनों नदियां अभी भी खतरे के निशान से तीन मीटर ऊपर**

**हमीरपुर।** यमुना व वेतवा नदी का जल स्तर लगातार कम होता जा रहा है हालांकि दोनों नदियां अभी भी खतरे के निशाने से कम से कम तीन मीटर ऊपर बह रही है जिससे लोगों को घरों में पानी घुसा हुआ है। कई गांवों में अन्ना पशुओं के लिये जमा भूसा भीग गया है जिससे पशुओं के चारे की समस्या पैदा हो गयी है। पीड़ितों का कहना है की कई दिनों से घरों में पानी भरा होने से मकान दरार देने लगे कई मकान फट गये है जिससे उनको गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। वही यमुना नदी के किनारे मेरापुर गांव में पिचिंग टूट जाने के कारण गांव में पानी भरताजा रहा है बताया जाता है कि पिचिंग दो साल पहले बनायी गयी थी बुहुत जल्दी टूट गयी है।

## गला घोटू रोग से इंगोहटा में एक दर्जन भैंसों की मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ग्राम इंगोहटा में गला घोटूए खुरपका तथा सर्रा जैसी बीमारियों से पशुधन पर कहर टूट पड़ा है। इन बीमारियों से अब तक करीब एक दर्जन भैंसों की मौत हो चुकी हैए जबकि कई पशु इस बीमारी की चपेट में हैं। सरकारी उपचार न मिल पाने से पशु पालक प्राइवेट इलाज कराने पर विवश हैं। पीड़ित पशुपालकों के अनुसार गला घोटू बीमारी से इंगोहटा निवासी काली प्रसाद सोनकर की दो भैंस, लुइया कहार की एक भैंस भीष्म वर्मा, अजय पाल लछू साहू और जयराम की एक-एक भैंस सहित एक दर्जन भैंसों की मौत हो चुकी है। वहीं केशव सोनकर की भैंस बीमार पशुपालकों का आरोप है कि इस बीमारी के फैलने के बावजूद पशुपालन विभाग की तरफ से अभी तक कोई टीकाकरण नहीं कराया गया है। सरकारी पशु चिकित्सालय सुमेरपुर में स्टाफ की कमी का हवाला देकर जिम्मेदार अधिकारी हाथ खड़े किए बैठे हैं। ऐसे में ग्रामीण प्राइवेट डॉक्टरों के सहारे इलाज कराने को मजबूर हैं। पशुपालकों का कहना है कि समय से इलाज और टीकाकरण न होने के कारण स्थिति बेकाबू होती जा रही है। गांव में दर्जनों भैंसें बीमारी से पीड़ित हैंए जिनके गले में सूजन आ रही है और कुछ ही घंटों में दम घुटने से मौत हो जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से गांव में चिकित्सीय टीम भेजी जाए और व्यापक स्तर पर टीकाकरण कराया जाएए ताकि पशुओं की जान बचाई जा सके। वही पशु चिकित्साधिकारी सुमेरपुर अंकुर सचान का कहना है कि सभी जगह टीकाकरण कराया गया है कोई रह गया हो यह अलग बात है। इसी प्रकार अनेक गांवों में गलाघोटू की बीमारी फैलती जा रही है मगर पशु चिकित्सक कोई ध्यान नही दे रहे है।

## व्यापारी सम्मेलन संपन्न, जीएसटी के स्लेव कम करने के लिये प्रस्ताव पारित

**राठ(हमीरपुर)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के 44वें राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के अवसर पर व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आकाशवाणी भवन नई दिल्ली के रंग भवन में संपन्न हुआ। व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री हर्ष मेहरोत्रा उपस्थित रहे। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता ने की। अतिथि राष्ट्रीय व्यापार कल्याण वोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंघी भी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यापारी वर्ग किसी भी देश और प्रदेश की उन्नति के लिए रीड की हड्डी होती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जीएसटी कि दरों में संशोधन पर जोर दिया। जनपद हमीरपुर से व्यापारी सम्मेलन में जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, नगर महामंत्री रहमत वेग, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपेंद्र बुधोलिया, ऑटोमोबाइल के अध्यक्ष कामता नाथ बवेले, लक्ष्मी चंद्र त्रिपाठी एवं बृजेंद्र गुप्ता ने सहभागिता की। जिला अध्यक्ष के जी अग्रवाल ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा से मांग की कि प्रदेश में जीएसटी की अनिमिततायों एवं विद्युत कटौती एवं विद्युत दरो के बढ़ाये जाने के संबंध में हमें आंदोलन करना चाहिए, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि व्यापारी सम्मलेन मे ऑनलाइन व्यापार को व्यवस्थित करने एवं जी एस टी के स्लेव को कम करने के प्रस्ताव पारित हुए।

## दहेज पूरा न होने पर महिला के साथ मारपीट कर घर से निकाला

**महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की**

**राठ(हमीरपुर)।** अतिरिक्त दहेज में 25 लाख रुपए व सोने की जंजीर की मांग पूरी न होने पर महिला को प्रताड़ित कर उसकी जमकर पिटाई करते हुए उसे घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस उपाधीक्षक को घटना के लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के जुल्हैटी मोहल्ला निवासी कामिनी पुत्री मलखान यादव ने बताया कि उसका विवाह बीते छह वर्ष पहलो कानपुर देहात के भोगनीपुर थाने के अमरौधा परमु का पुरवा गांव के निवासी शुभम पुत्र बृजनंदन के साथ संपूर्ण विधि विधान से हुआ था। उसके पिता ने विवाह में चार पहिया कर व 15 लाख की नगदी सहित विवाह में 80 लाख रुपए खर्च किए थे। बताया कि विवाह के कुछ दिनों के बाद उसके पति सहित अन्य सभी ससुरालीजन विवाह में कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित कर उसके साथ मारपीट करने लगे। तथा अतिरिक्त दहेज के रूप में उसे पर मायके से 25 लाख रुपए और 5 तोला सोने की जंजीर लाने का दबाव बनाने लगे। बताया कि जब उसने अपने पिता को यह बात बताई तो उसके पिता ने समय के साथ सब कुछ ठीक हो जाने की बात कहते हुए उसे चुप करा दिया। बताया कि इसके बाद अतिरिक्त दहेज ना लाने पर 20 जुलाई 24 को उसके पति सहित अन्य सभी ससुरालली जनों ने उसके साथ गाली गलौज कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। बताया कि पिटाई होने के बाद भी वह अपने पत्नी धर्म का पालन करते हुए सब कुछ बर्दाश्त करती रही। बताया कि इसी दौरान प्रार्थना को जानकारी हुई कि उसके पति शुभम के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध है। जिसका विरोध करने पर 18 फरवरी वर्ष 2025 को उसके पति शुभम के अलावा सास ससुर और नंद ने उसके साथ मारपीट कर चार पहिया कार से उसे राठ कस्बे के उरई बस स्टैंड में छोड़कर भाग गये। सीओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### फर्जी बिजली अधिकारी बन कर ठग लिए पचास हजार रुपये, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** महिला ने चार युवकों पर विद्युत विभाग के कर्मचारी बनकर घर में घुसकर पचास हजार रुपए की ठगी कर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने कोतवाली में पुलिस से शिकायत की है। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी रामकुमारी पत्नी नारायण कुशवाहा ने बताया कि 25 मार्च की शाम करीब सात बजे उसके घर में कूट रचित तरीके से मोहल्ले के एक व्यक्ति के माध्यम से चार व्यक्ति उसके घर में घुस आए और अपने आप को विद्युत अधिकारी व कर्मचारी बता रहे थे। आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति उससे पचास हजार रुपए की ठगी करके ले गए और उसके घर में फर्जी विद्युत मीटर लगा गए। बताया कि पचास हजार रुपए की रसीद बाद में कहने की बात कही थी। फोन लगाने पर पूछते हैं तो कहता है कि रसीद मिल जाएगी। बताया कि चार माह बीत गए हैं अभी तक रसीद नहीं मिली है। कोतवाली इंचार्ज जनार्दन सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### गृह कलह से आहत वृद्ध ने की आत्महत्या, छाया मातम



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पत्योरा गांव में पारिवारिक कलह ने एक वृद्ध की जान ले ली। आपसी कहासुनी से आहत होकर 70 वर्षीय दयाराम निषाद ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसारए किसी बात को लेकर दयाराम निषाद का घर में बहू से विवाद हो गया था। बहस के दौरान बहू द्वारा कहे गए कटु शब्दों से आहत होकर उन्होंने यह कठोर कदम उठाया। पत्योरा पुलिस चौकी इंचार्ज निशांत दुबे ने बताया कि मृतक लंबे समय से घरेलू तनाव से गुजर रहा था। बेटे सुनील निषाद की सूचना पर कार्रवाई की गई और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है और गांव में भी शोक की लहर है।

### सफेद मटर की एमएसपी घोषित करने की मांग

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बा सुमेरपुर के किसानो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन भेजकर सफेद मटर की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी घोषित किए जाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता और किसान संजय त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एक ऐतिहासिक कदम है जिसकी 20वीं किस्त करोड़ों किसानों के खातों में सीधे भेजी गई है।उन्होंने बताया कि बुन्देलखंड जैसे सर्वाधिक पिछड़े क्षेत्र में किसान पिछले दो वर्षों से सफेद मटर को तीन हजार व साढे तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल के औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर हैं जबकि इसकी लागत लगातार बढ़ती जा रही है। संजय त्रिपाठी ने आग्रह किया कि केंद्र सरकार सफेद मटर की एमएसपी तत्काल घोषित कर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

### भगवद्गीता तन, मन और आत्मा को शुद्ध करती है: पं. राकेश त्रिपाठी



**उरई (जालौन)।** पाथ फाइंडर इंटरनेशनल स्कूल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक पंडित राकेश त्रिपाठी मेथा वाले ने कहा कि भागवत साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता जहां तन, मन और आत्मा को शुद्ध करती है, वहीं श्रीमद्भागवत मनुष्य को सीधे भगवान से जोड़ देती है। रविवार को श्रीकृष्ण जन्म की कथा का विशेष आयोजन हुआ। कथा वाचक ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि जब अत्याचारी कंस ने देवकी-वसुदेव को बंदीगृह में डाला और उनके छह पुत्रों की हत्या कर दी, तब सातवें गर्भ से भगवान बलराम का और आठवें गर्भ से स्वयं श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा के अनुसार, रात्रि के समय श्रीकृष्ण का जन्म होते ही वसुदेव उन्हें यमुना पार कर गोकुल ले गए, जहाँ उनका पालन-पोषण नंद और यशोदा ने किया। जैसे ही श्रीकृष्ण गोकुल पहुंचे, वहाँ आनंद का वातावरण बन गया और हर ओर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की की गूंज सुनाई देने लगी। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंचे। कथा में परीक्षित राधेश्याम गुप्ता, विद्यालय प्रबंधक डॉ. शशि शर्मा, राम गोविंद पोरवाल, सीता चौरसिया सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण कर श्रीकृष्ण जन्म का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। कथा स्थल पर भजन, कीर्तन और झांकी दर्शन के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## छेड़ कर देखे तो कोई मेरे दिल के तार, पर्वतों से प्रीत के झरने रवा हो जाएंगे: शायर कुदरतुल्ला

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**मुशायरे की सदारत रमज़ान खां साहिल और संचालन मास्टर फखरुद्दीन यावर मौधवी ने किया**

कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज में बज़्मे करीम के बैनर तले महाना तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे की सदारत रमज़ान खां साहिल और संचालन मास्टर फखरुद्दीन यावर मौधवी ने किया। मुशायरे के मुख्य अतिथि डॉक्टर राजिक और विशिष्ट अतिथि कुतुबुद्दीन जुम्मू सभासद नगर पालिका परिषद मौदहा रहे। नगर के हुसैनगंज स्थित मास्टर यावर के मकान में तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे का आगाज मसीह मौधवी ने नात पढ़कर किया उसके बाद सभी शायरों ने अपने कलाम पेश किए। शायर बदरुद्दीन तैय्यब ने शेर सुनाया . आज तक कोई मजूमी ये बात पाया नहीं, ज़िंदगी में हादसे कब और कहां हो जाएंगे। सफीर माचवी ने शेर पढ़ा. ऐ सफीर अब भी अगर तुम ज़ब्त से कुछ काम लोए ये तुम्हारे सब मुखालिफ़ हम ज़बाँ हो जाएंगे। मसीह निजामी मौधवी ने अपने इस शेर पर खूब दाद बटोरीए इश्क़ के आगाज़ में ऐसा कभी सोचा न थाए फासले मेरे तुम्हारे दरमियां हो जायेंगे। संचालन कर रहे यावर मौधवी ने पढ़ा. फिर सहारा कौन देगा फिर कहां जाएंगे हमए तेरी ममता से अगर महरूम मां हो जाएंगे। इनायत मोईन चिश्ती ने शेर पढ़ा. जब सहारे तेरे मेरे सीढ़ियां हो जाएंगेए तब मेरे कदमों तले सब आसमां हो जाएंगे। इस्लाम मौधवी ने पढ़ा. जो था मेहनत कश इसी उम्मीद पर जीता रहाए पाऊंगा आराम जब बच्चे जवां हो जाएंगे। निज़ाम मौधवी ने पढ़ा. इसलिए चेहरा नहीं लाता तुम्हारे सामने ए मेरे चेहरे से मेरे किस्से बयां हो जाएंगे। कुदरत उल्ला तिशना ने पढ़ा. छेड़ कर देखे तो कोई मेरे तिशना दिल के तारए पर्वतों से प्रीत के झरने रवा हो जाएंगे। फरीद परछवी ने पढ़ा. ज़िंदगी दुश्वारियों का इक फसाना है फरीद ए क्या खबर थी सख़्त इतने इम्तेहा हो जाएंगे। नसीम आलम ने शेर पढ़ा. जानिबे मंजिल निकल कर देख ले तन्हा नसीम ए फिर तेरे हमराह बेशक कारवां ही जाएंगे। इसके अलावा रमजान खान साहिल, इस्लाम खां, आफताब शम्स, आकिल बिजनौरी, कलंदर निजामी आदि ने भी अपने अपने कलाम पेश किए। अगला मिसरा बारिशे नूर होने लगी आ गए मुस्तफा आ गए दिया गया। अंत में यावर मौधवी ने सभी श्रोताओं व शायरों का शुक्रिया अदा किया।

## एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में दो सहेलिया डूबीं, शिक्षक ने बचाया

**हमीरपुर।** बाढ़ में एक दूसरे को बचाने के चक्कर में दो सहेलियां पानी मे डूब गयी हालाकि तीसरी सहेली गहराई होने के कारण वापस आकर घर में सूचना दी बाद में एक शिक्षक ने दोनो बालिकाओ को निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है.सदर कोतवाली के गौरा देवी नई बस्ती मुहल्ले में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। मुहल्ला निवासी रामजीत की 12 वर्षीय बेटी जिज्ञासा की चप्पल इसी बाढ़ के पानी में डूब गई। जिसे निकालने के लिए वह पानी के अंदर चली गई। लेकिन वहां गड्ढा होने के कारण वह गहराई में समां गई। यह देख मुहल्ले के ही राकेश की 10 वर्षीय बेटी सानिया उसे बचाने पानी में उतर गई। लेकिन वह भी डूबने लगी। दोनों किशोरियों को डूबता देख उन्हें बचाने के लिए मुहल्ले के लोचन निषाद की दस वर्षीय बेटी प्राची भी पानी में चली गई। लेकिन जब वह आगे बढ़ी तो गहराई अधिक थी। जिस पर वह वापस लौट आई और स्वजन को घटना की जानकारी दी। इसी बीच मुहल्ले के प्राइवेट शिक्षक संजीव कुमार पाठक की नजर डूबती हुई किशोरियों पर पड़ी। जिस पर उन्होंने छत से शोर मचाते हुए नदी बाढ़ के पानी में छलांग लगी। उन्हें कूदता देख मुहल्ले के ही ओमबाबू व पृथ्वीपाल निषाद भी पानी में कूद गए और तीनों लोगों ने डूबती हुई किशोरियों को बचा लिया। किशोरियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना से मुहल्ले में खलबली मच गई। लेखपाल शिवकुमार कबीर व रमेशचंद्र ने जिला अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जिज्ञासा सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में कक्षा छह में पढ़ती है। वहीं इसी विद्यालय में सानिया भी कक्षा तीन में पढ़ रही है। प्राची किसी दूसरे विद्यालय में पढ़ती है। तीनों की अच्छी दोस्ती हैं। जिसके चलते तीनों लोग एक साथ नहाने बाढ़ के पानी में चली गई और यह घटना हो गई। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि सभी की हालत सही है।

## बेलाताल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग

**सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने रेल मंत्री को लिखा पत्र**



**महोबा।** महोबा-हमीरपुर-तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने बेलाताल रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण ट्रेनों – उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी और तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन – के ठहराव की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को प्रमुखता देते हुए सांसद ने पत्र में उल्लेख किया कि यदि इन ट्रेनों का ठहराव बेलाताल स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाता है, तो इससे क्षेत्रवासियों को इलाज, आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता भागीरथ यादव का कहना है कि क्षेत्रीय जनता की काफी अर्से से ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी जा रही है अगर ठहराव की मांग को पूरी होती है तो बेलाताल क्षेत्र के लगभग 1 सैकड़ा गांव लाभान्वित होंगे। यदि रेलवे मंत्रालय द्वारा यह मांग स्वीकार कर ली जाती है, तो यह क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत सुखद और खुशी की बात होगी।

## ओम शांति भवन ब्रह्मा कुमारी आश्रम में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य हुए कार्यक्रम

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

ओम शांति भवन राजयोग मेडिटेशन सेन्टर हमीरपुर चुंगी महोबा में रक्षा बंधन महोत्सव बड़ी धूम -धाम से मनाया गया,खुशी से सभी का मन प्रफुल्लित हो उठा। ओम शांति भवन ब्रह्मा कुमारीज आश्रम में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में बड़े ही धूम से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वल से हुई, कार्यक्रम में आए हुए, अतिथियों का तिलक बैच से सम्मान हुआ, साथ ही दिल्ली से आए हुए राजयोगी कुमारों का ग्रुप शामिल हुआ जिसमें राजयोगी ब्रह्माकुमार अनिल भाई ने सभी भाई बहनों एक्टिविटी करवाई तथा हरि भाई ने सभी को खुश रहने के तरीके बताए । जिसमें मुख्य अतिथि राम जी



गुप्ता व्यापार मंडल के संयुक्त अध्यक्ष, शिव कुमार गोस्वामी पूर्व प्राचार्य मुलायम सिंह (एडवोकेट)। डॉ. डी आर कुशवाहा श्रीनगर। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मीरा दीदी जी ने रक्षा बंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा, रक्षा बंधन एक पवित्र त्यौहार है । रक्षा बंधन सभी त्योहारों में श्रेष्ठ है। हम सभी परमात्मा के बच्चे है , इसलिए आपस में हम सब भाई और बहन हैं, हमारा रक्षक स्वयं परमात्मा हैं। इसलिए हमें सच्ची डोर भगवान से बांधे, क्योंकि हम स्वयं ही अपनी रक्षा कर सकते, हमारी रक्षा श्रेष्ठ विचारों से होती है, इसलिए, भगवान की डोर में बंधना ही सच्चा रक्षा बंधन है। आत्म स्मृति का तिलक लगाते, मीठा बोलो , इसलिए मीठी टोली खिलाते, दान करते हैं। तो परमात्मा ने कहा बुराइयों का दान करना है।जिससे , हमारा जीवन पवित्र एवं सुखी बने। बीके अंगूरी बहन ने मंच संचालन किया, राजेश बहन ने सभी को बताया कि अपने जीवन खुश कैसे रह सकते, खुश रहने के लिए हमें पहले सकारात्मक ज्ञान के चिंतन की आवश्यकता होती है जिससे हम अपने जीवन में सही और गलत की पहचान कर पाते है, खुशी, कोई वस्तु के मिलने पर हमें स्थाई खुशी नहीं मिलती अल्प काल की खुशी मिलती है। अगर हमें सदा खुश रहना है,तो सबके प्रति सकारात्मक सोच रखे, उपदेश बहन ने क्रोध के बारे में बताया, क्रोध हमारे जीवन का सबसे बड़ा दुश्मन है। कहा जाता है, क्रोध से पानी के मटके भी सूख जाते हैं। इसलिए हमें क्रोध नहीं करना है।

## जल शक्ति मंत्री ने की बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

**जिला प्रशासन के त्वरित व प्रभावी इंतजामों की सराहना की**

जनपद में बीते दिनों नदी के जलस्तर में हुई अप्रत्याशित वृद्धि के चलते कई ग्राम प्रभावित हुए, जिसे दृष्टिगत रखते हुए जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों एवं व्यवस्थाओं के मद्देनजर जनपद प्रशासन की सक्रियता और पूर्व तैयारी की विशेष सराहना की गई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में बाढ़ राहत कार्यों को प्रभावी रूप से अंजाम दिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत पहुंचाने के लिए 28 नावें, 590 राहत कर्मी, 31 चिकित्सकीय टीम, 62 ग्राम पंचायत सचिव एवं 27 राजस्व कर्मी तैनात किए गए। प्रभावित परिवारों की संख्या 18,650 रही, जबकि 36,510 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। साथ ही 1,087 बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, 1,654 परिवारों को सूखा राशन, और 8,756 लोगों को पका हुआ भोजन वितरित किया गया। खराब पानी से जनस्वास्थ्य प्रभावित न हो, इसके लिए 35 हजार लीटर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई। मकान क्षति के सापेक्ष वितरित धनराशि कुल मकान (42) 2,80,000 रुपये की धनराशि व्यय की गई है। अभी भी सर्वे कार्य चल रहा है। माननीय मंत्री जी ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु जिस तत्परता और समन्वय से जिला प्रशासन ने कार्य किया है, वह राज्य के अन्य जनपदों के लिए भी अनुकरणीय है। प्रशासन द्वारा आगे भी लगातार निगरानी की जा रही है और राहत शिविरों के संचालन, चिकित्सा सुविधा, पशुधन देखभाल एवं स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े आभूषण व नकदी पार कर ले गए चोर

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

महोबा में चोरों ने दिनदहाड़े सहायक अभियोजन अधिकारी दीपक कुमार के घर को निशाना बनाया। उनके पिता संतोष कुमार घर में अकेले थे जब चोरों ने ताला तोड़कर नगदी और सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। शहर में सक्रिय चोरों ने दिनदहाड़े सहायक अभियोजन अधिकारी के घर को निशाना बनाते हुए नगदी,सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी है। शहर के बौद्ध मठ के पास रहने वाले दीपक कुमार ललितपुर में सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि उनके परिजन बाहर गए थे और घर में



पिता संतोष कुमार थे ।पिता दिन में घर का मुख्य गेट बंद कर बाजार चले गए तो चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी में रखी नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए। संतोष कुमार ने वापस लौटने पर देखा तो ताला टूटा मिला। घर चेक करने पर अलमारी से आभूषण व नगदी गायब थी। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों तक मामला पहुंचा तो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी की है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज देखने की पुलिस ने रणनीति बनाई है। लोगों का कहना है कि एक माह पहले भी चोर बस्ती में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने जांच करने की बात कही है।

## खबरें एक नजर में

### छेड़खानी कर अश्लील वीडियो वायरल करने से टूट गई सगाई, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** युवती के साथ छेड़खानी करने व अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर देने से उसकी शादी टूट जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अमेठी के कमरौली थाना क्षेत्र के निवासी आशीष कुमार गिरी के खिलाफ हैदरगढ़ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 16 जुलाई 2025 को आशीष उसके घर आया था। रात में जब घर के सभी लोग सो गए, तब आरोपी ने उसे धमकी देकर छेड़खानी की और अश्लील वीडियो बना लिया। आरोपी ने युवती को धमकी दी कि अगर वह उससे शादी नहीं करेगी या इस बात को किसी से बताएगी, तो वह उसके परिवार को खत्म कर देगा। डर के कारण पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई। बाद में जब युवती ने आरोपी से बात करना बंद कर दिया, तो उसने उसकी अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दीं। इस कारण युवती की तय हुई शादी टूट गई। इसके बाद पीड़िता ने यह घटना अपने परिवार को बताई। आरोपी अब उसके परिजनों को भी धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### एक लाख की हुई चोरी, दरवाजा खोलकर घुसे चोर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** शनिवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने काशीपुर गांव में एक घर को निशाना बनाते हुए चालीस हजार रुपये नगद सहित लगभग एक लाख रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया घटना के समय घर के सभी सदस्य गर्मी के चलते घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहे थे। जानकारी के मुताबिक काशीपुर गाँव निवासी रामकरण और राजकरण पुत्रगण सुंदरलाल एक ही मकान में परिवार सहित रहते हैं। भीषण गर्मी के कारण पूरा परिवार घर के बाहर छप्पर के नीचे सोया हुआ था। इसी दौरान रात्रि में अज्ञात चोर घर के बाहर लगी दरवाजे की बेलन खोलकर अंदर दाखिल हो गए। घर के भीतर उन्होंने इत्मीनान से बक्से और अलमारी खंगाले और भैंस खरीदने के लिए रखे 40 हजार रुपये नकद समेत पायजेब, करधनी, नथुनी, मंगलसूत्र, बिछिया आदि सोने चांदी की कीमती जेवर समेट ले गए। सुबह जब परिवार के लोग देखकर हतप्रभ हो गए और पूरे घर मे कोहराम मच गया । घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की। कोतवाल अंकित त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा ।

### सड़क निर्माण को लेकर भाकियू ने किया धरना-प्रदर्शन



**जैदपुर, बाराबंकी।** मुर्तजीपुर गांव में सड़क निर्माण के संबंध में दिए गए ज्ञापन की समयावधि पूरी होने बाद नाराज भाकियू द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है।बताते चलें कि जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्तजीपुर संपर्क मार्ग बेहद जर्जर और दयनीय अवस्था में पहुंच चुका है।जिसको लेकर कई बार ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों द्वारा संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। वहीं इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को ज्ञापन देते हुए 2 अगस्त तक कार्य कराए जाने की मांग की गई थी।उक्त मांग पर समुचित कार्रवाई न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा के नेतृत्व में रविवार 3:30 बजे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा ने बताया कि संबंधित विभाग को पूर्व में अवगत कराया गया था और निर्धारित समयावधि के बीच उक्त सड़क के निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी तथा 2 अगस्त तक सड़क के निर्माण न कराए जाने के स्थिति में 3 अगस्त से उक्त मार्ग पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद संबंधित विभाग के द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने पर रविवार से निश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। जिसमे संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समस्त ग्रामवासी मौजूद हैं।

# लोधेश्वर महादेवा: पोल में उतरे करंट से दो श्रद्धालुओं की मौत

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

> औसानेश्वर की घटना के एक सप्ताह के अंदर हुई इस घटना से बिजली विभाग की लापरवाही उजागर

लोधेश्वर महादेवा के चल रहे सावनी मेले में रविवार को पुलिस चौकी के पास लगे विद्युत पोल में करंट उतर आने से दो युवको की मौत हो गयी और अन्य दो लोग भी हल्के झटके का शिकार हुये।लोगों की सूचना पर विद्युत आपूर्ति बंद करवाकर एम्बुलेंस के जरिये दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया वहां उपस्थित डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना पाकर मौके पर दल बल के साथ पहुंची पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने आवश्यक लिखा पढ़ी करवा कर शव को पी एम के लिये जिला मुख्यालय भेजवा दिया।प्राप्त विवरण के अनुसार जिस समय यह दर्दनाक घटना घटी उस समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर मंदिर परिसर से गुजर रहे थे। महादेवा चौकी के पास लगे विद्युत पोल में अचानक करंट दौड़ने से थाना मसौली के ग्राम गुलारिहा निवासी हौसला विद्युत की चपेट में आ गये उन्हे बचाने के लिए दौड़े दुकानदार संजय निवासी ग्राम गोबरहा भी करन्ट के स्पर्श में आ गये।जिससे दोनों युवक बुरी तरह से



झुलस गये।दोनों लोगों को बचाने के प्रयास में दो दुकानदार प्रेम प्रकाश और संतोष कुमार भी हल्के झटके का शिकार बने हांलांकि वह लोग बाल बाल बच गये। लोगों और दुकानदारों ने विद्युत विभाग की घोर लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।लोगों का आरोप है कि खंभे में पहले से करंट आ रहा था।जिसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को कई बार दी गई है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। घटना के बाद विभाग शायद संज्ञान ले। तहसीलदार विपुल कुमार सिंह का कहना था कि घटना की जांच की जा रही है।मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी तथा जांचोपरान्त दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।सूचना पाने के बाद आई एएस उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल भी मेरा परिसर पहुच कर हालात का जायजा लिया और हर सम्भव सरकारी सहयोग उपलब्ध करायें जाने की बात कही।

# प्रधान प्रतिनिधि ने की जर्जर मार्ग के मरम्मत की मांग

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज अंतर्गत दहिला - पोखरा मार्ग से जरौली सहित कई गांवों को जोड़ने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल में लगभग ढाई दशक पहले बनायी गयी सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसके बावजूद जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस जर्जर मार्ग को लेकर उदासीन बने हुए हैं । जिससे ग्रामीणों को आवगमन में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को आवागमन में हो रही भारी परेशानी को देखते हुए भाजपा नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि भानू बाजपेई ने शनिवार को एक बार फिर संपूर्ण समाधान दिवस में एस डी एम को पत्र



सौंपकर जनहित में शीघ्र जर्जर मार्ग को दुरुस्त कराए जाने की मांग की। बताते चलें कि हैदरगढ़ से विधायक रहते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल में मंडी समिति द्वारा इस मार्ग का वर्ष 2002 में निर्माण कराया गया था। वर्ष 2016 में सड़क की मरम्मत कराई गई थी। शिवनाम गांव से पासापुर होते हुये जरौली गांव को जोड़ने वाले इस मार्ग की हालत एक बार फिर दयनीय हो चुकी है ।सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी है और सड़क पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं, जिसकी वजह से बड़ी संख्या में राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। प्रधान प्रतिनिधि श्री बाजपेई ने बताया कि उक्त जर्जर मार्ग की मरम्मत को लेकर उन्होंने कई बार तहसील से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों से शिकायत की, परंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई हैं। बताया कि अयोध्या पहुंचकर मंडी समिति के उच्च अधिकारियों से भी वे शिकायत कर चुके है परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसका खामियाजा ग्रामीण आवागमन मे दुर्घटना का शिकार होकर उठा रहे है।

# रेल मेघ यज्ञ कार्यक्रम में रेलयात्रियों को मिष्ठान वितरित कर पिलाया गया पानी

**फतेहपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र में धर्म जागरण समन्वय विभाग बाराबंकी द्वारा रेल मेघ यज्ञ कार्यक्रम के अंतर्गत मुंडा गोपाल आश्रम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सेवा प्रदान की गई।धर्म सेवक बंधुओं ने यात्रियों को मिष्ठान और स्वच्छ शीतल जल वितरित किया गया।जानकारी के अनुसार यह आयोजन पिछले चार वर्षों से जनपद बाराबंकी के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर किया जा रहा है।इस बार भी परंपरा के अनुसार कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला संयोजक अमित अवस्थी,जिला विधि प्रमुख संगीत पाठक और आश्रम के महंत श्री 108 सत्यानंद जी महाराज




उपस्थित थे। वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र सिंह,एडवोकेट सुमित शुक्ला, विजय शंकर मिश्रा और प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। रामसेवक रावत, दिन वर्मा, राजेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह तोमर, दिलीप वर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी शामिल हुए। स्थानीय जनता और यात्रियों ने धर्म सेवकों के इस सेवा कार्य की सराहना की। यह आयोजन धार्मिक भावना से प्रेरित होने के साथ-साथ समाज में सेवा, संस्कार और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करता है कार्य क्रम के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिन्द, जय हिन्दू जैसे देश भक्ति के नारों से वातावरण गूंजा रहा।

# मणि कुमार के नेतृत्व में सुदिति की नई पहल, प्रॉमिनेंस वर्ल्ड स्कूल नोएडा को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान




**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सुदिति ग्लोबल एकेडमी द्वारा नोएडा में स्थापित प्रॉमिनेंस वर्ल्ड स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, समर्पण और उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है। इन दोनों संस्थाओं के निदेशक श्री मणि कुमार को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए मलेशिया में आयोजित जागरण अचीवर्स अवॉर्ड 2025 में Premier Innovative School श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन शैक्षिक प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया है, जिनमें संस्थान द्वारा नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियाँ, वैश्विक दृष्टिकोण, समावेशी शिक्षा प्रणाली और छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। यह उपलब्धि भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली की वैश्विक स्वीकार्यता को रेखांकित करती है।

पुरस्कार प्रदान करने वाले सम्माननीय अतिथि- वेथा मूर्ति पोनुसामी (संस्थापक अध्यक्ष- Malaysian Advancement Party (MAP), पूर्व कैबिनेट मंत्री- राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक कल्याण, मलेशिया बैरिस्टर-एट-लॉ-लिंकन इन, यूनाइटेड किंगडम), शुभाषिनी नारायणन (उप उच्चायुक्त-भारतीय उच्चायोग, कुआलालंपुर, मलेशिया) इस अंतरराष्ट्रीय समारोह में विभिन्न देशों के शिक्षाविद, राजनयिक, सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधि और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था के नवाचार और नेतृत्व को वैश्विक मंच पर विशेष सराहना प्राप्त हुई, जो संपूर्ण देश के लिए गर्व का विषय है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सुदिति ग्लोबल एकेडमी के चेयरमैन श्री सतीश कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मयंक यादव, प्राचार्य श्री कमल कुमार तथा समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी समुदाय ने श्री मणि कुमार को हृदयपूर्वक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान न केवल सुदिति ग्लोबल एकेडमी एवं प्रॉमिनेंस वर्ल्ड स्कूल के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह सम्पूर्ण भारतीय शिक्षा जगत को प्रेरणा देता है और देश की नई पीढ़ी को उत्कृष्ट, समावेशी एवं वैश्विक शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को और अधिक मजबूत करता है।

# नगर पंचायत में जगह-जगह जलभराव की स्थिति, बढ़ा संक्रामक रोगों खतरा

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** मानसून की बारिश के बाद नगर पंचायत रामसनेहीघाट क्षेत्र में जगह जगह जलभराव और गदगी को लेकर मछर जानित रोगों का खतरा बढ़ा क्यो की जगह-जगह जलभराव होने से मच्छरों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत से फॉगिंग और एंटी लारवा के छिड़काव की मांग की है ताकि बीमारी फैलने से रोका जा सके। नगर पंचायत रामसनेहीघाट क्षेत्र में भिटरिया, जेठबनी,महराजगंज सहित वार्ड 13 में जल भराव गंदगी व्यस्त है वार्डवासी मोहम्मद आरिज़, गुड्डू, कैय्यूम, आरिफ घोसी सहित कई लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। न तो फॉगिंग मशीन आई है और न ही मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव हुआ है। इससे हालात और भी खराब हो सकते हैं। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी ने बताया कि फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है और



जल्द ही एंटी लारवा का छिड़काव भी कराया जाएगा। हालांकि ज़मीनी हकीकत यह है कि अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। चिकित्सक डॉ. रईस खान ने बताया कि मानसून के मौसम में मच्छर जनित रोगों का खतरा काफी बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया जैसे रोग तेजी से फैल सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने घर और आसपास सफाई रखें, जलभराव न होने दें और बुखार या अन्य लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द कदम नहीं उठाता, तो बीमारियों का प्रकोप फैल सकता है। अब देखना यह है कि नगर पंचायत कब तक स्थिति पर नियंत्रण के लिए ठोस कार्यवाही करती है।

# अली का रास्ता सिराते मुस्तक़ीम है

> कामयाबी बुलन्दियों पर मिलती हैं और बुलन्नदियां अली के कदमों में: मौ. मो. रज़ा ज़ैदपुरी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कामयाबी बुलन्दियों पर मिलती हैं और बुलन्नदियां अली के कदमों में ,कामयाबी चाहिए तो अली के कदमों में आ जाओ । अली की दुश्मनी इंसान को नेकी से दूर और जहन्नम के करीब कर देती है। अली का रास्ता सिराते मुस्तक़ीम है, अली का शीया कभी गुमरही का शिकार नहीं हो सकता। पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा स.अ.व.का फरमान है ऐअली अ. तुम और तुम्हारे शीया कामयाब हो गये। कामयाबी चाहिए तो अली अ. के शीया बन जाओ। यह बात करबला सिविल लाइन के निकट अली कालोनी स्थित डा. रज़ा मौरान्वी के अज़ाख़ाने में मजलिस को



सम्बोधित करते हुए मौलाना मोहम्मद रज़ा ज़ैदपुरी ने कही। आखिर में करबला वालों के मसायब पेश किए जिसे सुनकर सभी रोने लगे।मजलिस से पहले अजमल किन्तूरी, आरिज जरगांवी, हाजी सरवर अली करबलाई, फ़रहान के अलावा वहदत और जौशन सल्लमहू ने भी नज़रानये अक़ीदत पेश किया।आरम्भ तिलावते कलामे इलाही से मौलाना हिलाल ने किया। जिनान जफराबादी ने नौहाख्वानी की अन्जुमन ने सीनाजनी की।बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया किया । वहीं गुलाम साहब के अज़ाख़ाने में मजलिस को सम्बोधित करते हुए जाकिरे अहलेबैत अहमद रज़ा ने कहा मोहम्मद व आले मोहम्मद के अलावा किसी के पास हुकूमत है तो समझलो गज़बी है। आखिर में मसायब पेश किए जिसे सुनकर सभी रोने लगे। आरम्भ मौलाना हिलाल ने तिलावत से किया। मजलिस से पहले डा. रज़ा मौरान्वी, अजमल किन्तूरी, डा. मुहिब रिज़वी, फ़रहान, रज़ा मेहदी और मो.रज़ान सल्लमहू ने नज़रानये अक़ीदत पेश किया। बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया ।

# जल शक्ति मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण, राहत सामग्री बांटीं

> - प्रदेश सरकार बाढ़ राहत कार्यों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध
> - प्रभावित गांवों में राहत शिविर, विद्यालय, पंचायत भवनों को चिह्नित किया गया

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार बाढ़ जैसी आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में पूरी तरह सक्रिय है और मुख्यमंत्री स्वयं हालात की निगरानी कर रहे हैं। सरकार के निर्देश पर वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों को लगातार प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जा रहा है, ताकि पीड़ितों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उक्त बात प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते हुये कही।

इसी क्रम में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और जमीनी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले जालौन और कालपी तहसीलों के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया, जिसके पश्चात उन्होंने रामपुरा विकासखंड के जगम्मनपुर में एसकेडी पब्लिक स्कूल में ग्राम भिटौरा और कंजौसा के 180 बाढ़ पीड़ितों को सरकारी राहत किटों का वितरण किया। इन राहत किटों में दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएं चावल, आटा, दाल, आलू, तेल, नमक,



मसाले, बिस्कुट, लाई, साबुन, सैनिटरी पैड, कपड़ा, बाल्टी, तिरपाल आदि उपलब्ध कराई गईं, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवारों को तत्काल सहारा मिल सके। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बुंदेलखंड में औसत से अधिक वर्षा होने के कारण यमुना, पहूज और सिंध नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा, जिससे अनेक गांवों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और अगले दो दिनों में अधिकांश क्षेत्रों से पानी उतरने की संभावना है। सरकार द्वारा पहले से ही बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए समुचित तैयारियां की गई थीं। प्रभावित गांवों में राहत शिविर, विद्यालय और पंचायत भवनों को शरणस्थलों के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां भोजन, रहने और चिकित्सा की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाढ़ पीड़ितों की भीड़ में घुल मिलकर मिले मंत्री

प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह बड़े बेतकल्लुफअंदाज में बाढ़ पीड़ितों की भीड़ में प्रवेश करके अनेक लोगों से मुलाकात कर उनका नाम व गांव पूंछकर समस्याओं के बारे में जाना एवं वहां उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### राहत सामग्री किट पाकर प्रसन्न दिखाई दिए ग्रामीण

प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को वितरित की गई राहत सामग्री किट पाकर ग्राम कंजौसा भिटौरा के ग्रामीण हर्षित व संतुष्ट दिखाई दिए। कंजौसा निवासी रामनारायण ने बताया कि मेरा सब सामान बाढ़ के पानी में डूब कर खराब हो गया था इस सामग्री से कुछ दिनों की व्यवस्था बन जाएगी।

### पत्रकारों की आरक्षित दीर्घा में जमकर बैठे युवा नेता

समाचार कवरेज करने के लिए प्रशासन द्वारा पत्रकारों के लिए आरक्षित की गई दीर्घा में कुर्सियों पर युवा नेताओं ने जबरन कब्जा कर लिए जिससे खबरनवीसों को काफी परेशानी का सामना करते हुए खड़े-खड़े कार्यक्रम की कवरेज करना पड़ी।

# समाज सुधारने के लिए सामाजिक संबंधों को ठीक करना जरूरी: डॉ. चंद्रशेखर प्राण

> - बिरजू संस्थान द्वारा आयोजित किया गया समाज सेवियों का नेतृत्व विकास प्रशिक्षण
> - विवेकवान नेतृत्वकर्ता में समझदारी व ईमानदारी आवश्यक गुण होना चाहिए: अरुण तिवारी
> - ग्रामीण युवाओं में नेतृत्व विकास के पहलुओं सहित पंचायत राज व्यवस्था पर केंद्रित रहा प्रशिक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

समाज को सुधारने के लिए सामाजिक सम्बन्धो को ठीक करना जरूरी है, यह सामाजिक सम्बंध कानून से नही परस्पर संवाद से ठीक होंगे। यह विचार तीसरी सरकार अभियान उत्तर प्रदेश, पंचपरमेश्वर विद्यापीठ, मिशन समृद्धि और बिरजू संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल ग्राम छंदवल में ग्रामीण नेतृत्व विकास का आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र में पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के कुलगुरु, तीसरी सरकार अभियान के संस्थापक डॉ चंद्रशेखर प्राण ने प्रतिभागियों को विवेकवान नेतृत्व की बारीकियां बताते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि समाज का व्यहार सम्बंध है और भाईचारा अभीष्ट है, आज समाज में सम्बन्ध और भाईचारा दोनों बिगड़ रहे हैं, जिसे राज्य सत्ता द्वारा कानून रूपी दवा से यह बीमारी ठीक नही हो सकती है। पानी पत्रकार अरुण तिवारी ने बताया कि विवेकवान नेतृत्वकर्ता में समझदारी के साथ ही ईमानदारी और संवेदनशीलता जरूरी है। मिशन समृद्धि के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर पंकज तिवारी ने ग्राम सभा को संस्था के रूप में स्थापित करने पर बल दिया। प्रतिभागी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि युवाओं को विवेकवान नेतृत्व का पाठ उनके शैक्षणिक जीवन से ही पढ़ाना चाहिए, इसपर डॉ प्राण ने बताया कि विवेकवान नेतृत्व का पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जो प्रदेश के चार विश्वद्यालयों में लागू हो रहा है, आधा दर्जन विश्वद्यालयों में लागू होने की प्रक्रिया में है। इस मौके पर प्रशिक्षण की सफलता और उसके





महत्ता को देखते हुए प्रतिभागियों द्वारा आगामी महीनों में जिले में अन्य कालेजो में भी आयोजित करने की स्वतः रणनीति बनाई गई। आयोजक संस्था बिरजू संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने फीडबैक में प्रतिभागी साहब नारायण शर्मा ने कहा कि साहित्य सृजन कर प्रशिक्षण से सीखी गई बातों को आगे बढ़ाएंगे। ऋषभ देशमुख ने कहा कि हम एक गांव चुनकर उसको जागरूक करने का काम करेंगे। वहीं हरिनंदन सिंह ने बताया कि सामाजिक व्यक्तियों का लक्ष्य निर्धारण कैसे करना है यह सीखा। शिशुपाल ने बताया कि हमने नेतृत्व क्या है इसकी बारीकी सीखी है जो हम अपने कार्यों अच्छे से कर सकेंगे। शिवबरन सिंह ने कहा कि मैं राजनीति में अच्छे लोग आएं इसके लिए काम करेंगे। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने पांच पांच पौधे रोपित करने का संकल्प लिया और सभी को पांच पांच पौधे भेंट किये गए। इस मौके पर शैलेन्द्र सिंह, जेएल भास्कर, राम औतार, राम प्रगट कनौजिया, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ऋषभ देशमुख, गीतकार साहब नारायण शर्मा, अवधेश शर्मा, राम कैलाश, सूरज प्रकाश सहित 55 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार व शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण को सम्पन्न कराने में विशेष योगदान दिया।

### शिक्षक के निधन पर हुई शोकसभा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के किरसिया गांव निवासी 82 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक कौशल किशोर अवस्थी के निधन पर रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में उमानाथ शुक्ला, पंडित सिद्धनाथ त्रिपाठी, राम अवध सिंह, ओमप्रकाश अवस्थी, हरीश त्रिपाठी, माता बदल आदि सेवानिवृत्त शिक्षक मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय अवस्थी प्राथमिक विद्यालय मेंहदिया के प्रधानाध्या पक पद से 2008 में सेवानिवृत हुए थे। पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे, जिसके चलते उनका लोहिया अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां पर उपचार के दौरान शनिवार को उनका निधन हो गया था। आज रविवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण समय से हो पूर्ण : डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।


निरीक्षण करते डीएम व मौजूद अन्य अधिकारीगण

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के परिसर में निर्माणाधीन श्रेणी- 4 एवं श्रेणी- 5 के नवीन आवासों तथा 50 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण स्थल का ले- आउट देखा और कार्य की प्रगति की समीक्षा की। जानकारी दी गई कि रु. 29.61 करोड़ की लागत से श्रेणी-4 के 20 एवं श्रेणी-5 के 10 आवासों का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह कार्य फरवरी 2025 में प्रारंभ हुआ है और इसे निर्धारित समयसीमा अक्टूबर 2026 के भीतर हर स्थिति में पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की मजबूती तथा निर्माण मानकों के पालन पर विशेष ध्यान देने को कहा।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी निरीक्षण किया। परियोजना प्रबंधक, सी. एंड डी. एस. उत्तर प्रदेश जल निगम कौशलेन्द्र राठौर ने अवगत कराया कि इस परियोजना पर रु. 1814.16 लाख की लागत से कार्य किया जा रहा है और अब तक लगभग 63% कार्य पूर्ण हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक बी.आर. सिंह, जल निगम के परियोजना प्रबंधक कौशलेन्द्र राठौर, स्थानीय अभियंता रंजन चौरसिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी रहे।

**जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर दिया जोर**

जिलाधिकारी ने शेष कार्यों जलमल निस्तारण, आंतरिक जलापूर्ति, विद्युतिकरण, प्लास्टर तथा फायर फाइटिंग को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। और संबंधित अधिकारी नियमित रूप से कार्यों की निगरानी एवं गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करें।

# दहेज पंचायत के दौरान गेस्ट हाउस बना जंग का मैदान

- मारपीट का वीडियो वायरल
- महिलाओं सहित कई लोग हुए घायल



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

नगर के मान पैलेस गेस्ट हाउस में एक पंचायत दहेज और जेवरात को लेकर हो रही थी। तभी अचानक विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजहांपुर निवासी प्रशांत कुमार की शादी इसी वर्ष फरवरी में इटावा जनपद के ऊसराहार निवासी शिवानी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और जेवरात वापस लेने के आरोप लग रहे थे। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच पंचायत बुलाई गई थी। इस दौरान बातचीत बिगड़ गई और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। बताया जाता है कि पहले ससुराल पक्ष ने विवाहिता के भाई पर हमला किया, जिसके बाद लात-घूंसे और कुर्सियां चलने लगीं। इस मारपीट में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए, जिनमें लड़की पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें गेस्ट हाउस के अंदर हंगामा और मारपीट साफ दिखाई दे रहा है। पीड़ित महिला ने कोतवाली में अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर दी है।



## कथा समापन पर श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** श्रीराम कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कस्बे में जीटी रोड स्थित प्राचीन श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन- यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। वृन्दावन से पधारे कथा वाचक आचार्य पंडित श्याम जी द्विवेदी ने कहा कि बुराई कितनी भी बड़ी हो। कितनी भी शक्तिशाली हो। लेकिन अंत में बुराई का ही अंत होता है। जैसे रावण सबसे बड़ा शक्तिशाली था। लेकिन उसने बुराई का रास्ता चुना इसलिए उसका अंत हुआ। इससे हमें सीख लेने की जरूरत है। ताकि हम अच्छाई की राह पर चल सकें। भंडारे में कस्बा सहित आसपास गांवों के लोगों ने शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान सदभाव शुक्ला, सुभाष कटियार, कृष्ण कुमार तिवारी, छोटे मिश्रा, रामू बाथम, पुष्पेंद्र कटियार, उदित शुक्ला, श्यामू तिवारी, वैभव सक्सेना सहित लोग मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



युवा आढ़ती दीपक चौहान व उनके परिवार के चार सदस्यों की मौत की सूचना पर विधायक अर्चना पांडेय, मैनपुरी सदर विधायक एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, किशनी विधायक बृजेश कठेरिया, पूर्व सपा विधायक अरविंद यादव व लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोबिन यादव ने पैतृक गांव किशनी थाना क्षेत्र के गांव कैथौली पहुंच कर चाचा अनुज कुमार सिंह समेत अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया।

इसके अलावा तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह उर्फ पुच्ची ठाकुर, करणी सेना के जिलाध्यक्ष हिमांशु चौहान, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, व्यापारी नेता अनुज गुप्ता उर्फ जॉनी, श्यामू चौहान, आनंद गुप्ता आदि अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

उधर देवी सहाय मार्केट के ऊपर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित शोकसभा में मृतको के परिजनों को 2 मिनट मांग रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट, पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री (अल्पसंख्यक) संजय पौल, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे पप्पू, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, ओपी त्रिपाठी, आमिर खान, मेराज़ वारसी, राजू खान, अमोल दीक्षित, राजीव यादव, आसिफ सिद्दीकी, आमिर एडवोकेट एडवोकेट, राजू अंसारी, आशाराम यादव, उपदेश त्रिपाठी, रघुनंदन जाटव, राम औतार जाटव आदि मौजूद रहे।

# मृतक के परिजनों को मिली चार लाख की आर्थिक सहायता



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम त्रिलोकापुर में कुछ दिन पूर्व सचिन खटिक की तालाब में डूबने से दुखद मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से प्रभावित परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय और ब्लॉक प्रमुख सुषमा बादाम सिंह पाल ने सरकार की ओर से 4 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक मृतक की पत्नी को सौंपा।

इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि सरकार दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ है और हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुनीश मिश्रा, ग्राम प्रधान मनीष पाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल और देवेंद्र मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नई शिक्षा नीति में त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा माध्यमिक विद्यालयों के लिए जारी शैक्षिक पंचांग के अनुपालन में हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी शैक्षिक प्रगति का आकलन करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य राधा वल्लभ मिश्र ने बताया कि यह त्रैमासिक परीक्षा सभी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम वार्षिक परीक्षा के अंतिम परिणामों पर प्रभाव डालेगा। विद्यालय में समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित समस्त गतिविधियों के समन्वयक एवं एनसीसी मेजर संदीप कुमार माधव ने बताया कि यह परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के सतत् मूल्यांकन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

परीक्षा के सफल संचालन में परीक्षा प्रभारी दीपक कुमार , डॉ अभिषेक कुमार मिश्रा ,श्रीनारायण गुप्ता ,वीरेंद्र कुमार वर्मा सहित संपूर्ण स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

# खबरें एक नजर में

## ताला तोड़कर नगदी व सामान चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर तीन दुकानों में हजारों रुपये की नगदी व सामान चोरी कर लिया। जानकारी होने पर दुकानदारों में हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जबकि पहले भी एक गोदाम से चोर हजारों का माल चोरी कर चुके है। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी विशाल गुप्ता ने बताया कि उसकी तिर्वा रोड इन्द्रा नगर स्थित कोल्ड्रिक की गोदाम है। जिसमें चोरों ने जीने के रास्ते से घुसकर 72 हजार रुपये व सामान चोरी कर लिया। इनके यहां चोर पहले भी हजारों रुपये का सामान चोरी कर चुके है। जबकि उन्ही के पास में अमित गुप्ता के चावल प्लांट से भी 28 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। पास की विनोद राठौर की आढ़त व कोल्ड्रिक की दुकान से 30 हजार रुपये व सामान चोरी कर लिया। जानकारी होने पर दुकानदारों में हडकंप मच गया। दुकानदारों ने आसपास चोरों की तलाश करने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकानदारों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है।

## दुकानदार सहित चार को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राहक को लेकर तीन लोगों ने दुकानदार से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए उसके भाइयों से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मुरादगंज निवासी शानू पुत्र अब्दुल अजीज ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि रविवार की दोपहर करीब 02 बजे उसके गांव के ही तीन लोग उसकी दुकान पर आए और ग्राहक को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए उसके भाई मोनू, भूरा व कारीगर फरदीन से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रंजिशन दंपति से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गांव के ही लोगों ने युवक से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जब उसकी पत्नी ने बीच बचाव किया तो उससे भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बरगावां निवासी प्रेमचंद पुत्र कल्लू शर्मा ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार की शाम करीब 06 बजे उसके गांव के ही चार लोगों ने बच्चों के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आई उसकी पत्नी सीमा देवी से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दंपति से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश को लेकर गांव के ही लोगों ने महिला के दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जब उसके पति ने बचाने का प्रयास किया। तो उससे भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बरगावां निवासिनी निशा देवी पत्नी रवि कुमार ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार की शाम करीब 06 बजे उसके गांव के ही चार लोग उसके दरवाजे पर आए और रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जब उसके पति ने बचाने का प्रयास किया तो उससे भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कब्जा करने से मना किया तो महिला को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** फर्जी वसीयतनामा करवा कर मकान पर कब्जा करने आए लोगों को जब पीड़िता ने मना किया। तो आरोपितो ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा समधन के मोहल्ला आजाद नगर निवासी समसुन निशा बेगम पत्नी गफ्फार ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीती 29 जुलाई की रात उसके परिवार के चार लोगों ने उसके मकान का फर्जी बैनामा करवा लिया और कब्जा करने आ गए। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपितो ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डेढ़ माह पूर्व दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** डेढ़ माह पूर्व फर्रुखाबाद चौराहा पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की रविवार को हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सौ शैया लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़िया असेह निवासी 43 वर्षीय ब्रह्मानंद पुत्र गुलाब सिंह लगभग डेढ़ माह पूर्व फर्रुखाबाद दवा लेने बाइक से जा रहे थे। तभी किसी बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया था और वही बाइक चालक उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचा था। हालत गंभीर होने पर यहां से उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि बाइक चालक ने प्राइवेट उपचार कराने का आश्वासन देकर किसी अस्पताल में भर्ती कराया था। कुछ दिन तक उनका उपचार करा कर बाइक चालक ने छोड़ दिया। पैसों की तंगी के चलते घायल को उसके परिजन वापस गांव ले गए। यहां रविवार को उसकी अचानक हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन यहां चिकित्सक ने उसे परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार ने उक्त बाइक चालक के खिलाफ तालग्राम थाना पुलिस में शिकायत की है।

# कार्यशाला में सफाई कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

नगर पालिका परिषद के सभागार में सफाई कर्मियों को कूड़े के विकेंद्रीकरण एवं पृथक्करण से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

शासन के आदेश के पालन और अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में क्षमता संवर्धन के अंतर्गत कूड़े के विकेंद्रीकरण एवं पृथक्करण से संबंधित प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम कुमार ने सभी कर्मचारियों को कूड़े के विकेंद्रीकरण, संग्रहण एवं निस्तारण की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके साथ-साथ कर्मचारियों को सफाई कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में भी अवगत कराया गया। इस दौरान सफाई लिपिक अमरदीप व प्रवेश कुमार सहित सभी सफाई नायक आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर में छात्र संसद का गठन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



सरस्वती शिशु व विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में शिशु भारती और विद्या भारती के लिए छात्र संसद का गठन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

शिशु भारती के चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी अरविंद वर्मा की देखरेख में हुए, जिसमें प्राप्त मतों और उत्कृष्ट भाषण के आधार पर बहिन आरोवी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं, विद्या मन्दिर में छात्र संसद के लिए बहिन मानवी तिवारी प्रधानमंत्री और भैया समर्थ पाण्डेय उप प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित हुए। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का बोध कराया। उन्होंने कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और सहयोग की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। यह प्रक्रिया विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ती है। समारोह में शिक्षकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बन गया।

# हरियाली तीज उत्सव की प्रबंधन टीम सम्मानित

- अगले वर्ष और भव्य होगा आयोजन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



गंगेश्वर वाटिका में आयोजित हरियाली तीज उत्सव के महिला स्नेह मिलन समारोह को सफल बनाने वाली प्रबंधन टीम को विधायक व पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और व्यापक व भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। 27 जुलाई को हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं की अपार भीड़ ने उत्साह का माहौल बनाया, लेकिन विशाल पंडाल भी छोटा पड़ गया। आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत कर दिया। अर्चना पांडेय ने बताया कि अगले वर्ष से नगर में बड़े स्थान पर तीज महोत्सव आयोजित होगा। साथ ही, गुरसहायगंज में अलग से आयोजन होगा, ताकि पूरे विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिले। प्रबंधन टीम की महिलाओं व युवकों ने इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रबंधन टीम के सदस्यों को प्रतीक चित्र भेंट किए।

## बहू को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बहू ने ससुर पर गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम असौलिया निवासिनी अनूपा देवी पत्नी विक्रम जाटव ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार की रात करीब 11 बजे उसके ससुर ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

# एआईएमएआई पार्टी से साजिद सिद्दीकी को किया गया निष्कासित

- इससे पूर्व भी साजिद को पार्टी से किया गया था निष्कासित : अकबर खान

छिबरामऊ, कन्नौज, समसृद्धि न्यूज।

ऑल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन उत्तर प्रदेश सेंट्रल जोन के महासचिव साजिद सिद्की को पार्टी से अनिश्चितकालीन के लिए निष्कासित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए यूथ जिलाध्यक्ष अकबर खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के निर्देश पर नगर के मोहल्ला बिरतिया नई बस्ती बारात घर के पास निवासी साजिद सिद्की को पार्टी विरोधी गतिविधियों में खुले आम संलिप्त होने के कारण प्राथमिक सदस्यता समाप्त करते हुए पार्टी से अनिश्चितकाल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। अकबर खान ने बताया कि इससे पूर्व भी साजिद सिद्की को पार्टी से निष्कासित किया गया था, लेकिन अन्य पदाधिकारियों की सहमति के चलते उनको दोबारा शामिल कर लिया गया था। इस बार पार्टी के उच्च पदाधिकारी होने के बावजूद पार्टी विरोधी गतिविधियों में पाए जाने पर उन्हें अनिश्चितकालीन के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

## चेहल्लुम पर्व पर बिजली, सफाई व सुरक्षा दुरुस्त कराने की मांग

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** ताजिया कमेटी के अध्यक्ष समशाद खां, करबला कमेटी के अध्यक्ष इमरान अहमद, मेला कमेटी अध्यक्ष नसीम खान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने चेहल्लुम के ताजियों को लेकर एसडीएम विनय कुमार मौर्य को छह सूत्री ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि चेहल्लुम के मौके पर 14 अगस्त को मध्य रात्रि 12 बजे से व 15 अगस्त को दोपहर साढ़े 12 बजे से ताजिया जुलूस तोपखाना तकिया मस्जिद से उठेगा। इस दो दिवसीय त्योहार के मौके पर ताजिया मार्ग पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। जुलूस मार्ग के ढीले बिजली के तारों को ठीक किया जाए। इस दौरान सड़क के गड्ढों को भरवाया जाए। 14 अगस्त की रात में फुटकर सब्जी मंडी को खाली कराया जाए। मेला स्थल ख्वाजा सहाव के मैदान के पास से अतिक्रमण को हटाया जाए और व्यवस्था को दुरूस्त कराया जाए। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की जाए। जिससे पर्व शांति पूर्ण ढंग से और पारंपरिक रूप से संपन्न हो सके। विभिन्न कमेटियों के पदाधिकारियों की मांग पर एसडीएम ने सहानुभूतिपूर्वक विचार कर व्यवस्थाएं ठीक कराने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर नौशाद खां, इब्राहीम, सोएब, सादाब वारसी, हनीफ़ हाजी नफीस अहमद आदि मौजूद रहे।

# बेहद धीमी रफ्तार से यमुना के जलस्तर का कम होना जारी

- 24 घण्टे के अंतराल में नदी का पानी महज 1 मीटर 35 सेमी कम हुआ
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनता की मुसीबत अभी नहीं हुई कम

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।


बाढ़ के पानी से लबालब खेत।

यमुना के जलस्तर का कम होना जारी है हालांकि इसकी रफ्तार बेहद धीमी है महज 4 सेमी प्रति घण्टा से पानी कम हो रहा है जिससे 24 घण्टे के अंतराल में नदी का पानी महज 1 मीटर 35 सेमी कम हुआ है जिसके चलते प्रभावित क्षेत्रों में जनता की मुसीबत अभी कम नहीं हुई है।

विदित हो कि गत 28 जुलाई को यमुना के जलस्तर का बढ़ना शुरू हुआ था तब जनता के साथ केन्द्रीय जल आयोग को भी अन्दाजा नही था कि बाढ़ तबाही के मुकाम पर पहुंच जाएगी और इसके लगातार 2 अगस्त सुबह तक बढ़ने का सिलसिला जारी था जिसके चलते क्षेत्र के चार गांव टापू बन गये थे तो आधा दर्जन गांवों का सड़क सम्पर्क टूट गया था हालाकि प्रशासन ने आकस्मिक और जरूरी परिस्थितियों के लिए सभी प्रभावित क्षेत्रों में मोटर वोट अथवा नावो की व्यवस्था की थी जिसकी वजह से किसी प्रकार की घटना दुर्घटना के मामले सामने नही आए थे। इतना ही नही शासन के निर्देश पर प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित जनता की मदद करने का भी सिलसिला 1 अगस्त से शुरू कर दिया था जो अभी भी जारी है शनिवार को भी कमिश्नर विमल दुबे ने क्षेत्र के ग्राम मंगरौल में प्रभावित लोगों से मुलाकात कर राहत सामग्री भी वितरित की थी। हालांकि अब वाढ़ कम होने का भी सिलसिला शुरू हो गया है जिसके चलते नदी का जलस्तर 24 घण्टे में 112.14 से घटकर 110.80 दर्ज किया गया है जो चौबीस घण्टे में 1 मीटर 35 सेमी ही है। केन्द्रीय जल आयोग के प्रभारी रूपेश कुमार के अनुसार पानी उतरने का सिलसिला अभी लगातार जारी रहेगा।

2 अगस्त दोपहर बाद यमुना का जलस्तर कम होना शुरू हो गया था जो अभी भी जारी है लेकिन पानी कम होने की रफ्तार बेहद कम है जिससे वाढ के पानी की ऊंचाई महज 1 मीटर 35 सेमी कम हुई है जिसके चलते टापू बने पड़री, शेखपुर बुल्दा, रायढ दिवारा और इकौना की जनता को कोई राहत नहीं है उन्हें सड़क मार्ग के लिए एक दो दिनों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

### बाढ़ कम होने से प्रभावित गांवों का सड़क सम्पर्क बहाल

विदित हो कि व्यास मंदिर रोड के साथ मंगरौल गांव के पास सड़क पर बाढ़ का पानी आ गया था जिससे शेखपुर गुढ़ा, गुढ़ा खास, मैनूपुर, हीरापुर, देवकली और कीरतपुर गांव का सड़क सम्पर्क टूट गया था और यहां के लोगों के लिए तहसील मुख्यालय आने के लिए नाव ही एक मात्र बिकल्प था लेकिन यमुना का जलस्तर कम होने से इन गांवों का सड़क सम्पर्क बहाल हो गया है।

### नगर क्षेत्र में अब बाढ़ से छूटे कचरे ने बढ़ाई मुसीबत

यमुना का जलस्तर बढ़ने से नगर के मुहल्ला तरीबुल्दा, रामगंज, कांशीराम कालौनी कागजीपुरा, तथा आलमपुर कदौरा फाटक क्षेत्र में पानी घरों तक पहुंच गया था जिससे आवागमन तो बन्द हुआ ही था साथ ही उन्हें घरों की छतों पर शरण लेनी पड़ी थी। हालांकि रविवार को यमुना का जलस्तर 1 मीटर से अधिक कम हो गया है जिससे पानी घरों और सड़कों से तो नीचे चला गया है पर गंदगी छोड़ गया है जिससे क्षेत्र के निवासी परेशान है उन्होंने प्रशासन से गंदगी हटाए जाने की मांग की है।

### बाढ़ में कई गांवों के प्रधान बने जनता के लिए मसीहा

बाढ़ के दौरान प्रशासन मोटरवोट तथा नाव उपलब्ध कराने के अलावा प्रभावित जनता की कोई मदद नही कर सके ऐसे में यमुना पट्टी के कई गांवों के प्रधानों ने अपने वोट का कर्ज अदा किया है और उन्होंने प्रभावित जनता को भूखा नही रहने दिया है। जिसमें कीरतपुर प्रधान पवनदीप निषाद, देवकली प्रधान बाल सिंह निषाद तथा गुढ़ा खास प्रधान राजभोज निषाद ने रसोई चलाकर किसी को भूखा नहीं रहने दिया है।

### ज्यादातर प्रभावित गांवों में अब नहीं पहुंची प्रशासन की मदद

वैसे तो बाढ़ से क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव प्रभावित है लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी गुढ़ा खास, शेखपुर बुल्दा, रायढ़ दिवारा व पड़री मुस्तकिल के अलावा नगर के कुछ इलाकों के प्रभावितों को हुई है लेकिन अभी तक इन प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की मदद नही पहुंची है। बाढ़ से प्रभावित गुढ़ा खास में आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला तो पड़री गांव भी अभी तक शासन की मदद से बंचित है इसके अलावा शेखपुर बुल्दा में 100 प्रभावित में से महज कुछ को राहत सामग्री दी गई है हालांकि रविवार को रायढ़ दिवारा राहत सामग्री भेजने के लिए प्रशासन कोशिश में लगा रहा।

# विद्यालयों में भवनों की मजबूती एवं डिजिटल आदि सुविधाओं की निगरानी करायेगी सरकार

- दो दिन में 14 स्कूलों का होगा निरीक्षण, 252 विद्यालयों का सैंपल होगा तैयार
- स्कूलों की समीक्षा फर्जी आंकड़ों पर करने वालों की अब खैर नहीं



जर्जर विद्यालय भवन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार प्रदेश के स्कूलों में भवनों की मजबूती को लेकर डिजिटल आदि की सुविधाओं की निगरानी करायेगी। बेसिक से लेकर माध्यमिक विद्यालयों तक की समीक्षा अब सिर्फ आंकड़ों पर नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत पर होगी। स्कूलों के निरीक्षण की रिपोर्ट प्रेरणा एप के माध्यम से दर्ज की जायेगी, जिसकी निगरानी राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा की जायेगी। निरीक्षण इसी माह से शुरु हो जायेगा।

शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्कूलों की समीक्षा फर्जी आंकड़ों पर करने वाले अधिकारियों की अब खैर नहीं है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत शासन ने 18 वरिष्ठ शिक्षाधिकारियों की टीम गठित की है। सभी मंडलों में दो-दो जिलों का निरीक्षण करेगी। जिसमें स्कूलों के भवन की मजबूती के साथ-साथ वहां डिजिटल सुविधाओं तक की निगरानी एवं जांच होगी। प्रत्येक टीम को दो दिनों में कम से कम 14 विद्यालयों का निरीक्षण करना होगा। जिससे 252 विद्यालयों का सैंपल तैयार किया जायेगा। स्कूलों के निरीक्षण का दायरा व्यापक रखा गया है। इसमें प्रधानमंत्री विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय सभी परिषदीय विद्यालय, राजकीय इंटर कालेज, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र तक शामिल हैं। हर जिले में हर श्रेणी के एक स्कूल की फील्ड विजिट कम से कम अनिवार्य है। टीमें स्कूल भवनों की मजबूती और ध्वस्तीकरण की जरुरत, फर्नीचर की उपलब्धता, विद्यालयों में पुस्तक वितरण की स्थिति, छात्र-छात्राओं और शिक्षक उपस्थिति, प्रयोगशाला, यू-डायस डेटा स्थिति एवं विज्ञान किट के प्रयोग आदि देखेगी। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे एवं पूर्व जिला संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने स्कूलों के निरीक्षण किये जाने की कदम की सराहना की है। शिक्षक नेताओं ने उम्मीद जाहिर की कि निरीक्षण से जहां एक ओर विद्यार्थियों की सुरक्षा पुख्ता होगी, वहीं शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

## ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला परचून दुकान में घुसा, बड़ा हादसा होने से बचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ओवरलोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा घुसा। जिससे दुकान पर मौजूद ग्राहकों में अफरीतफरी मच गयी। लोग अपनी-अपनी जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार रविवार को थाना मऊदरवाजा क्षेत्र की रायपुर चौकी के अंतर्गत एक ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला जा रहा था, तभी अचानक चालक ट्रैक्टर से अपना नियंत्रण खो बैठा। जिससे ट्राला एक परचून दुकान में जा घुसा। जिससे परचून दुकान पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोग इधर उधर भागने लगे। हालांकि इसमें किसी को कोई चोट नहीं पहुंची है, सिर्फ दुकान मालिक का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। दुकान के बाहर खड़ी एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गयी। बताते चलें कि थाना पुलिस व एआरटीओ विभाग की लापरवाही से सड़कों पर ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला दौड़ रहे हैं। जो हादसों का कारण बन रहे हैं। जबकि एआरटीओ विभाग में ट्रैक्टर कृषि भूमि के लिए दर्ज है। इसके बावजूद भी ट्रैक्टर सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं।

# सैनिक का शव पहुंचा पैतृक गांव, सेना के जवानों ने दी सलामी

- बीते दिन टैंकर की चपेट में आने से हो गयी थी मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



सैनिक को सलामी देते सेना के जवान



श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग

कल टैंकर की टक्कर से सेना में तैनात सैनिक की मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद सैनिक का शव उसके पैतृक गांव नगला जोध पहुंचा। सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गये और सैनिक के अंतिम दर्शन किये। वहीं सेना के जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ सलामी दी। मृतक की मां शव को देखकर वेसुध हो गयी। मृतक की दो बेटियां जिसमें एक 2 साल की एवं एक 1 माह की है। वहीं मृतक की पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने सरकार से न्याय की गुहार लगाते हुए बच्चियों के भविष्य के लिए मदद की दरकार की है। बताते चलें की शनिवार को नगला जोध निवासी 20 वर्षीय कमल सिंह पुत्र रंजीत सिंह जिम करने गाँव से रजीपुर जा रहा था। उसी दौरान कानपुर-फतेहगढ़ मार्ग पर कानपुर से आ रहे टैंकर ने टक्कर मारकर सैनिक कमल को कुचल दिया था। जिससे उसकी हालत नाजुक हो गयी थी। परिजनों ने उसे सीएचसी कमालगंज में भर्ती किया था। जहां हालत बिगड़ने पर परिजन मिलेट्री अस्पताल फतेहगढ़ ले गये थे। जहां उसकी मौत हो गयी थी। सैनिक के शव को श्रृंगीरामपुर घाट पर मुखाग्नि दी गयी। जहां पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, पुलिसकर्मी, सेना के जवान आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने 11 क्षयरोगियों को लिया गोद



क्षय रोगियों को फल की डलिया भेंट करते चेयरमैन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज नगर पंचायत चेयरमैन के आवास पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रविवार को उपचारित टीबी रोगियों को गोद लेने के संबंध में बैठक हुई। इसमें नगर के सम्मानित लोगों के साथ मिलकर टीबी से बचाव को लेकर चर्चा की गई। चेयरमैन अनिल राजपूत ने 11 क्षय रोगियों को गोद लिया। चेयरमैन ने गोद लिए गए सभी क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार की पोटली वितरण की। चेयरमैन ने बताया कि क्षय उपचाराधीन मरीजों को गोद लेने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डॉ0 दिलीप सिंह ने क्षय रोगियों को डाट्स की दवाओं को बिना नागा किए उपचार अवधि तक खाने को प्रेरित किया। चेयरमैन ने क्षय रोग के संबंध में शपथ दिलाई और टीबी को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, मंडल उपाध्यक्ष आदेश राठौर, पंकज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# सम्पूर्णता सम्मान समारोह में इंडिकेटर कर्मचारी हुए सम्मानित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशन में विकास खंड कार्यालय में आयोजित संपूर्णता सम्मान समारोह में इंडिकेटर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार में रविवार को नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशन के क्रम में संपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजन के दौरान 6 इंडिकेटर कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, कृषि विभाग, एनआरएलएम विभाग के संतृप्त किए जाने के उपलक्ष्य में फ्रंटलाइन वर्क्स, सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं ब्लॉक मिशन मैनेजर के कर्मचारियों को



कर्मचारियों को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष

जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, विकास खंड अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में भी अच्छा कार्य करते रहने की सलाह दी।

वहीं विकास खंड कार्यालय सभागार में कर्मचारियों की अनदेखी सामने आई। जनरेटर की व्यवस्था न होने के कारण अंधेरे में ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कई महिलायें तो गर्मी की वजह से अंदर से निकलकर बाहर आकर बैठने लगी। जिसके चलते कार्यक्रम को जल्दी समाप्त किया गया। ग्राम पंचायत सचिवों तथा पंचायती विभाग के कर्मचारियों को कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। जिससे कई कर्मचारी नाराज दिखे।

इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, सहायक विकास अधिकारी एडियो आईएसबी सुखदेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, इंदल बाबू, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजेश सिंह, जगवीर सिंह, अरविंद कुमार, कुलदीप कुमार सिंह, मोतीलाल, सुनील कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, प्रवीण कुमार, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, अकाउंटेंट वीरेंद्र कुमार, कनिष्ठ सहायक राज भारती, एपीओ गौरव दिवाकर, मनोज कुमार, विनीत कुमार वर्मा, अनुराग सिंह, ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला, ममता पाल, संजीव कुमार, लवलेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमणकारियों पर थानाध्यक्ष की चेतावनी का नहीं हुआ कोई असर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



फुटपाथ पर अतिक्रमण किये दुकानदार

नवाबगंज चौराहे से लेकर तिराहे तक दोनों तरफ दुकानदारों के द्वारा दुकानों के बाहर टीन शेड व तिरपाल डालकर फुटपाथ पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे वाहनों को आवागमन के लिए जगह न होने पर मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग, नवाबगंज-मोहम्मदाबाद मार्ग, नवाबगंज-मंझना मार्ग, नवाबगंज मुख्य बाजार मार्ग पर आए दिन जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर शनिवार शाम थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने चौराहे पर घूम-घूमकर दुकानदारों को रविवार तक अपनी-अपनी दुकानों के बाहर लगी टीन शेड, पन्नी आदि को हटाने व सड़क के किनारे फुटपाथ को खाली रखने की चेतावनी दी थी। उन्होंने दुकानदारों को फुटपाथ पर अतिक्रमण न हटाने पर वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी। थानाध्यक्ष द्वारा दी गई चेतावनी के बाद भी दुकानदारों पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिला। दुकानदारों ने अतिक्रमण ज्यों का त्यों ही बनाए रखा है। शायद दुकानदार थानाध्यक्ष को ये दिखाना चाहते है कि कोई कुछ भी कहे हम तो ऐसे ही अतिक्रमणकारी ही बने रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### रिमझिम बारिश से शहर जलमग्न, सड़कें बनी तालाब, घरों में घुसा पानी



तलैया मोहल्ले में भरा पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर क्षेत्र में बारिश से गलियों में जलभराव हो गया। लोगों के घरों में पानी घुस गया। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के तलैया फजल इनाम में स्टेट बैंक वाली रोड पर करीब तीन फीट तक गंदे नाले का पानी भर गया। इससे मोहल्ले में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कत हुई। मोहल्ले के लोगों को सड़क पर जलभराव के बीच निकलते हुए उन्हें जाना पड़ा। कई बाइक सवार जब पानी से होकर निकले तो बीच में बाइक बंद हो गई। लोग धक्का मारकर निकलते नजर आए। सामान से लदा टेंपो जब सड़क पर भरे पानी में पहुंचा तो गड्ढे में पहिया जाने से पलटने लगा। लोगों ने उसे संभालकर खड़ा किया। कई मोहल्लों में हुआ जलभराव। शहर में खटकपुरा, स्टेट बैंक वाली गली, लिंजीगन, कछियाना, विकास नगर, बढ़पुर, आवास विकास में कई जगह जलभराव हो गया। फतेहगढ़ में मोहल्ला हाथीखाना, भूसामंडी, मछली मंडी, सीएमओ कार्यालय के पीछे, पोस्टमार्टम हाउस में जलभराव सहित कई मोहल्लों में पानी भरा रहा। कई मोहल्लों में तो नालियों का कीचड़ सड़कों पर आ गया। जिससे लोगों को निकलने बैठने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसे में लोग नगर पालिका को कोसते नजर आये।

### ई-रिक्शा की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना शमशाबाद के गांव उलियापुर चम्पतपुर निवासी रवि शाक्य बाइक से रविवार को अपने बहनोई शिवकुमार के घर गया था। सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाइक से अपने साथी जितेंद्र को साथ लेकर व दूसरी बाइक पर बहनोई के साथ सिरौली जा रहा था, तभी मोहम्दाबाद रोड स्थित पेट्रोल पम्प से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बाइक की ई -रिक्शा में टक्कर लगने से बाइक चालक रवि शाक्य व जितेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गये। लोगों द्वारा 108 एम्बुलेंस पर फोन कर घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे पायलट संतोष कुमार व ईएमटी जितेंद्र ने घायल को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां मौजूद चिकित्सक ने रवि शाक्य की हालत गंभीर देख उसे लोहिया अस्पताल ाद के लिए रेफर कर दिया।

# उद्योग व्यापार संगठन फतेहगढ़ की नगर कमेटी गठित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन फतेहगढ़ ने नगर कमेटी का गठन किया। जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया।

भोलेपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों में वरिष्ठ महामंत्री राहुल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय पांडेय, महिला अध्यक्ष तबस्सुम, नगर मंत्री मोहम्मद याशीर, वरिष्ठ संगठन मंत्री प्रवीण दीक्षित, नगर मंत्री गोविंद शर्मा, संगठन मंत्री मुशीर, टिंकू मंसूरी नगर मंत्री, अंकित वर्मा संगठन मंत्री, रवींद्र यादव मीडिया प्रभारी, गौरव अग्रवाल वरिष्ठ कोषाध्यक्ष, अनूप गुप्ता नगर उपाध्यक्ष, वेदान्त कटियार नगर उपाध्यक्ष इसके अलावा राजेश वर्मा, अंकेश राठौर, राकेश शर्मा, सतीश



नव नियुक्त पदाधिकारीगण

गुप्ता, अर्जुन वर्मा, सोनू गुप्ता, आनन्द गुप्ता, अनमोल कटियार, सौरभ गुप्ता, मोहम्मद आसिब खान, मोहित वर्मा, मोहम्मद नाजिम, अरविन्द सक्सेना, अंकित शुक्ला, सरताज, मोहम्मद सफी, सुरेन्द्र वर्मा, सर्वेश राठौर को सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता और जिला महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस गठन के साथ संगठन ने अपनी टीम को मजबूत करने और व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के लिए कदम उठाया है।

# आवारा सांडों का शिकार हुआ कावड़ियों का जत्था, दस घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लोगों में उस समय अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जब दो सांड आपस में भिड़ गये। हालांकि इस घटना में करीब दस कांवड़िये घायल हो गये। जिनमें बच्चे व महिलायें भी शामिल हैं। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सरकार के आदेशों के बावजूद भी आवारा जानवरों को पकड़ा नहीं जा रहा है। वह आज भी खुलेआम सड़क पर घूमकर लोगों की जान के दुश्मन बन रहे हैं। कई लोग तो इनका शिकार होकर अपनी जान गवां बैठे हैं। ऐसा ही एक मामला कायमगंज के पृथ्वी दरवाजा के पास देखने को मिला। जब दो सांड आपस में भिड़ गये। दोनों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं



अस्पताल में भर्ती घायल कांवड़िये

था। जिससे राहगीरों में अफरातफरी मच गयी। सांड से बचने के लिए लोग तो हट गये, लेकिन एक कांवड़ियों का जत्था इन सांडों का शिकार हो गया। जो कांवड़ लेकर सरवा कुंडा जा रहे थे। सांडों ने कई कांवड़ियों को कुचल दिया। जिसमें कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी अंजली उम्र 23 वर्षीय पुत्री विनोद कुमार, नीरजा देवी उम्र 58 वर्ष पत्नी सत्यपाल निवासी पृथ्वी दरवाजा, सीता उम्र 40 वर्षीय पत्नी रामनिवास निवासी कूँचा मोहल्ला, प्रान्शी उम्र 16 वर्षीय पुत्री अनिल कुमार निवासी पृथ्वी दरवाजा, धनदेवी उम्र 55 वर्षीय पत्नी रामनाथ निवासी ज्योनी ज्योना, अंश उम्र 10 वर्षीय पुत्र वेदराम निवासी कूँचा मोहल्ला, रिया उम्र 19 वर्षीय पुत्री सर्वेश, सीमा उम्र 28 वर्षीय पत्नी प्रेमपाल निवासीगण पृथ्वी दरवाजा, गीता उम्र 50 वर्षीय पत्नी राम निवासी कूँचा आदि लोग घायल हो गये। बताते हैं कि सभी लोग नगर के गंगा दरवाजा, शिवाला भवन, गायत्री धाम से कांवर लेकर नगर के मैन चौराहा श्यामागेट, बजरिया, काजम खाँ, पुलगालिब, चिलाँका, भूसा मन्डी चौराहा होती हुई पृथ्वी दरवाजा पहुँचे। वहाँ पर आवारा सांडों का शिकार हो गये। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि इस घटना में करीब आधा दर्जन कांवड़िये घायल हुए हैं। जिनका उपचार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र में चल रहा है।

## उचक्कों ने महिला के बैग से पार किये जेवरात व नकदी

- थानाध्यक्ष ने दिया जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला के बैग से उचक्के दस हजार की नकदी व लाखों के जेवर लेकर रफूचक्कर हो गये। पीड़िता ने थाना कादरीगेट में प्रार्थना पत्र दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता प्रिया पुत्री प्रवेश कुमार निवासी भकरामऊ जे.एन.वी. रोड फतेहगढ़ ने थानाध्यक्ष कादरीगेट को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि रविवार को वह अपनी ससुराल मोहल्ला ग्वालटोली निकट शीतला माता मन्दिर मैनपुरी से ससुर बांकेलाल के साथ अपने घर फतेहगढ़ आ रही थी। रोडवेज बस स्टैण्ड फर्रुखाबाद पर समय लगभग 10 बजे सुबह रोडवेज बस से पहुंचे। रोडवेज बस स्टैण्ड से पीड़िता अपनी माता किरन देवी के साथ ई-रिक्शा से फतेहगढ़ जा रही थी। बस स्टैण्ड से फतेहगढ़ के मध्य ई-रिक्शा में बैठे चार अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरे बैग में रखे कीमती सोने का सामान जिसमें दो चैन, एक कण्ठी, कानों के टॉप्स) एवं 10,000 रु. समेत लगभग चार लाख रु. का सामान बैग काटकर निकाल ले गये। थानाध्यक्ष ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# भाविप पांचाल शाखा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




तीज महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेतीं महिलायें

- महिलाओं व बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद पांचाल शाखा के तत्वाधान में हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्टेट बैंक रोड अग्रवाल धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल रही। विशिष्ठ अतिथि क्षेत्रीय महिला संयोजिका अनीता पाठक ने भाग लिया। शाखा अध्यक्ष देवेन्द्र नारायन श्रीवास्तव, संगठन सचिव कन्हैया शुक्ला, महिला संयोजिका रत्नेश पाल, कोषाध्यक्ष अनुपम पुरवार, सचिव संतोष अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम हुआ। मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संस्था का परिचय कन्हैया लाल जैन ने दिया। स्वागत परिचय अनिल सक्सेना ने किया। गणेश वंदना मुद्रा गुप्ता ने की। कार्यक्रम में नृत्य अविका, गार्गी गुप्ता, हरप्रिया, यशी, दिव्यांशी, काशवी, शिवानी, अन्वी ने प्रस्तुत किया। बच्चों के गेम्स हुए। जिनमें पॉसिंग प्ले, थिंक सॉन्ग, डांस क्वीन, मेकअप, कपल लेटर, किस की टोपी किसके सिर, महिलाओं का कैटवॉक हुआ। साथ ही ढोलक पर सॉन्ग ग्रुप में ममता, रोमी, अनुपम, शिखा, मुक्ता, आभा, पूनम ने प्रस्तुति दी। महिलाओं के ग्रुप डांस में ममता, रोमी, अनुपम, शिखा, मुक्ता, आभा ने भाग लिया। क्विज प्रश्न प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि वत्सला अग्रवाल को महिलाओं ने झूला झुलाकर सावन गीत प्रस्तुत किये। आभार अध्यक्ष देवेन्द्र नारायन श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। इस मौके पर संजीव बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

## करंट से किशोर की मौत




मृतक का फाइल फोटो

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** अलमारी में पतंगे रखते समय किशोर को करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के थाना छिबरामऊ के गांव मोहन नगला निवासी अमित नागर अपनी ससुराल कम्पिल के मोहल्ला मांझगांव पूर्व निवासी राजू नागर के यहां रह रहा है। उनका १२ वर्षीय पुत्र अरमान नागर रविवार शाम कमरे में बनी अलमारी में पतंगे रखने के लिए गया था। उसी समय उसका पैर अलमारी से निकले तार से छू गया। जिससे वह चीख पड़ा। स्वजनों ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया, तो उनको भी करंट लग गया। तार तोड़कर उन्होंने किशोर को करंट से छुड़ाया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन आनन-फानन में किशोर को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मां सुआ देवी का रो -रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था।

# भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता राखी का त्योहार : बहन बीके सुमन

- ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जिला जज की पत्नी सुमनलता को राखी बांधतीं बी.के. सुमन

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जय नारायण वर्मा रोड के ऑडिटोरियम में रविवार को रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की सामाजिक शिक्षा जगत और प्रशासनिक हस्तियों ने भाग लिया। विधायक कुलदीप गंगवार, जिला जज की पत्नी सुमन लता, डॉ0 मुकेश सिंह राठौर, उप जिलाधिकारी अमृतपुर संजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, आरआरसी सेंटर के मेजर हर्षवर्धन ने भाग लिया और अपने विचार रखे। सुमन लता ने संस्था के कार्यों को सराहा और कहा कि यहां पर आकर मनुष्य को असली शांती मिलती है। इसलिए सभी को इस संस्था से जुड़ना चाहिए। पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार ने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था एक ऐसी संस्था है जो विश्व को परिवर्तन करने में लगे हुई है और सारे देश में मेडिटेशन करवा कर जीवन में सुख और शांति कैसे आए, उसके लिए बहुत प्रयास कर रही है। मेजर हर्षवर्धन ने कहा यहां आकर बहुत ही सकारात्मक विचारों की उत्पत्ति व शांति मिलती है। डॉ0 मुकेश सिंह राठौड़ ने कहा आज समाज व परिवार में कड़वाहट आ गई। उसको ठीक करने का एक ही मंत्र है ओम शांति। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने कहा भाई को वीर पुरुष बनने के लिए योगी और तपस्पी बहनों के द्वारा राखी बंधवाने की आवश्यकता है। हमारे देश को वीर पुरुषों की आवश्यकता है जो समाज में फैली कुरीतियों से लड़ सके तथा समाज को अच्छा रूप दे सके। प्रभारी बहन बीके सुमन बहन ने बताया राखी पर्व खुशी देने वाला है। आज के परिवेश में व्यक्ति व्यर्थ की बातों में उलझा रहता है और उनके भूलता नहीं है। उन्हीं को याद कर दुखी होता रहता है। ऐसी बातों को भूल मन में खुशी एवं शांति को स्थान देना ही राखी का त्यौहार सिखाता है। बहन राधिका ने बताया परमात्मा राखी की स्मृति पवित्र बहनों की हाथ से बंधवाना ही जीवन में सुख शांति समृद्धि प्राप्त करना ही है। मंच का संचालन बहन बीके मीरा ने किया एवं संस्था का परिचय दिया। बहन दिव्या ने स्वागत नृत्य किया तथा खुशियों से भर दिया। बहन शिवानी ने राखी का महत्व बताया। कार्यक्रम में विकेश, श्याम सिंह, बीके शैलेंद्र, बीके नेता, बीके कुसुम, बीके सुनीता, बीके शशि, दिनेश, बीके सोनू आदि उपस्थित रहे।

# विशाल कांवड़ यात्रा में गूंजे बम-बम भोले के जयकारे

**सांसद मुकेश राजपूत व तोषित प्रीत सिंह ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नंदी संकल्प सेना द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में भक्तगण पांचाल घाट पहुंचकर कांवड़ यात्रा में भाग लिया। यात्रा का शुभारम्भ अशोक वाटिका से शुरु होकर पांचाल घाट होते हुए चांदपुर, खानपुर, कादरीगेट, लालगेट, घुमना, चौक, रेलवे रोड होते हुए पाण्डेश्वर नाथ पहुंची। जहां भक्तों ने जलाभिषेक किया।

कांवड़ यात्रा में युवतियां, बुजुर्ग, महिलायें, युवा, बच्चे एवं विभिन्न संगठनों के लोगों ने भाग लिया। लड़ाकू विमान राफेल भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुआ। यात्रा का शुभारम्भ पंचदस जूना अखाड़ा के संत सत्यगिरी व गंगेश्वर मंदिर के महंत ने किया। जगह-जगह पुष्प वर्षा हुई। यात्रा में जनपद के अलावा अन्य जगह से भी भक्तों ने आकर भाग लिया।



कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तगण



शिव भक्तों का स्वागत करते सांसद मुकेश राजपूत व तोषित प्रीत सिंह

इस मौके पर आशीष मिश्रा भइयन, शैलेन्द्र सिंह राठौर, मनोज मिश्रा, बबुआ बाजपेयी, राजेश मिश्रा डेयरी वाले, नंदी सेना प्रमुख विक्रांत अवस्थी, कोमल पाण्डेय, विशाल दुबे, मोहित खन्ना, धीरज पाण्डेय, टिंकल यादव, गौरव सक्सेना, कुलदीप गुप्ता, मिथुन राठौर, क्रांति पाठक, नवल यादव, सौरव दीक्षित, अभय सिंह, राहुल अवस्थी, अमित सिंह, सभासद नन्हे पंडित, विश्वनाथ राजपूत, सौरव पाठक, बबिता पाठक, हेमलता मिश्रा, सदानंद शुक्ला, अरविन्द गुप्ता राजू, सौरव शुक्ला, राहुल अवस्थी, अंकित पाल आदि लोग मौजूद रहे। कांवड़ियों ने बम-बम भोले जयघोष के साथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। लाल सराय पर भाजपा नेता सरदार तोषित प्रीत सिंह ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर आतिशबाजी छुड़ाकर पुष्प वर्षा कर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया और कांवड़ियों को फल व ठंडा पानी वितरित किया। सांसद ने मुकेश राजपूत ने लाल सराय पहुंचकर तोषित प्रीत सिंह के प्रतिष्ठान पर उनके साथ कांवड़ियों के ऊपर फूलों की पुष्प वर्षा की। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह रजावत, चरन प्रीत सिंह, विशाल मित्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# चिलसरा मार्ग पर रोडवेज बस सेवा हुई शुरु, व्यापारियों ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पिछले दिनों 26 जुलाई को भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के द्वारा फर्रुखाबाद रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन देकर फर्रुखाबाद में टाउन हॉल से चिलसरा रोड होते हुए शमशाबाद और बदायूं तक जाने के लिए बस प्रतिदिन चलाए जाने की मांग की गई थी। जिसको स्वीकृति दी गई थी।

रविवार को टाउन हॉल से चिलसरा होते हुए शमशाबाद तक एक बस चलने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। इस बस के चलने के प्रारंभ होने के पहले दिन भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा चिलसरा में उपर्युक्त बस के चालक और परिचालक का स्वागत और अभिनंदन फूल माला बनाकर किया गया। रोडवेज कर्मचारियों में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। चालक यादराम लोधी और परिचालक अभय मिश्रा है। दोनों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जिला चेयरमैन सुभाष अग्रवाल, जिला महामंत्री आनंद मोहन वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, राजीव पुरवार, प्रीति गुप्ता, श्रद्धा दुबे, अर्चना द्विवेदी, कल्लू गुप्ता, नीरज गुप्ताए, ग्राम प्रधान राम लड़ैते, मुकेश बाथम, संजय आदि मौजूद रहे।



रोड पर बस सेवा शुरु होने पर स्वागत करते व्यापारी

# फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल की नगर कमेटी घोषित

**पदाधिकारियों का पटुका व माला पहनाकर हुआ स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक सेठ गली जोगराज स्थित एक रेस्टोरेंट पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने की। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अजय महरोत्रा ने नगर कमेटी का विस्तार किया।

उन्होंने ने अपनी नगर कमेटी में उपाध्यक्ष मुकेश दीक्षित, सुंदर सिंधी, श्याम गुप्ता, कमल बाजपेयी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि चौहान को बनाया। नगर महामंत्री राजू भारद्वाज बने। कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता व आशीष अग्रवाल को बनाया। गौरव मिश्रा सलाहकार बने।



नगर कमेटी विस्तार करते व्यापारी

मंत्री हरकिशन गवरानी बने। कुलभूषण श्रीवास्तव को साहबगंज चौराहा का अध्यक्ष, कार्तिकेय तिवारी को सेठ गली अध्यक्ष बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा व अनूप गुप्ता, जिला प्रवक्ता लाखन सिंह एवं नगर अध्यक्ष अजय महरोत्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर संरक्षक चन्द्रप्रकाश दीक्षित, मकशूर अंसारी, संजू नेता, मनोज दीक्षित, प्रभात कुमार शाक्य, सुशील कुमार गिहार, पवन गुप्ता, योगेश गुप्ता, संजीव तिवारी, अमित मिश्रा, देवेश सक्सेना, आशीष पाल, संजीव वर्मा, अशोक यादव, दीपक, शरद गुप्ता, संजय गुप्ता, मुकेश दीक्षित, अनुभव सारस्वत, कमल बाजपेयी, विजय वर्मा, गुरुदेव राजपूत, राजवीर राजपूत, उमेश चन्द्र, कौशल, विशाल रस्तोगी, धर्मेन्द्र यादव, संजीव यादव, श्याम जी, अभिषेक बाजपेयी, गोपाल सिंह राठौर, अर्पित अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।

# एजुकेशनल मूवमेंट सोसायटी के वार्षिक समारोह में मेधावी हुए सम्मानित

**ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है: डॉ. फरहत खान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एजुकेशनल मूवमेंट सोसायटी द्वारा वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के आयकर आयुक्त डा0 फरहत खान ने कहा कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है।

हमें इस बदलते परिवेश के लिए अपने आपको तैयार रखना होगा। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ0 मुन्तहा खान ने कहा कि आपकी सफलता में आपकी मेहनत के साथ-साथ आपकी मां-बाप की दुआओं का भी महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए सदैव अपने मां बाप की इज्ज़त करना चाहिए। बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित मुस्लिम छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में 300 से अधिक छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक नम्बर हासिल किए। तथा इसके साथ विभिन्न बोर्डो के जनपद टापर व जनपद में नीट परीक्षा में टापर को भी सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते छात्र-छात्रायें

सम्मानित किए गए टापरो में सीबीएसई कक्षा 10 से ऐमन अली, कक्षा 12 से माहिम अनीस, उत्तर प्रदेश बोर्ड से कक्षा 10 में आमना बानों, कक्षा 12 में टूबा, आईसीएसई से कक्षा 10 में आयशा खान, कक्षा 12 में इमाद हुसैन को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। सभी बोर्ड के जिला टापर जिसमें में भावना पटेल, अर्पित कुमार, अर्जुन सोमवंशी, आर्यन गुप्ता, अक्षरा रस्तोगी व तमन्ना पांडेय को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए छात्र छात्राओं में 175 छात्राएं व 125 छात्र सम्मिलित थे।

कार्यक्रम में बच्चों को अपनी आगामी पढ़ाई व प्रयोगात्मक परिक्षाओं के बारे में बताया गया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राजकुमार सिंह, जवाहर सिंह गंगवार, राममुरारी शुक्ल, एमएस सिद्दीकी, अनीस अहमद खां आदि ने विचार रखे। सोसायटी के अध्यक्ष ने बताया कि यह सोसायटी द्वारा 19वां कार्यक्रम है।

सोसायटी लगातार वर्ष 2003 से यह कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। संचालन सैय्यद रिजवान अली ने किया। इस अवसर पर नसर ख़ालिक़, असलम अब्बासी, खालिद रऊफ शमीम खान, जमील अहमद सिद्दीकी, अनवर जमाल सिद्दीकी, तसब्बर हुसैन, शाहिद हुसैन, सुहेल अहमद फारुकी, तौसीफ अली, खुर्शीद आलम, हसन अहमद सिद्दीकी, अंसार सिद्दीकी, जुबैर खान, इसरार अहमद, हिलाल अहमद, वासिद, मोहम्मद फैसल, विलाल, ज़ीशान अंसारी, मुबीन सिद्दीकी, राजेश यादव, सलीम खान, रुमान जावेद आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिला कुश्ती पुरुष एवं महिला टीम का चयन पांच अगस्त को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कुश्ती एसोसिएशन द्वारा आठ अगस्त से दस अगस्त तक अंडर-23 पुरुष एवं महिला यूपी स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन आगरा में होगा। प्रतिभागियों की आयु 23 वर्ष और उससे कम होनी चाहिए। वर्ष 2002 से 2006 के बीच जन्मे कुश्ती खिलाड़ी अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। जबकि 2007 में जन्मे खिलाड़ी 18 वर्ष चिकित्सा प्रमाण पत्र और माता-पिता की लिखित अनुमति के साथ भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला टीम का चयन पांच अगस्त मंगलवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में किया जायेगा। जिला टीम के चयन में भाग लेने वाले पुरुष एवं महिला खिलाड़ी कुश्ती एसोसिएशन के सचिव अरुण यादव से सम्पर्क कर सकते है। यह जानकारी जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार ने अध्यक्ष डा0 पल्लव सोमवंशी के हवाले से दी है।

# उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की फतेहगढ़ नगर कमेटी गठित

**नगर अध्यक्ष गीता सोमवंशी व महामंत्री माला चौधरी बनीं**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला की अध्यक्षता में दुर्गा कालोनी फतेहगढ़ निवासी ऊषा सोमवंशी के निवास पर बैठक सम्पन्न हुई। साथ ही फतेहगढ़ मण्डल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सोनी शुक्ला ने फतेहगढ़ मण्डल नगर अध्यक्ष गीता सोमवंशी को बनाया और महामंत्री की जिम्मेदारी माला चौधरी को सौंपी।

प्रवक्ता रमला राठौर को बनाया गया। संरक्षक बिटाना चौहान बनी।



बैठक में मौजूद महिला व्यापारी

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस मौके पर जिला महामंत्री हेमलता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नेहा मिश्रा, रेनू कठेरिया, नीलम राठौर, गायत्री वर्मा, ऊषा सोमवंशी, बीनू भदौरिया को महिला मोर्चा व्यापार मण्डल में शामिल किया गया और मनोनयन पत्र वितरित किये गये। सोनी शुक्ला ने कहा कि सभी बहनें व्यापार मण्डल के कार्यक्रमों में शामिल होकर संगठन को मजबूत करेगी। किसी बहन पदाधिकारी का उत्पीड़न हुआ तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और व्यापार मण्डल हमेशा उनके साथ है।

# भाविप सहयोग शाखा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का हुआ आयोजन

**पुरुष व महिलाओं के बीच हुई प्रतियोगितायें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वावधान में मसेनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में हरियाली तीज का पर्व बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया।

राजेश शुक्ल, संजीव वर्मा, आशीष शुक्ला ने लोकगीत व भजन का गायन किया। संचालन आशीष शुक्ला व संजय दुबे ने किया। महिलाओं ने हरे परिधान व पुरुषों ने भारतीय परंपरा के अनुसार पजामा कुर्ता व धोती कुर्ता में कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ0 आर के गुप्ता, डॉ0 सुरेश चंद्र गुप्ता, केके पाठक ने अपने संबोधन में भारतीय परंपरा को पुलकित व पल्लवित करने के लिए सहयोग शाखा के पदाधिकारियों कार्यक्रम संयोजकों की भूरि भूरि प्रशंसा की। अध्यक्ष रीता दुबे ने सभी प्रतिभागी बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा विभिन्न शाखोंओं से आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

कार्यक्रम में सावन के गीत और भजन शाखा के सदस्यों द्वारा बहुत ही मनोहर ढंग से प्रस्तुत किए गए। साथ ही उपहार देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं और पुरुषों के कई खेल के आयोजन किए गए। जिसका संचालन आशा देवी वर्मा ने किया। अध्यक्ष रीता दुबे ने कहा भारतीय परंपरा के अनुसार हमें जीवन जीने की आवश्यकता है, हमें सादगी, सामूहिकता के साथ नई व पुरानी परंपरा को लेकर दोनों को एक साथ चलने की आवश्यकता है। आधुनिकता की होड़ में पुरानी परंपराओं को ना भुलाया जाए। इस अवसर पर अनीता पाठक, अजय शंकर तिवारी, अनिल प्रताप सिंह, अनूप पांडे, सुनील कुमार वर्मा, डॉ0 संतोष पाठक, जयंत दीक्षित, राम कुमार वर्मा, निवेदिता अस्थान, संगीता कटियार, शिप्रा मिश्रा, अवधेश कुमार दुबे, नीना पाठक, सुनीता पुरवार, आशा देवी वर्मा, मंजूश्री, विजय कुमार वर्मा, जितेन्द्र सिंह, संजय कटियार, अनिल कुमार गंगवार, अवधेश कुमार दुबे, डॉ0 श्याम वर्मा, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच की जंबो कमेटी घोषित

**जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह व महिला जिलाध्यक्ष डॉ. निधि मिश्रा बनीं**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को फतेहगढ़ स्थित एक गेस्ट हाउस में अंतराष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच द्वारा एक बैठक का आयोजन हुआ। मंचासीन संरक्षक महंत ब्रह्मचारी ईश्वर दास महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद एवं संस्थापक/सचिवए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीति तिवारी एवं कोर कमेटी के सदस्य आलोक भारती के द्वारा नवनियुक्त सदस्यों को दायित्व ग्रहण कराया गया।




बैठक में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

अंतराष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामवीर चौहान व महानगर अध्यक्ष अनिल तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डा0 निधि मिश्रा को दायित्व सौंपा गया और उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

रामवीर सिंह चौहान ने अपनी जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष अंबिका प्रसाद त्रिवेदी, विजय सिंह सोमवंशी, अभिषेक मिश्रा, रिंकल बाजपेई, पवन दुबे, संजीव गिहार को बनाया है। जिला महामंत्र संजय गर्ग, पंकज पाल, अतुल शंकर दुबे बने। जिला कोषाध्यक्ष अरविन्द भदौरिया को बनाया है। जिला मंत्री अक्षय दीक्षित, करुणा शंकर मिश्रा, दीपू दीक्षित, कन्हैया चतुर्वेदी, टिन्कू भदौरिया, रुबी कश्यप को बनाया गया है। जिला मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता बने। सोशल मीडिया प्रभारी दिव्यांशु गुप्ता को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आभार बबिता पाठक व रामवीर चौहान ने ज्ञापित किया। संचालन राजीव बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर मेजर अभिषेक, शिवम राजपूत, रितेश प्रजापति, शिवम दुबे, लाल जी मिश्रा, गौरव सक्सेना, शीला तिवारी, श्वेता तिवारी, आरती मिश्रा, साधना पाल, आशीष मिश्रा, रामविलास, राघवेंद्र सिंह रामू, कौशलेंद्र सिंह, अशोक यादव, कमल शाक्य, हर्षित मिश्रा, गोलू प्रजापति, रवि मिश्रा, किशन बॉथम आदि उपस्थित रहे।

# लिंजीगंज-मन्नीगंज कमेटी का हुआ गठन

**भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल में नये चेहरों को मिली तरजीह**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने लिंजीगंज-मन्नीगंज प्रतिनिधि मण्डल की कमेटी का गठन किया। जिसमें अशोक कनौजिया, रिजवान, श्रीकृष्ण गुप्ता, रामतीरथ गुप्ता को एवं प्रमोद गुप्ता को संरक्षक बनाया गया।

अध्यक्ष अरुण गुप्ता, उपाध्यक्ष अमन वर्मा, आमोद गुप्ता, सुधीर अग्निहोत्री को बनाया गया। महामंत्री आशीष वर्मा बने। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजू गुप्ता को मिली। संगठन मंत्री राहुल गुप्ता को बनाया गया। मंत्री विजय सक्सेना, रमन सक्सेना, अंकित गुप्ता, शैलेश वर्मा, आशीष गुप्ता, राजेश वर्मा, अमित गुप्ता, शिवम कुशवाहा, शिवम गुप्ता, अजीत शर्मा, जितेन्द्र सागर, सुनील राठौर, अनुज गुप्ता, दीपक सक्सेना को बनाया गया। सदस्य कन्हैया कुशवाह, अंकित कनौजिया, पंकज गुप्ता, नितिन गुप्ता बने। इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, आनंद मोहन वर्मा, जितेन्द्र अग्रवाल, अशोक कनौजिया, अर्चना द्विवेदी, श्रद्धा दुबे, पूर्ण प्रकाश शुक्ला, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

# पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के साथ भण्डारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल व खाटू श्याम बालाजी ग्रुप द्वारा हुआ आयोजन**

भारतीय उद्योग नगर व्यापार मंडल व खाटू श्याम बालाजी ग्रुप द्वारा पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक व भण्डारे का आयोजन हुआ। देर शाम तक पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में चले रुद्राभिषेक ने नगर के व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि सावन माह में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने से संकट समाप्त होते है और मनोकानायें पूर्ण होती है।

बड़ी संख्या में भक्तगणों ने शामिल होकर रुद्राभिषेक में भाग लिया और देर शाम तक भण्डारे का आयोजन हुआ। सब्जी-पूड़ी, चावल आदि का प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया।



भण्डारे में मौजूद भक्तगण

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकित कुमार गुप्ता बालाजी श्याम प्रेमी व महामंत्री सत्येन्द्र गुप्त सीतू ने व्यवस्था देखी।

इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, अभिषेक वर्मा, गौरव गुप्ता, विजय सक्सेना, प्रवेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, अमित गुप्ता, अनिल गुप्ता, राहुल गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, पंकज गुप्ता, सुशील वर्मा, अर्पित गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुबोध गुप्ता, मुकेश सारस्वत, कन्हैया लाल गुप्ता, राम आसरे गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, कमल किशोर गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मंगल राठौर, सुनील गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, पंकज गुप्ता, अजीत गुप्ता, रवि गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, दीपक गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी बीबीगंज केंद्र पर रक्षाबंधन कार्यक्रम सम्पन्न

**हमारी आत्मा ही सर्व गुणों एवं शक्तियों का अनूठा भण्डार : सुमनलता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केन्द्र सर्चलाईट भवन बीबीगंज में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश की पत्नी सुमनलता व ईश्वरदास महाराज एवं अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, सुरेश चन्द्र गोयल व केंद्र संचालिका बीके मंजू बहन मंचासीन रही। संचालन भारती मिश्रा ने किया।

अतिथियों का बैज व तिलक लगाकर बी0के0 नीलम, पूनम, मिथलेश, अनीता, श्यामा बहन ने स्वागत किया गया। वैष्णवी मेहरोत्रा ने शब्दो से स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुमनलता ने कहा कि हमारी आत्मा ही सर्व गुणों एवं शक्तियों का अनूठा भण्डार है। हम सभी का उद्गम स्थल परमात्मा का घर ही है, एवं हम उनके बच्चे आत्मा इस देह में विराजमान है। यदि हम उन्हे सच्ची लगन मन से याद करेगें तो उनकी शक्ति को अपने में पाएगें। ईश्वरदास महाराज ने कहा कि हम इस पर्व में रक्षासूत्र बधवाने के वाद कागज के टुकड़े नहीं दे, बल्कि मात्र-शक्ति की रक्षा का वचन दे, तब ही यह पर्व सार्थक होगा। स्त्री की तीनों ही अवस्था, पूज्यनीय या बंदनीय है। बी0के0 मंजू बहन ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि रक्षाबन्धन बंधन नहीं पूर्ण संबंध को इंगित करता है। पवित्रता के इस पावन पर्व का इतिहास और उसको समझने वाले भाव दोनों बदल गए है। अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि यह ऐसा केन्द्र है, जिसमें मैने ईश्वरीय सुख का अनुभव किया। संसार का हर एक ज्ञान उस ज्ञान से तुच्छ है जो प्रथम गुरू माता पिता से मिलता है। माता पिता ही विश्व की प्राथमिक पाठशाला होते है। हम ईश्वर की संतान आपस में भाई - भाई अथवा भाई बहन है इस स्मृति को याद दिलाने वाला यह पर्व महान पर्व है। भारती मिश्रा ने कहा कि संसार की सबसे अनमोल वस्तु बोल है। इस अवसर पर रोहित गोयल, कुसुमलता, रेखा शाक्य, उमेश यादव, धर्मेन्द्र राठौर, ध्रुव कुमार, नरेन्द्र गुप्ता, केके गुप्ता, अनिल कुमार, श्यामा शाक्य, संतोष आदि मौजूद रहे।



सर्च लाइट भवन में मौजूद लोग

## सूचना

मेरे बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में नाम त्रुटिवश जुबैर खान दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 जुबैर खान दर्ज है, जो सही है। मेरे बैंक खाते में मेरा सही नाम मो0 जुबैर खान दर्ज किया जाये।

**मो0 जुबैर खान पुत्र इरशाद खां निवासी इमाम बाड़ा तलैया लेन, पुराना जिला अस्पताल, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।**

# छह घंटे की मूसलाधार बारिश में जनजीवन अस्त-व्यस्त

▸ सड़कों पर बह रहा पानी, अवागमन पूरी तरह से बंद

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



राजगढ़ क्षेत्र में मौसम विभाग ने मिर्जापुर में 2 दिन भीषण बारिश का अनुमान दिया है। जिसमें रात की करीब 12 बजे के आसपास मूसलाधार बारिश होने से खेतों के अलावा नदी, नाला, तालाब और जंगलों में चारों तरफ पानी सड़कों पर पानी ऊपर से चल रहा है। चुनार राजगढ़ मार्ग पर सेमरी में सड़क के ऊपर पानी का भारी दबाव आवागमन हुआ बंद। राजगढ़ थाना प्रभारी रणविजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों के सहयोग से सड़क पर बाहर पानी को देखते हुए आगमन को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और स्थानीय लोगों से अपील की जारी है कि पानी का बहाव तेज है आगमन ना करें। धनसीरिया मे बकहर नदी, नदिहार मे बहकर नदी, बिसुनपुरा मे बकहर नदी कुड़ी मे बकहर नदी में मूसलाधार पानी ने तांडव मचा दिया है चारों तरफ पानी का रौद्र रूप ग्रामीण भी सहमे हुए हैं। अगर इसी तरह बारिश होती रही तो ग्रामीणों के घरों में पानी धीरे-धीरे घुसना चालू हो गया है। जीधर देखे उधर पानी का रौद्र रूप दिख रहा है।

## बाढ़ चौकी खैरा पर नदारत रहे कर्मचारी, चुनार क्षेत्र बाढ़ से कई गांवों का राजमार्ग 74 से टूटा संपर्क




**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों गंगा बाढ़ का कहर जारी है। लगातार बढ़ रहे गंगा का जल स्तर से जहां किसानों कि खेती पूरी तरह से जलमग्न हो कर बर्बाद हो गई और इसके साथ पशुओं के लिए चारे कि संकट पैदा हो गया। खेती के बाद अब गांवों मोहल्लों के पास बाढ़ का पानी पहुंचने लगा है, जिससे गांव में जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया। विकास खंड सीखड़ व नरायनपुर के दो दर्जन से अधिक गांव गंगा बाढ़ से पूरी तरह घिर गया है। सीखड़ क्षेत्र में हासीपुर, गौरैया, घमही, रामगढ़, धन्नुपुर, पसियाही, विदापुर, पिपराही, खैरा आदि मार्ग पर पानी भरने से जहां आपस में संपर्क अवरुद्ध हो गया है। वहीं राजमार्ग 74 से भी इन गांवों का संपर्क टूट गया है। जिससे यहां पर ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। धन्नुपुर के ग्रामीणों ने बताया कि अभी यहां पर नाव कि कोई व्यवस्था नहीं होने से लोग अपनी जान जोखिम में डाल कर कमर भर से ऊपर पानी से होकर जा रहे है। यहां ग्रामीणों को बाजार आदि आने जाने के लिए भारी समस्या हो रही। चुनार नगर के पक्का पूल से रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग के बालूघाट किला मोड़ के बीच कीर्ति राम बिंद के दुकान के सामने सड़क पर पानी भरने से मार्ग प्रभावित हो गया है। चुनार तहसील से जलालपुर माफ़ी,नकहरा, रयपुरिया, बगही, गांगपुर, समसपुर आदि गांवों के संपर्क मार्ग पर बाढ़ का पानी होने से यहां मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यहां पर लोग रोज मर्रा का सामान लेने के लिए नाव से बाजार आ जा रहे हैं।

## अदवा नदी में चौदह हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में शनिवार की रात्रि से हो रही बारिश के कारण अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने पर अदवा बांध के छह गेट खोलकर अदवा नदी में 14000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जिससे अदवा नदी का जलस्तर बढ़ गया है और पानी अदवा नदी के पुल के समीप पहुंच गया है। अदवा नदी का जलस्तर बढ़ जाने से नदी में पानी का तेज बहाव हो रहा है। मौजूदा समय में अदवा बांध का 191 मीटर पानी है। अदवा बांध का जलस्तर मेंटेन होने के बाद बांध का गेट बंद किया जायेगा। अदवा नदी के समीप बने घरों के समीप अदवा बांध का पानी पहुंच गया है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता सिरसी बांध प्रखंड रमाशंकर राजपूत ने बताया कि अदवा बांध का जलस्तर बढ़ जाने अदवा बांध का छह गेट खोलकर अदवा नदी में चौदह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध का लेवल मेंटेन होने पर गेट बंद किया जायेगा।

# केंद्रीय मंत्री ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया भ्रमण



▸ प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक राज्यमंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने बाढ़ प्रभावित ग्राम बेला व अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नारायनपुर ब्लाक के गांवों का दौरा कर गंगा नदी से प्रभावित बाढ़ क्षेत्रों को देखा व स्थानीय बाढ़ पीड़ित लोगों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने बाढ़ आपदा से बचाव के लिए उपस्थित जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में केंद्रीय मंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है जलस्तर में वृद्धि हुई है।

पानी बढ़ने के कारण कई गांवों का मेरे द्वारा भ्रमण किया गया है जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसलिए सभी व्यवस्थाएं मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आवागमन हेतु नाव, पानी निकालने के बाद कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फसलों का सर्वे कराकर क्षति हुई फसलों का उचित मुआवजा प्रदान कराने आदि का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा लोगों के खाने-पीने के साथ ही महिलाओं, पुरुषों के रहने की व्यवस्था का निरीक्षण कर उनके लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही हैं। इस दौरान राम लौटन बिंद, मेघनाथ पटेल, हरिशंकर सिंह पटेल, दिव्यांशु पटेल उर्फ दीपू पटेल, अनिल सिंह आदि उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### पानी में डूबने से दो छात्रों की मौत

**कछवां (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र में पानी में डूबने से दो की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रितम पुत्र जितेन्दर निवासी बजहां थाना कछवां व गणेश पुत्र रामसागर निवासी प्रेम का पुरा थाना कछवां गांव से करीब एक किलोमीटर दूर एक जगह पानी इकट्ठा था जहां दोनो नहा रहे थे। इसी दौरान दोनो गडढे में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनो इण्टरमीडिएट के छात्र थे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### इफको केंद्र पर युरिया खाद को लेकर बढ़ी मारा-मारी, किसान परेशान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत परतावल में यूरिया की भारी किल्लत ने किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीते शुक्रवार की रात से ही परतावल इफको केंद्र पर सैकड़ों महिला पुरुष यूरिया के लिए लाइन लगाएं रहे। रात एक बजे से ही कतार में लगकर किसान खाद का इंतजार किया, लेकिन सुबह तक अधिकांश किसानों को खाद नहीं मिल सका। ग्रामीण किसान अजय, रामदवन सिंह, राकेश सिंह, बेचन त्रिपाठी, काजल, निर्मला, विमला, सोनिया, सीमा गुप्ता, बरफी, मैना, संगीता व छाया ने बताया कि वे घंटों लाइन में लगे रहे, लेकिन निराश होकर खाली हाथ लौटना पड़ा। किसानों ने बताया कि समय पर खाद न मिलने से धान की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है अगर समय से खाद नहीं मिला तो पैदावार घट जाएगी। किसानों ने आरोप लगाया है कि शनिवार को जितना खाद आया और बांटा गया वह पर्याप्त नहीं था। यूरिया की आपूर्ति न तो पर्याप्त मात्रा में हो रही है और न ही समय पर, मिल रहा है इससे साबित होता है कि बिचौलियों की सक्रियता और कालाबाजारी की बढ़ गई है। इफको केंद्र प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि केंद्र पर 500 बोरी यूरिया आई थी, जिसे एक बीघा पर एक बोरी के मानक से वितरित किया गया। इसके बावजूद सैकड़ों किसान बिना खाद के लौट गए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा और भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा। किसानों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी ऐसी भारी किल्लत नहीं देखी।

### झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर लौटी खुशी

▸ भीषण गर्मी से जनजीवन ने लिया राहत की सांस
▸ अपने बच्चों के भोजन को लेकर व खेती के प्रति हुए गाढी कमाई के खर्च से चिंतित रह रहे किसान मुस्कुरा उठे हैं



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** इन्द्र भगवान की कृपा आज रविवार को इस कदर हुई कि झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी लौटी। वहीं भीषण गर्मी से रात दिन परेशान रह रहे लोगों ने राहत की सांस ली। आज रविवार सुबह से गरज तड़क के साथ हुएं झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बरसात होने से खाद,दवा खरीदने को लेकर दुकानों की ओर किसान रुख कर लिया है। श्रावण मास शिव का महिना होता है लेकिन बरसात न होने से किसान आसमान निहार रहे थे। वहीं तेज़ धूप से बढी गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। जैसे ही आज रविवार को भगवान इन्द्र की कृपा हुई है सुबह से झमाझम बरसात शुरू होते ही किसानों के चेहरे खिल उठे हैं उनके सूख रहे धान की फसलों को संजीवनी मिल गई है। धान के साथ सूख रहे किसान धान के फसल के साथ साथ किसान भी हरे भरे हो खुशी का इजहार कर रहे हैं। आज सावन के 23वें दिन मूसलाधार बारिश हो जाने से फरेंदा ,धानी वृजमनगंज पुरन्दरपुर, भैया फरेंदा ,कोल्हुई बहादुरी, नौतनवां तहसील व महराजगंज सदर के किसानों की उम्मीद जाग उठी है।अब तक अपने बच्चों के भोजन को लेकर और गाढी कमाईं के हुए खर्च से चिंतित किसान हूए झमाझम बारिश से मुस्करा उठें है।

# सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखना सराहनीय : नीलम देवी

▸ पावस महिला काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन
▸ कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया : डॉ. उषा कनक




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की जयंती पर हिंदी श्री साहित्य संस्थान के तत्वावधान में अनगढ़ स्थिति एक हाल में पावस महिला काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित साहित्यकार डॉ उषा कनक पाठक रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गाजीपुर से आयी हिंदी श्री की संरक्षक नीलम देवी ने किया। संचालन कवयित्री व लेखिका सृष्टि राज ने किया। मुख्य अतिथि व अध्यक्ष ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति वंदना गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि डॉ उषा कनक पाठक ने अपने वक्तव्य में कहा कि पावस काव्य गोष्ठी में आकर प्रसन्नता हुई। कार्यक्रम उच्चकोटी का था। कजरी मिर्जापुर की पहचान है और विशेष रूप से सावन में गाई जाती है। मुख्य अतिथि ने सुनाया कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया। अध्यक्षता कर रही नीलम देवी ने कहा कि सावन माह धार्मिक और प्राकृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। ऐसे में पावस महिला काव्य गोष्ठी के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखना सराहनीय है। नंदिनी वर्मा ने सुनाया चला देखी आई सावन के मेला सखी। बड़ा मन करेला सखी। इला जायसवाल ने सुनाया हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया, कि झूले राधा रनिया ए हरी। कल्पना गुप्ता ने सुनाया बहुतय दर्द होला कृष्ण कन्हैया, कलाई जिन मरोड़ा हे बनवारी। कार्यक्रम में सुमन, सावित्री कुमारी, अमिका सिंह, दिव्या सिंह, उर्मिला, साधना पाठक, मोहिनी, तान्या कुलश्रेष्ठ, नुसरत जमाल, पूनम सिंह, पूनम, प्रीति सोनकर, चंदा देवी, साधना वर्मा ने कजरी गीत सुनाया। कार्यक्रम के अंत में सावित्री कुमारी ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

# जन आरोग्य मेला का 174 मरीजों ने उठाया लाभ



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 174 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर रविराज कि देखरेख में आयोजित किया गया। मेला में कुल 45 मरीजों का उपचार किया गया।

इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 31 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 36 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 33 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया जंहा पर कुल 29 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 174 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का भ्रमण कर किया निरीक्षण

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ मोटरबोट से जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान डूब रहे व्यक्ति की स्वंय सहायता कर बचाई उसकी जान
▸ पानी निकल जाने के उपरान्त फसलो का सर्वे कराते हुए दिलाया जाए उचित मुआवजा : पवन कुमार गंगवार

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अजय कुमार सिंह के साथ तहसील चुनार के बाढ़ प्रभावित ग्राम बगहीं, बेला व नगर क्षेत्र के लाल दरवाजा आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम बेला पहुंचकर नाव से आने जाने वाले नागरिको से वार्ता तथा उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उप जिलाधिकारी चुनार द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि चुनार क्षेत्रान्तर्गत अभी तक 82 गांव बाढ़ प्रभावित, आबादी व फसल प्रभावित 02 गांव, फसल व आवागमन प्रभावित 41, केवल फसल प्रभावित ग्राम 39 तथा छोटी नाव-15, मझुली नाव 10, बड़ी 05 व मोटरबोट 18 लगाई गई हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यतानुसार नाव व मोटरबोट की संख्या बढ़ाई जाए ताकि बाढ़ प्रभावित ग्रामवासियों को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। उप जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मेड़िया गांव के लोगो को राहत शिविर केन्द्र में पहुंचा दिया गया हैं, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राहत शिविर में रूके बाढ़ प्रभावित लोगो के रहने, खाने व सोने आदि में किसी प्रकार की कोई समस्या न आए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि इन ग्राम पंचायतो में लौकी, नेनुआ, मूगफली की अधिक खेती की जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पानी निकल जाने के उपरान्त फसलो का सर्वे कराते हुए उचित मुआवजा दिलाया जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्वंय भी मोटरबोट से भ्रमण कर प्रभावित गांवो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति पानी में डूब रहा था जिस पर जिलाधिकारी की नजर उस व्यक्ति पर पड़ते ही तत्काल अपनी मोटरबोट को घुमाकर उसके पास ले जाकर उसे बचाया गया। जिलाधिकारी के व्यक्ति से पूछे जाने पर उसने अपना नाम ओम प्रकाश उम्र लगभग 52 वर्ष बताया। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से अपील की गई कि नाव व मोटरबोट का प्रयोग करे पानी ऐसे न जाए ऐसे पानी में जाने पर डूबने का खतरा बना रहता हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय बगही में बने बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां पर तैनात चिकित्सक परीक्षा होने कारण आज नहीं आए है जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल दूसरे चिकित्सक की तैनाती करने के साथ अवगत कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामों के ऐसे पशु जिनका अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है उनका टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बाढ़ चौ की पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंच पैकेट व राहत सामग्री आदि का वितरण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान रेशु पटेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

तत्पश्चात जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ बाढ़ प्रभावित गांव सगरा विन्ध्याचल, अकोढ़ी का निरीक्षण किया। सर्वप्रभम जिलाधिकारी, अध्यक्ष नगर पालिका श्याम सुन्दर केसरी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सगरा विन्ध्याचल का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों से वार्ता की गई उनके द्वारा नाव की संख्या बढ़ाने की बात कही गई जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल तहसीलदार को निर्देशित किया कि सगरा में नावों की संख्या बढ़ाई जिससे यहां लोगो को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो तथा राहत सामाग्री का भी वितरण कराएं। तदुपरान्त विकास खण्ड के छानबे के ग्राम अकोढ़ी ग्राम पंचायत पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि कोल बस्ती जाने वाले सम्पर्क मार्ग बाढ़ कट गया है, जिलाधिकारी ने स्वंय पुलिस अधीक्षक के साथ नाव से कोल बस्ती पहुंचकर निरीक्षण किया। वहां पर ग्रामीणों से वार्ता की व उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली, बताया गया कि कोल बस्ती में लगभग 45 घर हैं जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि पानी गांव के अन्दर आता है तो सभी ग्रामवासियों को सुरक्षित राहत शिविर केन्द्र पहुंचाया जाए तथा इनके रहने, खाने, सोने की उचित व्यवस्था की जाए। वहीं पर कुछ छोटे-छोटे बच्चों से जिलाधिकारी द्वारा वार्ता की गई उनसे स्कूल जाने के बारे में जानकारी ली गई बच्चों द्वारा बताया गया कि हम लोग प्रतिदिन स्कूल जाते है, जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि बाढ़ समाप्त होने के पश्चात बच्चों का दाखिला विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रो में कराएं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों को लंच पैकेट का वितरण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# कांवड़ियों का जत्था नेपाल से जल लेकर सिसवा पहुंचा

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



त्रिवेणी धाम नेपाल से हज़ारों कांवड़ियों का एक जत्था जल भरकर रविवार को सिसवा कस्बे में पहुंचा। कांवड़िए गाजे-बाजे व डीजे की धुन पर थिरकते हुए पहुंचे। बोल-बम के जयकारों से पूरा कस्बा शिवमय हो उठा है।

शनिवार को सिसवा कस्बा सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों से कांवड़ियों की अलग-अलग टोलियां नेपाल के त्रिवेणी धाम जल भरने गई थीं। रविवार को 65 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके कांवड़िए सिसवा कस्बे में लौटे।

कांवड़िए कस्बे के विभिन्न मंदिरों जैसे सिसवा खुर्द शिव मंदिर, वनशक्ति देवी स्थान, श्रीरामजानकी मंदिर, हनुमान गढ़ी, सायर देवी स्थान, संस्कृत पाठशाला और जायसवाल नगर शिव मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवार की भोर में वे हरपुर पकड़ी स्थित बउरहवा बाबा का जलाभिषेक करेंगे।

कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीएम निचलौल नंदप्रकाश मौर्य, सीओ अनुज सिंह, कोठीभार एसओ धर्मेंद्र सिंह और सिसवा चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज पुलिस टीम के साथ हर जगह मौजूद रहे। जनपद मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर घुघली-सिसवा मार्ग पर स्थित घिवहां उर्फ हरपुर पकडी गांव में बउरहवा बाबा मंदिर है। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी स्थान पर बउरहवा रूप धारण किया था और यहीं शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था।

जनश्रुतियों के अनुसार, एक घी के व्यापारी घृतवाह को संतान प्राप्ति के लिए बउरहवा बाबा का स्वप्न में दर्शन हुआ था। इसके बाद उसने जमीन से निकले शिवलिंग की खोज कर पूजा की। भगवान शिव के आशीर्वाद से उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। एक अन्य जनश्रुति के अनुसार, भगवान शिव और माता पार्वती काशीनगरी से हिमालय जाते समय इसी स्थान पर रुके थे। माता पार्वती के आग्रह पर भगवान शिव ने बउरहवा रूप धारण किया था। तभी से इस स्थान का नाम बउरहवा बाबा पड़ गया।

# गोरखपुर-सोनौली मुख्य मार्ग पर जलजमाव से राहगीर परेशान

▸ स्कूली बच्चों समेत राहगीरों को झेलनी पड़ रही है मुसीबत
▸ छात्रों की परेशानी बढ़ी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाईवे पर बसे मोहनापुर कस्बे में बारिश के बाद जलजमाव की समस्या ने स्थानीय नागरिकों का आवागमन बाधित कर दिया है । हल्की सी बारिश में ही मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जहां जलजमाव की सबसे गंभीर स्थिति बनी हुई है, वहीं पास में ही एक प्राथमिक विद्यालय स्थित है। जलभराव के कारण छोटे-छोटे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में भारी दिक्कत होती है।

कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर अभिभावकों ने नाराजगी जताई है और स्कूल प्रशासन भी चिंतित है।

### निर्माण कार्य अधूरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे कार्यदायी संस्था द्वारा नाली का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वह नाली भी शो पी साबित हो रही है। इसके कारण, बारिश का पानी सड़क पर ही इकट्ठा हो जाता है कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हो जाता है।

### बरसात होने से व्यापार भी होता है प्रभावित

मोहनापुर कस्बा कई गांवों का व्यापारिक केंद्र है। बाजार करने के लिए आसपास के ग्रामीण यहीं आते हैं, लेकिन जलजमाव के चलते दुकानदारों की बिक्री भी प्रभावित हो रही है। दुकानों के सामने जमा पानी के कारण ग्राहक ठहरना पसंद नहीं करते, जिससे स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### अस्थायी मरम्मत से नहीं चलेगा काम

लोगों ने मांग की है कि अब अस्थायी मरम्मत से काम नहीं चलेगा। वे चाहते हैं कि सड़क की ढलान को ठीक किया जाए, जल निकासी की पक्की व्यवस्था हो और नाली को कार्यशील बनाया जाए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि 卐हर साल यही हाल होता है। थोड़ी सी बारिश में रोड डूब जाती है। प्रशासन को अब स्थायी समाधान करना चाहिए।卐 बता दें कि कस्बे के लोग वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सरकारी लापरवाही और जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण मोहनापुर जलजमाव की समस्या से ग्रस्त होता जा रहा है।

# रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों पर लगे आरोप, जांच के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

रतनपुर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार और संविदा चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीराम वर्मा के खिलाफ शिकायत पर सीएमओ ने गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। इस मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. श्रीकांत शुक्ला ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया है।

रतनपुर निवासी तबारक अली ने दोनों चिकित्सकों पर चार अलग-अलग बिंदुओं पर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की जांच के लिए सीएमओ कार्यालय ने दो सदस्यीय समिति का गठन किया है। जांच समिति में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश कुमार और उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज लाल कन्नौजिया को शामिल किया गया है। सीएमओ कार्यालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि समिति को तीन कार्य दिवसों के भीतर सभी तथ्यों की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट देनी होगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि इस मामले में जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

# मार्ग दुर्घटना में दो घायल, रेफर

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा सेखुई निवासी एक महिला व एक पुरुष मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज कर हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा सेखुई निवासी गीता विश्वकर्मा पत्नी ध्रुव विश्वकर्मा उम्र लगभग 45 वर्ष तथा मोहम्मद यूनुस पुत्र मोहम्मद यूसुफ उम्र लगभग 40 वर्ष बाइक से फरेन्दा की तरफ आ रहे थे इसी दौरान चार पहिया वाहन से बाइक की भिड़ंत हो गई। उक्त दुर्घटना में बाइक सवार गीता विश्वकर्मा एवं मोहम्मद यूनुस गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज कर जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया।